दैनिक अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान से प्रसारित

उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि
// अगर आसमान वाले से आपके रिश्ते मजबूत हैं, तो जमीन वाले आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकते। \\

सुबल वाणी

ज्ञान जितना अधिक होगा, अहंकार उतना ही कम होगा और ज्ञान जितना कम होगा, अहंकार उतना अधिक होगा।

पाकिस्तान ने पिछली हार से नहीं लिया सबक : पीएम मोदी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

श्रीनगर, 26 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान को 'आतंकवाद का आका' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि पड़ोसी देश ने पिछली हार और गलतियों से कोई सबक नहीं सीखा है और वह 'आतंकवाद और छद्म युद्ध' की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। पीएम मोदी, द्रास में 25वें कारगिल विजय दिवस पर 1999 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अतीत में अपने सभी अनैतिक और शर्मनाक प्रयासों के लिए हार का सामना करना पड़ा है।

पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर में बढ़ते आतंकवादी हमलों का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि वह (पाकिस्तान) अतीत में हमेशा विफल रहा है लेकिन उसने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा है। वह आतंकवाद और छद्म युद्ध की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। आज जब मैं ऐसी जगह से बोल रहा हूं, जहां आतंक के आका मेरी आवाज सीधे सुन सकते हैं, तो मैं आतंकवाद के इन संरक्षकों को बताना चाहता हूं कि उनके नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे। हमारे बहादुर जवान पूरी ताकत से आतंकवाद को कुचल देंगे और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने 1999 के कारगिल युद्ध के बारे में कहा कि भारत ने न केवल युद्ध जीता, बल्कि 'सत्य, संयम और शक्ति' का अद्भुत उदाहरण भी दिया। उन्होंने कहा कि आप जानते हैं, भारत उस समय शांति की कोशिश कर रहा था और बदले में पाकिस्तान ने एक बार फिर अपना कुटिल चेहरा दिखाया लेकिन सत्य के सामने झूठ और आतंक की हार हुई।

जम्मू-कश्मीर एक नए भविष्य की बात कर रहा है

प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटाने के बारे में बोलते हुए कहा कि कुछ ही दिनों में, पांच अगस्त को अनुच्छेद 370 को समाप्त हुए पांच साल हो जाएंगे। जम्मू-कश्मीर एक नए भविष्य की बात कर रहा है, बड़े सपनों की बात कर रहा है। बुनियादी ढांचे के विकास के साथ-साथ लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में पर्यटन क्षेत्र भी तेजी से बढ़ रहा है।

सेना में अग्निपथ का लक्ष्य सेना को युवा और युद्ध के लिए फिट रखना

प्रधानमंत्री ने अग्निपथ योजना को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगी विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि सेना में अग्निपथ का लक्ष्य सेना को युवा और युद्ध के लिए फिट रखना है। कांग्रेस पर परोक्ष हमला करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग सोचते थे कि सेना का मतलब नेताओं को सलामी देना और परेड करना है, लेकिन हमारे लिए सेना का मतलब 140 करोड़ देशवासियों की आस्था है। पीएम मोदी ने कहा कि अग्निपथ का लक्ष्य सेना को युवा बनाये रखना है, सेना को लगातार युद्ध के लिए फिट रखना है। दुर्भाग्य से कुछ लोगों ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े ऐसे संवेदनशील मुद्दे को राजनीति का विषय बना दिया है। ये वही लोग हैं जिन्होंने हजारों करोड़ के घोटाले करके हमारी सेना को कमजोर किया। उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि ये वही लोग हैं, जो चाहते थे कि भारतीय वायुसेना को कभी आधुनिक लड़ाकू विमान न मिले। ये वही लोग हैं, जिन्होंने तेजस लड़ाकू विमान को खत्म करने की तैयारी कर ली थी। सच्चाई यह है कि अग्निपथ योजना देश को मजबूत करेगी।

शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री ने द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और 1999 में युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विश्व की सबसे ऊंची शिंकुन ला सुरंग परियोजना का पहला विस्फोट भी किया। कारगिल में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत के उपलक्ष्य में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस मनाया जा रहा है। गौरतलब है कि 1999 में, पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर नजर रखने के लिए नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास द्रास से बटालिक सेक्टर तक की चोटियों पर कब्जा कर लिया था। भारतीय सेना ने भारतीय वायु सेना के साथ मिलकर एक बड़ा अभियान चलाया और 74 दिन की लड़ाई के बाद सेना अपने क्षेत्र को वापस जीतने में कामयाब रही। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, कारगिल युद्ध के अंत में 527 भारतीय हताहत हुए थे। इस जीत के बाद से सेना 26 जुलाई को विजय दिवस के रूप में मनाती आ रही है, जिसका मुख्य समारोह द्रास में आयोजित किया जाता है।

न्यूज ब्रीफ

हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में मानसून सत्र बुलाने पर होगा फैसला

चंडीगढ़ (अप्रस)। हरियाणा मंत्रिमंडल ने पांच अगस्त को कैबिनेट की बैठक बुला ली है। इस बैठक में विधानसभा के मॉनसून सत्र की तारीख तय हो सकती है। हरियाणा के मुख्य सचिव ने शुक्रवार को इस बैठक को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। अक्टूबर में विधानसभा चुनाव हैं और सभी राजनीतिक दल फील्ड में अपनी-अपनी तैयारियों में जुटे हैं, इसलिए इस बार का मानसून सत्र काफी छोटा होने की संभावना है। मानसून सत्र में विपक्षी दल कांग्रेस और जजपा सत्तारूढ़ भाजपा पर बहुमत साबित करने का दबाव बना सकते हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक पांच अगस्त को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा सिविल सचिवालय में सुबह 11 बजे से होगी। मुख्यमंत्री कार्यालय और मुख्य सचिव कार्यालय ने इस बैठक की तैयारियां शुरू कर दी हैं। क्योंकि इसके तुरंत बाद 15 अगस्त का पर्व होगा और सरकार के लिए सबसे बड़ी परीक्षा की घड़ी विधानसभा का मानसून सत्र होगा। मंत्रिमंडल की मीटिंग का एजेंडा तैयार करने के लिए मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने शुक्रवार को राज्य के सभी प्रमुख प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर उन्हें आवश्यक हिदायतें जारी की।

पंजाब के राज्यपाल और यूटी के प्रशासक का सीएम भगवंत मान पर तंज

सीएम को मैं पसंद नहीं, इसलिए दिया था इस्तीफा : पुरोहित

कहा- मुझे किसी से वोट नहीं चाहिए, मैं कई बार चुनाव लड़कर जीता

अर्थ प्रकाश/ साजन शर्मा

चंडीगढ़, 26 जुलाई। पंजाब के गवर्नर बनवारी लाल पुरोहित ने मुख्यमंत्री भगवंत मान पर निशाना साधते हुए कहा है कि उन्हें (भगवंत मान) मेरा चांसलर बनना पसंद नहीं आया इसलिए मैंने इस्तीफा दिया था। मुझे किसी से वोट नहीं चाहिए, मैं तो निस्वार्थ भाव से यहां काम कर रहा हूं। मेरी सीधी बात प्रधानमंत्री या फिर होम मिनिस्टर से होती है। मेरे पास दिक्कतें लेकर आप, भाजपा और कांग्रेस के लोग भी पहुंचते हैं और मैं बिना भेदभाव सबकी बात सुनता हूं। उन्होंने कहा कि पंजाब के जो काम नहीं हुए वो काम करवाना मेरी जिम्मेदारी है। मैं पंजाब की सभी यूनिवर्सिटियों का चांसलर हूं। ये सीएम साहिब को पसंद नहीं आया, क्योंकि मैं किसी की रिकमेंडेशन पर काम नहीं करता। बनवारी लाल पुरोहित बीते तीन दिनों से बॉर्डर एरिया के दौरे पर थे। दौरा खत्म होने के बाद शुक्रवार को वह मीडिया से रुबरू थे।

बनवारी लाल पुरोहित ने घोषणा की कि पंजाब के जिस गांव में नशा खत्म होगा, उसे हम 3 लाख रुपए देंगे। ये पैसा गवर्नर फंड से दिया जाएगा। पुरोहित ने कहा कि पंजाब की 10 यूनिवर्सिटी ऐसी हैं, जहां रेगुलर वाइस चांसलर नहीं है। यूजीसी की गाइडलाइंस हैं कि यूनिवर्सिटी में अगर वाइस चांसलर नियुक्त करना है तो सर्च कमेटी बनाई जाए। मैं मैरिट पर चलता हूं। सारा प्रोसेस पूरा होने के बाद इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है और उसमें से ही सलेक्शन होती थी। बनवारी लाल पुरोहित ने घोषणा की कि पंजाब के जिस गांव में नशा खत्म होगा, उसे हम 3 लाख रुपए देंगे। ये पैसा गवर्नर फंड से दिया जाएगा। मैं जब बॉर्डर एरिया में जाता हूं तो मीटिंग करता हूं और गांव के लोगों से मिलता हूं। मैं एक गांव में गया, जहां कई महिलाएं भी आई थीं। ऐसे में लोगों प्रोत्साहित होंगे कि महिलाएं तक आगे आ रही हैं। तीन से चार हजार लोग हमारे साथ जुड़े हुए हैं, इससे हमें नशा खत्म करने में मदद मिलेगी। मैंने केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों और जिलों के पुलिस अधिकारियों को नशे को लेकर सख्त आदेश दिए हैं। उन्हें कहा गया है कि गांव के बीडीसी मेंबरों को बुलाकर खाना खिलाओ और उनके साथ उनके गांव की स्थिति पर बातचीत करो।

ये बिल लाई थी सरकार: पंजाब की आप सरकार 20-21 जून को विधानसभा का स्पेशल सेशन बुलाकर पंजाब यूनिवर्सिटी कानून संशोधन बिल 2023 लेकर आई थी लेकिन पिछले दिनों राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने इसे खारिज कर दिया था। विधानसभा से बिल पास होकर आया तो गवर्नर बनवारी लाल पुरोहित ने बिल को मंजूरी नहीं दी थी, जिसके बाद सरकार सुप्रीम कोर्ट चल गई। इसके बाद गवर्नर ने बिल राष्ट्रपति को भेज दिया। बिल के तहत राज्य की 12 स्टेट यूनिवर्सिटी के चांसलर की शक्ति गवर्नर से लेकर मुख्यमंत्री को दी थी।

राज्यपाल की घोषणाः पंजाब के जिस गांव में नशा खत्म होगा, उसे गवर्नर फंड से तीन लाख रुपए दिए जाएंगे

मेरे हाथ में कोई काम हो तो मैं उसे जरूर करता हूं

पुरोहित ने कहा कि लोगों ने हमसे कहा था कि सीसीटीवी लगवाए जाएं। हमने लोगों की राय के अनुसार कैमरे लगवाए। पंजाब में आने के बाद मैं कई बार बता चुका हूं कि मैं करीब 8 बार चुनाव लड़ा हूं और 5 बार चुनाव जीत चुका हूं। मेरी जीत का रिजल्ट 60 प्रतिशत है। हार से 'यादा जीत प्रतिशत है। हार में भी महज 2-3 प्रतिशत ही ऊपर नीचे रहा है। मैंने चुनाव न लड़ने का ऐलान किया था, तो मुझे गवर्नर बनाया गया जिसके बाद मैंने हां कर दी क्योंकि गवर्नर पद के लिए राजनीति का कोई काम नहीं है। मैं बतौर गवर्नर सबसे मिलता हूं, हर पार्टी से मिलता हूं। मेरे लायक जो भी काम होता है तो मैं उसे तुरंत कर देता हूं। फिलहाल मैं नशा रोकने की कोशिश कर रहा हूं, ऐसा इसलिए क्योंकि पिछले इतने सालों से ऐसा काम हम नहीं कर पाए।

अब हरियाणा में गरीबों का निजी लैब्स में भी होगा फ्री मेडिकल टेस्ट

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का बड़ा फैसला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 26 जुलाई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के गरीब लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने की दिशा में एक और जन हितैषी बड़ा फैसला लिया है। अब गरीब लोग सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ निजी लैब्स में भी मेडिकल टेस्ट मुफ्त करवा सकेंगे। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के लाखों लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा।

एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के संज्ञान में आया है कि सिविल अस्पतालों में उपचार के लिए आने वाले गरीब मरीजों को कई बार विभिन्न कारणों से डायग्नोस्टिक सेवाएं नहीं मिल पाती। इसलिए विभाग द्वारा सभी सीएमओ को निर्देश जारी किए गए हैं कि जिले में उपलब्ध मौजूदा संसाधनों को युक्तिसंगत बनाया जाए और आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय निजी प्रयोगशालाओं और रेडियोलॉजिकल केंद्रों को एंपेनलड किया जाए, ताकि सभी लाभार्थियों को डायग्नॉस्टिक सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

उन्होंने बताया कि अब लाभार्थी सरकारी डॉक्टर/सीएमओ के प्रिस्क्रिप्शन पर एंपेनेल्ड लैब पर टेस्ट करा सकेंगे। सरकार द्वारा सिविल अस्पताल को दिए जाने वाले फंड से उन टैस्ट का भुगतान किया जाएगा।

बजा बिगुल



विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने भरी हुंकार

हरियाणा के नेताओं ने प्रदेश को लूटने के अलावा कुछ नहीं किया: सीएम मान

कहा- हमने जीजा, भतीजों को नौकरी नहीं दी, 17 टोल बंद किए, जनता का पैसा बचाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

बरवाला/डबवाली। आम आदमी पार्टी विधानसभा चुनाव को लेकर जोर शोर से चुनावी मैदान में उतर चुकी है। शुक्रवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान में हरियाणा में बरवाला और डबवाली से बदलाव जनसंवाद रैली की। आम आदमी पार्टी अगले 15 दिन हरियाणा में 45 रैलियां करेगी। इस मौके पर सीएम भगवंत मान ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी को एक मौका दो, पूरे प्रदेश की तस्वीर बदल जाएगी। भगवंत मान ने कहा कि पंजाब और दिल्ली में जिस तरह काम हुआ है ऐसा काम हरियाणा में भी करके दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि यहां के नेताओं ने प्रदेश को लूटने के अलावा कुछ नहीं किया। नेताओं ने यहां जीजा और भतीजों को नौकरी दी, मगर पंजाब में गरीब आदमी का बेटा सरकारी अफसर बना है। भगवंत मान ने केजरीवाल को हिसार और हरियाणा का बेटा बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने जान-बूझकर केजरीवाल को जेल में बंद किया है। मगर वह आज भी हरियाणा, पंजाब और दिल्ली के बारे में सोचते हैं। मान ने कहा कि हरियाणा में कई साल हो गए जब कांग्रेस, भाजपा और अन्य पार्टियां राज कर रही है। मान ने कहा कि हरियाणा को सबने लूटा है। उन्होंने कहा कि, अगर कोई बीमारी किसी डॉक्टर से ठीक ना हो रही हो तो डॉक्टर बदल लेना चाहिए। इस बार आप बदलाव के लिए बाहर निकले हैं। रैली में हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद सुशील गुप्ता, पार्टी नेता अनुराग ढांडा सहित अन्य नेता शामिल हुए।

हरियाणा और पंजाब एक जैसे

भगवंत मान ने कहा कि हरियाणा- पंजाब में कोई कमी नहीं है। दोनों की जमीन उपजाऊ है। कौम हमारी मेहनती है। भगवान ने हमें सब कुछ दिया है। मगर सच्ची व अच्छी नीयत वाले नेता नहीं मिले। जितने भी नेता आए सबने अपने घर को देखा। सबने अपने भतीजे, साले और जीजा देखे। इसको बदलना चाहते हैं साउथ में दिल्ली और उत्तर में पंजाब है। फोन करके पूछ पंजाब में रिश्तेदार से पूछ लो, पंजाब में किस तरह हमने बदलाव किए हैं। हमने 43000 नौकरी दो साल में दी है। एक रुपया रिश्वत नहीं ली।

हरियाणा में पंजाब की तरह जीरो आएगा बिल: मान ने कहा कि जब से पंजाब में आप की सरकार बनी दी थी, हमने गारंटी दी थी कि 24 घंटे बिजली आएगी मगर बिल नहीं आएगा। 16 मार्च 2022 को सरकार आई और 2 महीने बाद ही हमने फैसला कर दिया। आज 2 साल हो गए 90 प्रतिशत घरों में बिजली बिल माफ है। 600 यूनिट तक बिजली माफ कर दी है। बिजली माफ के लिए हमने पीले और हरे कार्ड नहीं देखे, सबकी बिजली माफ की। शेष पेज-2 पर

मुख्य सचिव ने दोबारा की डायरिया के मामलों की समीक्षा, मुख्यमंत्री के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के दिए निर्देश

हर प्रदेशवासी की स्वास्थ्य जिम्मेदारी सरकार की, ढिलाई नहीं होगी बर्दाश्त: अनुराग वर्मा

पातड़ां के कार्यकारी अधिकारी, जेई, सैनेटरी और चीफ सैनेटरी इंस्पेक्टर को चार्जशीट जारी

कोई भी नया सैंपल फेल होने पर जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

ये रहे बैठक में मौजूद

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव स्थानीय सरकारें डी.के. तिवारी, प्रमुख सचिव जल आपूर्ति और सैनिटेशन नीलकंठ एस अवहाड, स्वास्थ्य प्रबंधकी सचिव प्रियांक भारती, स्वास्थ्य सचिव डॉ. अभिनव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंजाब जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड मालविंदर सिंह जग्गी और स्थानीय सरकारों के निदेशक उमा शंकर गुप्ता के अलावा डिप्टी कमिश्नरों, नगर निगम कमिश्नर, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (शहरी विकास), सिविल सर्जन, म्युनिसिपैलिटीज के कार्यकारी अधिकारी उपस्थित थे।

चंडीगढ़, 26 जुलाई। राज्य के कुछ कस्बों में डायरिया के फैलाव को रोकने और तुरंत आवश्यक कदम उठाने के संबंध में मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान द्वारा दिए गए निर्देशों के चलते मुख्य सचिव अनुराग वर्मा ने शुक्रवार को राज्य के सभी डिप्टी कमिश्नरों के साथ बैठक की और पूरी स्थिति की समीक्षा की।

अनुराग वर्मा ने स्पष्ट किया कि हर राज्यवासी की स्वास्थ्य जिम्मेदारी सरकार की है और इस मामले में कोई भी ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि कोई भी नया सैंपल फेल होने की स्थिति में संबंधित क्षेत्र में पानी की आपूर्ति के लिए जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीने के पानी के सैंपल चेक करने के लिए टेस्टिंग किटों की खरीद के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा बड़े जिलों के लिए दो लाख रुपये और छोटे जिलों के लिए एक लाख रुपए जारी कर दिए गए हैं। प्रमुख सचिव जल आपूर्ति और स्वच्छता ने बताया कि टेस्टिंग किटों के लिए कुल 25 लाख रुपए जारी किए गए हैं।

बैठक में डिप्टी कमिश्नरों ने बताया कि सभी इलाकों में गंदगी रहित साफ पानी की आपूर्ति संबंधी प्रमाणपत्र हासिल कर लिए हैं। श्री वर्मा ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि लोगों के पीने के लिए मौजूद पानी 100 प्रतिशत साफ हो और अगर कहीं पानी दूषित पाया जाता है तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव स्थानीय सरकारों ने बताया कि पटियाला जिले में पातड़ां के कार्यकारी अधिकारी, जेई, सैनेटरी और चीफ सैनेटरी इंस्पेक्टर को चार्जशीट जारी की गई है। इसी तरह मुख्य सचिव द्वारा मोहाली के डिप्टी कमिश्नर को खरड़ में पानी के टैंक की सफाई न होने के मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। श्री वर्मा ने डिप्टी कमिश्नरों को यह भी निर्देश दिए कि संवेदनशील और झुग्गी-झोपड़ी वाले इलाकों जहां डायरिया के केस आए हैं, का व्यक्तिगत रूप से दौरा कर सफाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही जिला स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ खुले में बिकने वाले कटे हुए फलों, पीने वाले और खाने वाले पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा लोगों में साफ-सफाई संबंधी जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के निर्देशों के बाद पानी के सैंपलों की संख्या दोगुनी कर दी गई है जिस संबंध में नए निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अब बड़े शहरों में 400 सैंपल, मध्यम शहरों में 300 और छोटे शहरों में 200 सैंपल लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 17 जुलाई के बाद इक्का-दुक्का जगहों को छोड़कर राज्य में कहीं कोई नया केस सामने नहीं आया और यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी मुस्तैदी बरती जा रही है कि कोई नया केस न आए। मुख्य सचिव ने जल आपूर्ति और स्वच्छता और ग्रामीण विकास और पंचायत विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसी प्रक्रिया को अपनाने के निर्देश दिए।

वर्मा ने आगे बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीमार पड़े व्यक्तियों का मुफ्त और उचित इलाज किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्लोरीन की 10 लाख से अधिक गोलियां उपलब्ध करवाई गई हैं। जिलों को आवश्यकता पड़ने पर और दवाइयों का प्रबंध करने के लिए कहा गया। मुख्य सचिव ने डिप्टी कमिश्नरों को स्थिति की रोजाना निगरानी करने और उपरोक्त निर्देशों को कड़ाई से लागू करने को सुनिश्चित करने की हिदायत दी।

कारगिल विजय दिवस: स्वास्थ्य मंत्री की ओर से

कारगिल युद्ध के योद्धाओं को श्रद्धांजलि अर्पित

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य के शहीदों और पूर्व सैनिकों के परिवारों की भलाई और पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध

डॉ. बलबीर सिंह ने पूर्व सैनिकों, एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों से की बातचीत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 26 जुलाई। पंजाब के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने आज यहां कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर युद्ध स्मारक पर कारगिल युद्ध के महान योद्धाओं को श्रद्धा के फूल अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

गौरतलब है कि कारगिल युद्ध (ऑपरेशन विजय) मई से जुलाई 1999 तक जम्मू-कश्मीर के कारगिल सेक्टर में हुआ था।

भारत की सशस्त्र सेनाओं के बहादुर जवानों ने अपनी जानें कुर्बान कर इस युद्ध को जीता और देश की सीमाओं से दुश्मन सैनिकों को बाहर निकालकर देश की एकता और अखंडता की रक्षा की। इस युद्ध के दौरान पंजाब के 65 बहादुर सपूतों ने देश के लिए अपनी कुर्बानियां दीं। हमारे शहीदों की कुर्बानियों का सम्मान करने के लिए हर साल 26 जुलाई को देश भर में कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। इस संबंध में चंडीगढ़ के अलावा गुरदासपुर, बठिंडा, होशियारपुर और लुधियाना जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां वीर नारियों, वीरता पुरस्कार विजेताओं और कारगिल ऑपरेशन के दिव्यांग सैनिकों को राजनीतिक शख्सियतों और जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार पंजाब के शहीदों और पूर्व सैनिकों के परिवारों की भलाई और पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि पूर्व सैनिकों/विधवाओं के सभी प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर मंजूरी दी जा रही है और राज्य सरकार उनकी भलाई के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने पूर्व सैनिकों, एनसीसी कैडेट्स और माई भागो आर्मड फोर्सेस प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट और महाराजा रणजीत सिंह आर्मड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों से भी बातचीत की।

एनआरआईज की समस्याओं के समाधान के लिए पंजाब और केरल ने मिलाया हाथ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

तिरुवनंतपुरम/चंडीगढ़, 26 जुलाई। एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कैबिनेट मंत्री स. कुलदीप सिंह धालीवाल और केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने दोनों राज्यों के एनआरआईज से संबंधित मुख्य मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

पंजाब के प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्री स.कुलदीप सिंह धालीवाल ने बताया कि उन्होंने प्रवासी भारतीयों को खेती वाली जमीन खरीदने की अनुमति देने के बारे में विचार-विमर्श किया, जो मौजूदा समय में केवल व्यावसायिक जमीन खरीदने तक सीमित है। उन्होंने प्रवासी भारतीयों को लाभ पहुंचाने के लिए नीति में बदलाव की मांग करते हुए केंद्र सरकार के पास मिलकर इस मुद्दे को उठाने का फैसला किया। इसके अलावा, उन्होंने केंद्र सरकार से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि विश्व भर के भारतीय दूतावासों में ऐसा स्टाफ मौजूद हो जो पंजाब और केरल की मूल भाषाओं से भली-भांति परिचित हो ताकि इन राज्यों के प्रवासी भारतीयों को बेहतर सहायता प्रदान की जा सके।

यह सहयोग दोनों राज्य सरकारों द्वारा अपने प्रवासी समुदाय को आने वाली समस्याओं के समाधान के प्रति दृढ़ वचनबद्धता को दर्शाता है।

पंजाब के प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख सचिव प्रवासी भारतीय मामले विभाग पंजाब दिलीप कुमार, एडीजीपी एनआरआई विंग पंजाब प्रवीण कुमार सिन्हा, अतिरिक्त सचिव प्रवासी भारतीय मामले विभाग पंजाब परमजीत सिंह और कार्यकारी निदेशक एनआरआई सभा श्री दरबारा सिंह रंधावा शामिल थे।

पंजाब के कर विभाग ने हजारों करोड़ के जाली बिलों के घोटाले पर कसा शिकंजा: चीमा

सोने की 2 फर्मों की ओर से 860 करोड़ रुपए के सोने की बिक्री-खरीद के जाली बिल और 303 फर्मों की ओर से 4044 करोड़ रुपए की लोहे की जाली बिक्री-खरीद का पर्दाफाश

इसके अलावा, जाली बिल बनाने के लिए दूसरों के नाम पर 68 फर्में चलाने के मामले में 5 गिरफ्तार, 11 नामजद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 26 जुलाई। पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी और कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां बताया कि राज्य के कर विभाग के प्रवर्तन विंग द्वारा की गई जांच में हजारों करोड़ रुपए के फर्जी बिलिंग घोटाले का पर्दाफाश हुआ है। उन्होंने कहा कि सोने का कारोबार करने वाली दो फर्मों द्वारा 860 करोड़ रुपए के जाली बिल तैयार करने और लोहे का कारोबार करने वाली 303 फर्मों द्वारा 4044 करोड़ रुपए के जाली बिल बनाने का खुलासा हुआ है। इसके अलावा, 68 फर्मों ने अपनी फर्मों को दूसरों के नाम पर पंजीकृत कर 533 करोड़ रुपए की फर्जी बिलिंग का धंधा किया।

पंजाब भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने इन मामलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अमृतसर में सोने का कारोबार करने वाली एक फर्म की जांच करने पर प्रवर्तन विंग ने पाया कि उक्त फर्म द्वारा सोने की बिक्री और खरीद के लिए 336 करोड़ रुपए के जाली बिल बनाए गए थे। उन्होंने कहा कि जिन दो फर्मों से उक्त फर्म ने सोना खरीदा था, उनकी पंजीकरण रद्द हो चुकी थी और इन फर्मों द्वारा आगे सोने की कोई खरीद नहीं की गई थी।

सोने के लेन-देन में इसी तरह की हेराफेरी करने वाली लुधियाना स्थित फर्म का जिक्र करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि उक्त फर्म द्वारा 424 करोड़ रुपए के जाली बिलों के साथ सोने की बिक्री-खरीद की गई थी। उन्होंने कहा कि इस मामले में भी उक्त फर्म ने जिन दो फर्मों से सोने की खरीदारी दिखाई है, उनकी पंजीकरण रद्द हो चुकी है और इस मामले में भी इन फर्मों द्वारा आगे सोने की कोई खरीद नहीं की गई थी।

इसके अलावा 303 फर्मों द्वारा 4044 करोड़ रुपए के लोहे की जाली बिक्री-खरीद के बारे में जानकारी देते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि इन फर्मों में से 11 फर्में पंजाब से, 86 फर्में अन्य राज्यों से और 206 फर्में केंद्र सरकार के पास पंजीकृत हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और पंजाब के पास पंजीकृत 217 फर्मों के पास 89.7 करोड़ रुपए का आईटीसी बकाया था, जिसे केंद्र और राज्य सरकार ने रोक दिया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कुल 707 करोड़ रुपए की जाली आईटीसी का दावा किया गया। उन्होंने बताया कि राज्य के कर विभाग ने सभी 11 फर्मों के खिलाफ कार्रवाई कर उनकी पंजीकरण रद्द या निलंबित कर दी है और कानून के अनुसार कार्रवाई जारी है, जबकि बाकी 206 फर्मों की सूची केंद्र सरकार के संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है।

इस दौरान वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने अन्य व्यक्तियों के नाम पर पंजीकरण करवा कर फर्जी बिलिंग करने वाली 68 फर्मों के मामलों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा 5 व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ लुधियाना में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। उन्होंने कहा कि इस मामले में 533 करोड़ रुपए की जाली बिलिंग पाई गई है, जिसके कारण करीब 100 करोड़ रुपए की जाली आईटीसी का दावा है।

इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वित्त मंत्री के साथ अतिरिक्त मुख्य सचिव-कम-वित्त कमिश्नर (कर) विकास प्रताप, आबकारी और कर कमिश्नर वरुण रूज़म और संयुक्त कमिश्नर (कर) जसकरण सिंह बराड़ भी मौजूद थे।

मान सरकार की फसल विविधता पहलकदमियों का मिलने लगा फायदा, किसान ले रहे भरपूर लाभ

राज्य में बागवानी अधीन क्षेत्र 4,39,210 हेक्टेयर से बढ़कर 4,81,616 हेक्टेयर हुआ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

स. चेतन सिंह जौड़ामाजरा

चंडीगढ़, 26 जुलाई। पंजाब के बागवानी मंत्री स. चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने आज बताया कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में फसल विविधता के लिए किए जा रहे प्रयासों का असर दिखने लगा है और बागवानी के तहत क्षेत्र में बड़ा इज़ाफ़ा दर्ज किया गया है।

बागवानी क्षेत्र में पिछले 28 महीनों के दौरान हुई वृद्धि के आंकड़े पेश करते हुए बताया कि मान सरकार द्वारा मार्च 2022 में सत्ता संभालने के बाद से अब तक बागवानी के तहत कुल क्षेत्रफल 42,406 हेक्टेयर तक बढ़ा है। उन्होंने बताया कि मार्च 2022 से पहले बागवानी के तहत क्षेत्र 4,39,210 हेक्टेयर था, जो अब बढ़कर 4,81,616 हेक्टेयर हो गया है और यह फसल विविधता के तहत महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत है।

कैबिनेट मंत्री ने विस्तार से बताया कि पिछले 28 महीनों के दौरान फलों की खेती के तहत क्षेत्र 6,475 हेक्टेयर की वृद्धि के साथ 96,686 हेक्टेयर से बढ़कर 1,03,161 हेक्टेयर हो गया है, जबकि सब्जियों की खेती के तहत क्षेत्र 35,009 हेक्टेयर की बड़ी वृद्धि के साथ 3,21,466 हेक्टेयर से बढ़कर 3,56,465 हेक्टेयर हो गया है। स. चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने मशरूम की खेती, मेंथा तेल और हल्दी के उत्पादन में वृद्धि का ज़िक्र करते हुए बताया कि सजावटी फूलों की खेती के तहत क्षेत्र 1,728 हेक्टेयर से बढ़कर 2,050 हेक्टेयर हो गया है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह आंकड़े बागवानी विभाग के अथक प्रयासों और पंजाब में कृषि विविधता के लिए मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान की दूरदर्शी सोच की सफलता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि फसल विविधता के तहत बागवानी की खेती में वृद्धि टिकाऊ खेती और राज्य के किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित होगी।

उन्होंने कहा कि बागवानी के क्षेत्र में यह वृद्धि पंजाब सरकार द्वारा फसल विविधता को प्रोत्साहन देने और किसानों को लाभदायक फसलों की खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु किए जा रहे अथक प्रयासों का प्रमाण है। बागवानी मंत्री ने कहा कि राज्य में फसल विविधता को प्रोत्साहन देने और बागवानी को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार ने हाल ही में संशोधित नए नर्सरी नियम भी जारी किए हैं।

केंद्रीय भंडार में हेराफेरी की कोशिश करने पर वरिष्ठ एक्सईएन, जे.ई. व स्टोर कीपर निलंबित: ई.टी.ओ

मामले में शामिल कर्मचारियों और व्यापारी के खिलाफ सख्त पुलिस कार्रवाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 26 जुलाई। पंजाब के बिजली और लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ ने आज यहां बताया कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनाई गई जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पी.एस.पी.सी.एल) के कोटकपूरा स्थित केंद्रीय भंडार से कबाड़ की बिक्री के दौरान हेराफेरी करने की कोशिश करने वाले वरिष्ठ एक्सियन, जे.ई. और स्टोर कीपर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, जबकि मामले में शामिल कर्मचारियों और व्यापारी के खिलाफ पुलिस कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

यह जानकारी देते हुए बिजली मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ ने बताया कि पी.एस.पी.सी.एल की एन्फोर्समेंट विंग और तकनीकी जांच विंग की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से 25 जुलाई को केंद्रीय भंडार, पी.एस.पी.सी.एल, कोटकपूरा से कबाड़ बेचे जाने के आदेश के तहत उठाए गए सामान की अचानक चेकिंग की गई। उन्होंने बताया कि चेकिंग के दौरान पाया गया कि कबाड़ सामान ले जा रहे 3 ट्रकों में से एक ट्रक में एल्यूमीनियम कंडक्टर के कबाड़ के नीचे नया एल्यूमीनियम कंडक्टर रखकर ले जाने की कोशिश की गई, जिसका पता न लगने पर विभाग को वित्तीय नुकसान होना था।

उन्होंने आगे बताया कि मौके पर जांच के अनुसार जिम्मेदार पाए गए अधिकारियों में वरिष्ठ एक्सियन स्टोर बेअंत सिंह, स्टोर इंचार्ज जूनियर इंजीनियर गुरमेल सिंह और स्टोर कीपर (एल.डी.सी) निर्मल सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस मामले में दोषी कर्मचारियों और सामान उठाने आए व्यापारी के खिलाफ पुलिस कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा इस मामले में गहरी जांच कर दोषी पाए जाने वाले अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बिजली मंत्री श्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ ने कहा कि अधिकारी चाहे कितना भी बड़ा हो, उसे काम में लापरवाही और भ्रष्टाचार करते पकड़े जाने पर बख्शा नहीं जाएगा।

grtr mhllerlA ifvlpmit AQiirtl, pfi Bvn, As e As ngr jnqk scn

plit n: 1652, sktr-61, As e As ngr d Alitl Parlahad Kalsi S/o Sandhu Singh Kalsi dl mq imql 13.09.2022 f h gel h[Anuradha Anand, MC ward No. 11, SAS Nagar vli idq hlIPAi ibAn Ansir imqk Alitl Parlahad Kalsi S/o Sandhu Singh Kalsi d virs hT ilK Ansir qsdlk klq ge hn:-
1. Balwinder Kaur Kalsi Wife
2. Manpreet Kaur Kalsi Tyagi Daughter
3. Navneet Kaur Kalsi Daughter
4. Sundeep Singh Kalsi Son
akq virsl vl plit n: 1652, sktr-61, As.e.As. ngr dl mlklAq Aipx nm qbdll krn lel dsqivj ies dPqr n pS klq ge hn Aq ieh ks imlK APsr (p) gmifn As.e.As. ngr d dPqr ivc ivcir ADln h[ies lel mlklAq qbdll krn ql pihll sB Aim Aq Kis f sicq klq jldl h ik imqk Alitl d kinnl virsl sbDl iks n kel ieqrij hv ql ah ies ivigAipn dl imql ql 15 idnl d Adr-Adr Aipxl ieqrij imlK APsr, gmifn mhill pis ilKql rp ivc d skdl h[insicq imql Aq smi ql bAd pipq ieqrij q kel ivcir nhl klq jivgl Aq plit nbr 1652, sktr-61, As e As ngr dl mlklAq Anuradha Anand, MC ward No. 11, SAS Nagar vli idq hlPAi ibAn d AiDir q akq virsl d nim qbdll kr idql jivgl[
imlK APsr (p), gmifn, mhill

AP-2760

jnqk scn

ml Shri Banke Bihari Industries p: sjlv kmr gr gibd isG ngr, ekqi mirg, stir f, lhiri, qihsll vi ijli iDAixi di hT iIikAi hlPIAi ibAn krn vili hn[ieh ik mrl Prm Shri Banke Bihari Industries ijsdi FSSAI LINCENCE NO. 12122441000094 h[ieh ik mrl akq Shri Banke Bihari Industries iv-c dsl iGa prmnd ipar GI PARAMNAND (PURE GHEE) brif d nim q ies km kr irhi sl[ijsdi rijstrf nbr 3598940 klis 29 h[ieh ik akq brif prm nd ipar GI PARAMNAND (PURE GHEE) 1.04.2024 ql pk qr q bd klqi igAi sl[
ieh ik jkr mrklt iv-c 01.04.2024 ql bAd prm nd ipar GI PARAMNAND (PURE GHEE) brif di kel ivAkql (dkndir) vli Krld ji vicAi jldi h ql ah q sifl Prm Shri Banke Bihari Industires vli kifn Ansir bxdi kifnl krvael klqi jivgl[
ieh ik akq hlPIAi ibAn mrl Prm Shri Banke Bihari Industries ivc bx rh dsl iGa prm nd ipar GI PARAMNAND (PURE GHEE) brif d bd hx q jnqk krn lel AKbir ivc d irhi hi[

AP-2800

5 फीट चौड़ा बरसाती नाला बंद करके पानी की निकासी के लिए डाली गई छोटी पाइप के ऊपर बनाई जा रही है ट्रेंच

पाइप डालने व ट्रेंच बनाने की नहीं ली गई ड्रेनेज विभाग से कोई मंजूरी

अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर उठ रहे हैं सवाल

अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग

जीरकपुर, 26 जुलाई। स्थानीय पटियाला रोड पर स्थित एच एल पी सोशल स्क्वायर नामक व्यापारिक प्रोजेक्ट के आगे से बहुत पुराना 15 फीट चौड़ा एक बरसाती नाला निकला हुआ था जिससे शहर का बरसात का सारा पानी बड़ी ड्रेन में चला जाता था और वो आई पी रोड तथा बाकी का लोहगढ़ क्षेत्र पानी की मार से बच जाता था। कुछ समय पहले इस व्यापारिक प्रोजेक्ट के आगे गुजरने वाला यह बरसाती नाला बंद करके एक बहुत छोटी सी पाइप डाल दी गई है जो के करीब 500 मीटर लंबी है और पूरे के पूरे इस व्यापारिक प्रोजेक्ट के आगे से होकर गुजरती है। एक तरफ 15 फुट चौड़ा नाला और आगे जाकर इतनी तंग पाइप, पीछे से इतना पानी कैसे खींच पाएगी, यह तो समय ही बताएगा लेकिन यहां पर साफ दिखता है के इतना पानी ना निकल पाने के चलते वी आई पी रोड तथा बाकी का लोहगढ़ क्षेत्र इस बार पानी की मार से नहीं बच पाएगा। क्योंकि जिस स्पीड से इस बरसाती नाले में पानी आता है उस स्पीड से आगे इस पाइप में से नहीं निकल पाएगा और पीछे जल भराव होने से इनकार नहीं किया जा सकता। अब यह प्रश्न उठता है कि यह पाइप किसने बिछाई और क्यों बिछाई और इसके पीछे पाइप डालने वाले का क्या उद्देश्य है यह एक बड़ी जांच का विषय है। इस संबंधी पहले भी अखबारों में खबरें प्रकाशित हुई थी लेकिन यह मामला फिर दबाकर ही रह गया। इसके बाद अब इस पाइप के ऊपर से होकर एक ट्रेंच बनाई जा रही है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस ट्रेंच में से हाई वोल्टेज तार डाली जाएगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस ट्रेंच बनाने संबंधी भी ड्रेनेज विभाग या नगर कौंसिल से कोई मंजूरी नहीं ली गई है।

इस संबंधी बात करने पर जसबीर सिंह मोदी बिल्डर एच एल पी सोशल स्क्वायर ने कहा कि यह पाइप हमने नहीं डाली और हमारा इस पाइप से कोई लेना देना नहीं है। यह पाइप नगर कौंसिल जीरकपुर द्वारा डाली गई है। पाइप के ऊपर बना रही ट्रेंच के बारे में उन्होंने कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया।

इस मामले संबंधी पक्ष जानने के लिए जब नगर कौंसिल जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी अशोक पथरिया को फोन किया तो उन्होंने फोन काट दिया।

पाइप संबंधी रहस्य बरकरार, किसने डाली है पाइप

बरसाती पानी की कुदरत निकासी वाला 15 फीट चौड़ा नल बंद करके इसमें अचानक से पाइप डाले जाना और यह भी पता न चलना के किसने ड्रेनेज विभाग से मंजूरी लिए बिना यह पाइप डाल दिए यह मामला अभी तक रहस्य बना हुआ है। 9 जुलाई को अर्थ प्रकाश में प्रकाशित खबर में भी नगर कौंसिल जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी एचएलपी सोशल स्क्वायर के बिल्डर जसबीर सिंह मोदी तथा ड्रेनेज विभाग के अधिकारियों ने यही कहा था कि हमने यह पाइप नहीं डाली। ड्रेनेज विभाग के अधिकारी ने तो यहां तक भी कहा था के हमारे विभाग से यह पाइप डालने संबंधी कोई मंजूरी भी नहीं ली गई और 15 फीट चौड़े बरसाती नाले के आगे छोटी पाइपलाइन डालनी गैरकानूनी है। उन्होंने इसकी जांच करके कार्रवाई करने संबंधी भी कहा था। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। और ऊपर से इस पाइप के ऊपर ट्रेंच भी बनकर तैयार हो रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस पाइप तथा ट्रेंच संबंधी किसी भी तरह की मंजूरी नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया से भी नहीं ली गई।

अधिकारी एक दूसरे को पत्र लिखकर झाड़ रहे अपना पल्ला

यह पाइपलाइन डालने का मामला जब से मीडिया में आया है उसके बाद अधिकारी एक दूसरे को पत्र लिखकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं ऐसा ही एक पत्र नगर कौंसिल जीरकपुर द्वारा ड्रेनेज विभाग को लिखा गया था यह पत्र नंबर 4128 दिनांक 19 जुलाई 2024 जो के नगर कौंसिल जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी द्वारा ड्रेनेज विभाग के कार्यकारी इंजीनियर को भेजा गया था जिसमें उन्होंने लिखा के जो एचएलपी सोशल स्क्वायर के आगे पानी के कुदरत भाव के लिए ड्रेन बनी हुई थी इसका मुआइना किया गया और पाया गया के एचएलपी सोशल स्क्वायर प्रोजेक्ट के बाहर पानी के कुदरत बहाव के लिए आरसीसी पाइप डाली हुई है। इस पत्र में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि यह पाइपलाइन किसने डाली है और क्यों डाली है।

पेज एक का शेष

हरियाणा के नेताओं...

हमने पूरी प्लानिंग से काम किया। हमने दिल्ली में सरकारी स्कूलों की काया पलट दी। गरीबों के बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़कर अफसर बन रहे हैं। बड़े एग्जाम क्लियर कर रहे हैं। दिल्ली में जज का बेटा, डीसी का बेटा और झुग्गी वाले का बेटा एक बैंच पर बैठकर पढ़ते हैं। आपकी सरकार आपके बच्चे खत्म कर देंगे जब वह अफसर बन जाएंगे।

कांग्रेस और अकालियों के टोल बंद किए: भगवंत मान ने कहा कि पंजाब में जब हमारी सरकार बनी तो हमने 17 ऐसे टोल बंद किए जो पार्टियां चलाती थी जिनकी कोई जरूरत नहीं थी। हमने पब्लिक का हजारों करोड़ रुपया नेता की जेब में जाने से बचाया। हरियाणा में भाजपा ने एक नौकरी तक नहीं दी और ना ही पक्की सड़क यहां बनाई। 10 साल में भाजपा ने यहां कुछ नहीं किया। हरियाणा पहले जैसा था, वैसा ही अब है। मान ने स्थानीय मुद्दा उठाते हुए कहा कि बरवाला में 15 मिनट की बारिश हो जाए तो किश्तियां निकालने की हालात हो जाते हैं। यहां के सीवरेज की हालत किसी नहीं छिपी। यह हालात तब है जब यहां 10 साल से बीजेपी की सरकार है जिसकी केंद्र में भी सरकार है।

किसानों को दिल्ली जाने से रोक रही बीजेपी: मान ने कहा कि पंजाब और हरियाणा के बॉर्डर पर किसान बैठे हैं। मगर उनको दिल्ली नहीं जाने दिया जा रहा है। अगर किसान दिल्ली नहीं जाएगा तो क्या लाहौर जाएगा। सरकार को किसानों के साथ बैठकर बात करनी चाहिए। मोदी 400 पार का नारा दे रहे थे, मगर जनता ने उनका बेड़ा पार कर दिया। यह पब्लिक है सब जानती है। हुकूमत वो करते है जो दिलों पर राज करते हैं। क्रूडिलों पर राज करती है। मान ने कहा कि हरियाणा के लोग केजरीवाल को जेल से बाहर निकालेंगे तख्त पर बैठाएंगे।

विधानसभा चुनाव को लेकर हरियाणा भाजपा नेताओं का दिल्ली में मंथन

भाजपा नेताओं को पूर्ण बहुमत की सरकार बनने का दृढ़ विश्वास, सीटों को बड़े मार्जिन से जीतने पर चर्चा

चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, मुख्यमंत्री नायब सैनी, चुनाव सह प्रभारी बिप्लब देब, प्रभारी सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल, सुरेन्द्र नागर, सुभाष बराला, संजय भाटिया, सुरेन्द्र पूनिया, कृष्ण बेदी आदि नेता मौजूद

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई

चंडीगढ़, 26 जुलाई। हरियाणा में अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में भाजपा नेताओं की एक हाई लेवल मीटिंग हुई। केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेश के चुनाव सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब, प्रभारी डा. सतीश पूनिया, सह प्रभारी सुरेन्द्र नागर, हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली, सांसद सुभाष बराला, पूर्व सांसद संजय भाटिया, हरियाणा भाजपा महामंत्री सुरेंद्र पूनिया एवं महामंत्री कृष्ण बेदी आदि ने मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आवास पर हुई इस बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारियों और पार्टी स्तर पर होने वाले आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। यहां बैठक में मौजूद सभी नेताओं के चेहरों पर हरियाणा विधानसभा चुनाव जीतने और तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनने का दृढ़ विश्वास दिखाई दिया। चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने चुनाव की तैयारियों से संबंधित हर प्रकार के विषयों पर उपस्थित नेताओं से डिटेल्स में चर्चा की। हरियाणा में भाजपा सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों के कारण प्रदेश की जनता का भाजपा में बड़े विश्वास पर भी सभी ने प्रसन्नता जाहिर की तथा हरियाणा में भाजपा के कार्यकर्ताओं के समर्पण भाव को भी सराहा गया। विश्वास जताया गया कि जन आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाकर इतिहास रचेगी।

पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि इस बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर मंथन हुआ है। अरविंद के अनुसार भाजपा के हर नेता और कार्यकर्ता तीसरी बार जीत को लेकर दिन रात मेहनत कर रहे हैं। सभी जीत को लेकर विश्वास से भरे हैं। भाजपा मीडिया प्रभारी ने कहा कि पार्टी नेताओं में आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा होती रहती है। इस बैठक में भी विधानसभा चुनाव को लेकर नेताओं ने आपस में चर्चा की है।

न्यूज ब्रीफ

जरूरतमंद बच्चों की मदद करना सबसें बड़ा परमार्थः बिक्रम चौधरी

करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)। क्षत्रिय राजा रोड़ समाज संस्था द्वारा जरूरतमंद बच्चों को कापियां वितरित की गई। यह कार्यक्रम देव इंटरनेशनल सीनियर सेकंडरी स्कूल बुटाना में आयोजित किया गया। इसमें ब्लॉक समिति चैयरमैन विक्रम चौधरी ,संस्था के अध्यक्ष रणबीर लाठर भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। बिक्रम चौधरी ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों की मदद करना चाहिए। यह सबसे बड़ा परमार्थ है। स्कूल के डायरेक्टर निर्मल चौधरी ,प्रिंसिपल निष्ठा गिरधर ने क्षत्रिया रोड समाज संस्था के द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों की जमकर प्रशंसा की और संस्था के प्रधान सहित सभी सदस्यों मोमेंटो देकर सम् मानित किया।। इस मौके पर संस्था के सचिव राजेश लाठर ने कहा कि क्षत्रिय राजा रोड़ समाज, समाज के सभी जनहित कार्यों के लिए सदेव तत्पर रहेंगे और यह सेवा निरंतर जारी रहेगी! इस अवसर पर संस्था के सदस्य सोहन, परमिंदर रोडवंशी भी मौजूद रहे।

शेरगढ़ गांव में लगाए गए एक हजार पौधे

कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)। एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण मुहिम के तहत समस्त जिले में दस हजार पेड़-पौधे लगाने के अभियान के तहत जिला कैथल के शेरगढ गांव में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पौधारोपण कार्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय की टीम को कुलपति प्रोफेसर डॉ. शमीम अहमद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर शेरगढ गांव के सरपंच रोहताश ने कहा की पेड़-पौधे हमारे स्वस्थ जीवन का आधार हैं, इसलिए इनकी देखरेख और उचित देखभाल करना हम सबका कर्तव्य है। विश्वविद्यालय प्रशासन के इस पर्यावरण संरक्षण मुहिम की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि पौधे लगाने का कार्य तो सभी करते हैं, लेकिन इसके साथ-साथ उनकी उचित देखभाल करने की जो जिम्मेदारी विश्वविद्यालय ने ली है यह भावना स्वच्छ पर्यावरण निर्माण के प्रति सच्ची समर्पित भावना है, विश्वविद्यालय ने पूरे जिले में जो दस हजार पेड़ पौधे लगाने का निर्णय लिया है। इस पौधारोपण कार्यक्रम में 1000 पौधे गांव में लगाए गए। इस अवसर पर समस्त ग्राम पंचायत शेरगढ एवं विश्वविद्यालय स्टाफ सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। इससे अगली कड़ी में एन.आई. आई.एल. एम.विश्वविद्यालय कैथल विशेष अभियान चलाकर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करके ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस तरह के पौधारोपण कार्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा शहर और गांव में व्यापक स्तर पर लगातार आयोजित किए जाएंगे।

डॉ. रितेश सिन्हा ने ओएमजी बुक ओफ रिकार्ड्स में नाम दर्ज

करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)। हरियाणा के प्रतिष्ठित शोधकर्ता डॉ. रितेश सिन्हा ने मस्तिष्क विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। सेरेब्रल पाल्सी के साथ जीते हुए, डॉ. सिन्हा ने अपने शोध को समर्पित 36 वर्षों के बाद मस्तिष्क के कार्यों को बढ़ाने के लिए एक नया हस्त मुद्रा और एक अनूठी पेंसिल पकड़ने की विधि विकसित की है। नया विकसित हस्त मुद्रा, जिसे रितेश मुद्रा के नाम से जाना जाता है, विभिन्न मस्तिष्क संबंधित समस्याओं को संबोधित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह मुद्रा पारंपरिक प्रथाओं में निहित है, लेकिन नवीन रूप से अनुकूलित की गई है, जो संज्ञानात्मक कार्यों और समग्र मस्तिष्क स्वास्थ्य को सुधारने के लिए एक मूल्यवान उपकरण बनने का वादा करती है। इसके अतिरिक्त, डॉ. सिन्हा ने रितेश की पेंसिल पकड़ने की विधि प्रस्तुत की है, जो विशेष रूप से मस्तिष्क संबंधित चुनौतियों का सामना करने वाले व्यक्तियों के लिए डिज़ाइन की गई एक अनूठी तकनीक है। यह विधि बेहतर मोटर कौशल, समन्वय और न्यूरल गतिविधि में सुधार की उम्मीद करती है, जो ऐसी कठिनाइयों का सामना करने वालों के लिए महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करती है। डॉ. सिन्हा का योगदान इन तकनीकों तक ही सीमित नहीं है। उन्होंने विकलांग लोगों के लिए सुलभ वस्त्र भी विकसित किए हैं, जो विभिन्न शारीरिक चुनौतियों का सामना करने वाले व्यक्तियों के लिए आराम और उपयोग में आसानी सुनिश्चित करते हैं। डॉ. सिन्हा का अद्वितीय कार्य न केवल नवाचार का उदाहरण है, बल्कि व्यक्तिगत चुनौतियों को पार करने के लिए समर्पण और दृढ़ता के महत्व को भी उजागर करता है ताकि समाज की भलाई में योगदान दिया जा सके।

कांग्रेस व जजपा ने स्पीकर की कार्यशैली पर उठाए सवाल

कांग्रेस ने याचिका खारिज करने पर प्रक्रिया को बताया गलत

दुष्यंत बोले चार सप्ताह की बजाए कम समय में हो केस की सुनवाई

जेजेपी शिष्टमंडल ने स्पीकर से की मुलाकात, कांग्रेस ने मांगा समय

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 26 जुलाई। हरियाणा विधानसभा में तीन विधायकों की सदस्यता को लेकर स्पीकर की अदालत में चल रही लड़ाई गहरा गई है। एक तरफ सरकार विधानसभा का मानसून सत्र बुलाने जा रही है तो दूसरी तरफ जेजेपी और कांग्रेस ने स्पीकर पर अपने विधायकों की सदस्यता रद्द करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया है।

शुक्रवार को जेजेपी नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल स्पीकर से मिला वहीं कांग्रेस विधायक दल के उपनेता व चीफ व्हीप ने विधानसभा स्पीकर की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए।

दुष्यंत चौटाला अपनी ही पार्टी यानी जजपा के दो विधायकों - बरवाला से जोगीराम सिहाग और नरवाना से रामनिवास सुरजा खेड़ा की सदस्यता रद्द करने की मांग को लेकर आज स्पीकर से मिले। दोनों ही विधायकों के खिलाफ जजपा के कार्यालय सचिव रणधीर सिंह की ओर से शिकायत की हुई है। स्पीकर ने लम्बे समय के बाद दोनों विधायकों को नोटिस जारी करके इस मामले में सुनवाई करने का फैसला लिया है। दुष्यंत ने स्पीकर से मुलाकात करके उनसे आग्रह किया कि इस मामले में सप्ताह भर में सुनवाई करके फैसला किया जाए।

दोनों विधायकों पर दल-बदल कानून के तहत आरोप लगे हैं। लोकसभा चुनावों के दौरान दोनों ने ना केवल भाजपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार किया बल्कि भाजपा के प्लेटफार्म पर भी शामिल हुए। रामनिवास सुरजा खेड़ा और जोगीराम सिहाग इसके बाद भी खुलकर राज्य की मौजूदा नायब सिंह सैनी सरकार की प्रशंसा कर रहे हैं। दुष्यंत का कहना है कि पूर्व स्पीकर कंवरपाल गुर्जर ने उस समय इनेलो विधायकों की सदस्यता रद्द करने में जरा भी देरी नहीं की थी। अब चूंकि जजपा के विधायक भाजपा की बोली बोल रहे हैं, इसलिए स्पीकर फैसला करने में देरी कर रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर, तोशाम विधायक किरण चौधरी ने 18 जून को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। 19 जून को उन्होंने भाजपा की सदस्यता हासिल की। दल-बदल कानून के तहत विधानसभा का कोई भी सदस्य अगर किसी दूसरे दल में शामिल होता है तो उसे विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देना होता है। लेकिन किरण चौधरी ने इस्तीफा नहीं दिया। विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के उपनेता आफताब अहमद और चीफ व्हिप बीबी बतरा ने 19 जून को ही स्पीकर को नोटिस देकर किरण को विधानसभा से अयोग्य घोषित करने की मांग की।

दोनों विधायकों ने 25 जून को दूसरा नोटिस दिया। स्पीकर ने इसे यह कहते हुए रद्द कर दिया कि कांग्रेस ने याचिका दायर नहीं की है। हालांकि कांग्रेस ने याचिका भी दायर कर दी लेकिन विगत दिवस स्पीकर ने इसे भी रद्द कर दिया। शुक्रवार को यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत में बीबी बतरा व आफताब अहमद ने कहा कि स्पीकर ने कांग्रेस की याचिका दायर करके संविधान का उल्लंघन किया है। उनके फैसले को गैर-कानूनी बताते हुए उन्होंने कहा कि दल-बदल कानून के तहत याचिका दायर करने की भी जरूरत नहीं है।

नियमों के हिसाब से स्पीकर के नोटिस में यह बात आने के बाद उन्हें फैसला करना चाहिए। स्पीकर पर भाजपा के लिए काम करने के आरोप लगाते हुए दोनों विधायकों ने कहा कि नालागढ़ की अदालत से कालका विधायक प्रदीप चौधरी को एक मामले में तीन साल की सजा सुनाई तो स्पीकर ने खुद ही संज्ञान लेते हुए दो ही दिन में प्रदीप चौधरी की सदस्यता रद्द कर दी। लेकिन अब दल-बदल कानून के मामले में कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। दोनों विधायकों ने एक बार फिर स्पीकर को शिकायत दी है। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट के फैसले की कॉपी भी लगाई है।

ठेकेदार व अधिकारियों के अनुसार नहीं जनता के अनुसार होंगे विकास कार्य: विधायक

कहा- 27 करोड़ रुपये की लागत से कैथल की सड़कें होंगी चकाचक

बोले- मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में हो रहा समान विकास

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल, 26 जुलाई। विधायक लीला राम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में एक समान विकास कार्य हो रहे हैं। इसी कड़ी में कैथल हलके की 25 सड़कों के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ाकरण के लिए सरकार ने 27 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। इन सड़कों के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और जल्द ही कार्य शुरू हो जाएगा। इन सड़कों के बन जाने से हलका वासियों को काफी लाभ होगा और आवागमन में सुविधा होगी।

विधायक अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 27 लाख 80 हजार रुपये की लागत से कैथल-अंबाला रोड से गांव दयौरा तक की सड़क, 69 लाख 90 हजार रुपये की लागत से कठवाड़ से मुंदड़ी रोड, 80 लाख 92 हजार रुपये की लागत से बलवंती से दयौरा, 1 करोड़ 58 लाख 40 हजार रुपये की लागत से कैथल रोड से गांव ग्योंग, 2 करोड़ 64 लाख रुपये की लागत से जींद रोड नाका से लेकर जाखौली अड्डा, पुराना बस स्टैंड, पेहवा चौक और छोटू राम चौक तक, 22 लाख 95 हजार रुपये से ड्योड खेड़ी पहुंच रोड, 1 करोड़ 82 लाख 36 हजार रुपये से अंबाला कैथल रोड सिटी पोर्शन, 1 करोड़ 39 लाख 94 हजार क्योडक वाया बरोट रोड का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा।

विधायक लीला राम ने कहा कि इसके साथ ही 1 करोड़ 50 लाख 29 हजार रुपये की धनराशि से कैथल कुतबपुर रोड से फ्रांसवाला रोड का सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ाकरण किया जाएगा। एक सवाल के जबाव में विधायक लीलाराम ने कहा कि शहर में विकास कार्य ठेकेदारों व अधिकारियों के हिसाब से ही बल्कि जनता के हिसाब से होंगे। इस मौके पर राम प्रताप गुप्ता, लीलू सैनी, रामकुमार नैन, नरेश मित्तल, सोहन लाल, भाग सिंह खनौदा, मुकेश जैन, विकास व सत्तु कठवाड़ आदि मौजूद रहे।

एक ही परिवार के चौथे आदमी की मौत, खाली प्लाट में मिला शव

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

करनाल, 25 जुलाई। हरियाणा के करनाल में उस समय हड़कंप मच गया जब करनाल के इंद्री थाना क्षेत्र के गांव चंद्राव में खाली प्लॉट में एक युवक का शव मिला। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। परिवार में यह चौथी मौत है। राजेश के दादा टोपन दास का भी 20 साल पहले शव खेतों में मिला था। करीब छह साल पहले राजेश के छोटे भाई 20 वर्षीय विकास की एक्सीडेंट में मौत हो गई थी और 2 साल पहले राजेश के पिता प्रताप की इंद्री कोर्ट में संदिग्ध मौत हो गई थी। पुलिस चेक बाउंस के केस में उन्हें कोर्ट लेकर आई थी, लेकिन उस समय पुलिस जांच में सामने आया था कि उसकी मौत हार्ट अटैक से हुई है। वहीं रात को संदिग्ध हालात में हुई राजेश की मौत का खुलासा पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।मृतक की पत्नी रेखा ने बताया है कि उसका 28 वर्षीय पति राजेश कुमार ड्राइवरी व खेती बाड़ी का काम करता था। कल यानी बुधवार दोपहर 1 बजे उसके साथ खाना खाकर घर से निकला था। देर शाम उससे बात हुई थी। मेरे बच्चे ने भी फोन पर बात की थी, उसने कहा था कि वह 15 मिनट में घर आ रहा है, लेकिन देर रात ग्रामीणों के जरिए हमें सूचना मिली कि कोई उसका शव घर के पास ही खाली प्लॉट फेंक कर चला गया है। उसके साथ दो संदिग्ध लोग बताए जा रहे हैं। जिनको पुलिस ने उठाया भी है। मृतक के ताऊ के लड़के विनोद कुमार ने बताया कि पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटा है। 2004 में राजेश के दादा टोपन दास की संदिग्ध मौत हुई। वे यूपी में अपने खेतों में गए हुए थे। उनके प्राइवेट पार्ट पर चोट के निशान पाए गए थे, जिसमें मामला भी दर्ज हुआ था, लेकिन उस कार्रवाई को भी कुछ सही तरीके से नहीं किया गया। वहीं परिवार में दूसरी मौत वर्ष 2019 में राजेश के भाई विकास का एक्सीडेंट हो गया था। वह मुस्सेपुर से अपनी बाइक पर सवार होकर दोस्त के साथ आ रहा था और लबकरी गांव के पास किसी वाहन ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी थी। इस हादसे में उसकी मौत हो गई थी।

आईजी कॉलेज के इस वर्ष के घोषित परिणामों में 9 छात्राएं विश्वविद्यालय में रही प्रथम

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल, 26 जुलाई। इंदिरा गांधी पीजी महिला महाविद्यालय की छात्राएं विश्वविद्यालय में प्रथम व टॉप 10 में लगातार अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर कॉलेज का वअपने माता-पिता का नाम रोशन कर रही हैं। प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया ने बताया कि हाल ही में बीए छटे सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गयाजिसमें 7 छात्राओं ने टॉप 10 में 6 स्थानों पर कब्जा किया। सलोनी ने 450 में से 414 अंकों के साथ विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान, मुस्कान ने 400 में से 363 अंकों के साथ विश्वविद्यालय में दूसरा स्थान, मंजू ने 400 में से 362 अंकों के साथ तीसरा स्थान, काजल ने 400 में से 359 अंकों के साथ चौथा स्थान, प्रवीण ने 455 में से 404 अंकों के साथ आठवां स्थान व रितु व सुष्मिता ने 400 में से 353 अंकों के साथ नौवां स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज संस्थापिका व पूर्व वितमंत्री स्वर्गीय ओमप्रभा जैन द्वारा लगाया गया यह पौधा आज ऊंचाइयों की बुलंदियों को छू रहा है। महिला महाविद्यालय समिति के प्रधान जगदीश बहादुर खुरानिया व उपप्रधान सुभाष शर्मा ने कहा कि अब तक वर्ष 2023-24 में कॉलेज की 9 छात्राएं यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी हैं। प्रबंधक समिति के सचिव नरेंद्र मिगलानी, बाल किशन लाटका, राजीव लाटका, पुनीत गुप्ता व कॉलेज प्राचार्या डॉ. आरती गर्ग, सांयकालीन सत्र प्राचार्या प्रभारी श्वेता तंवर ने भी सभी को शुभाशीष दिए। कॉलेज स्टाफ सदस्यों से डॉ. मोनिका गुगलानी, डॉ. सलिन्द्र आचार्य, डॉ. दीपा, डॉ, हेमलता, सुदेश, लालिशा, रीना गिल, मोनिका मोगा, अंकिता गोयल, रेनू शर्मा, राधिका, कुसुम व अरुणा उपस्थित रहे।

नेशनल हाईवे- 152 पर अजय चौटाला की गाड़ी हुई हादसे का शिकार

पत्नी नैना चौटाला के साथ चंडीगढ़ की तरफ जा रहे थे अजय चौटाला

चलती कार के अचानक सामने आई नील गाय, हादसे में नील गाय की मौके पर मौत

अर्थ प्रकाश/कुलदीप परमार

कलायत, 26 जुलाई। नेशनल हाईवे- 152 पर गांव ढाकल के पास जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला की गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। उनकी गाड़ी के सामने अचानक नील गाय आ गई। अजय सिंह चौटाला और उनकी पत्नी नैना चौटाला इस दुर्घटना में बाल-बाल बच गए। गाड़ी से टकराने के बाद नील गाय की मौके पर ही मौत हो गई। शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे अजय चौटाला अपनी पत्नी नैना चौटाला के साथ कार में चंडीगढ़ जा रहे थे। कलायत व नरवाना के बीच गांव ढाकल के पास अचानक एक नील गाय उनकी गाड़ी से आकर टकरा गई। गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। चालक किसी तरह गाड़ी को कंट्रोल करने में कामयाब रहा और बड़ा हादसा टल गया। गाड़ी का आगे की शीशा टूट गया। अजय चौटाला और उनकी पत्नी नैना चौटाला पूरी तरह सुरक्षित हैं। हादसे की सूचना मिलने पर नरवाना पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित सहायता प्रदान की। पुलिस की मदद से डॉ.चौटाला और उनकी पत्नी को दूसरी गाड़ी से चंडीगढ़ की ओर रवाना किया गया।

व्यापारियों का राज्य स्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन 11 को पानीपत में

कैथल (अप्रस)। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल प्रदेश प्रचार सचिव राजीव गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों का राज्य स्तरीय व्यापारी प्रतिनिधि सम्मेलन 11 अगस्त को हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक बजरंग गर्ग के नेतृत्व में पानीपत में होगा। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदय भान करेंगे। इस सम्मेलन में व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग के नेतृत्व में प्रदेश भर में सभी ट्रेड के व्यापारी व उद्योगपति भारी संख्या में भाग लेंगे। सम्मेलन में व्यापारी व उद्योगपतियों की समस्याओं पर विचार किया जाएगा ताकि उन समस्याओं का पहले की तरह हल करवाया जा सके। हरियाणा के व्यापारी व उद्योगपतियों को समस्या को हल करवाने के लिए कांग्रेस पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करवा कर उन समस्या का हल करवाया जा सके।

कांग्रेस नेता जोगिन्दर नली के पुत्र पर जानलेवा हमला

कार में की तोड़फोड़, भागकर जान बचाई नेता पुत्र ने

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

करनाल, 26 जुलाई। हरियाणा के करनाल में देर रात कांग्रेस की प्रदेश महिला सचिव निशा जोगिंदर नाली के बेटे प्रिंस की कार पर हमला करने का मामला सामने आया है। हमलावर चार गाड़ियों में सवार होकर आए थे। हमलावरों ने कार के शीशे चारों तरफ से तोड़ दिए।

प्रिंस अपने दोस्तों के साथ कार में सवार था और दिल्ली से कुछ सामान लेकर लौट रहा था। गनीमत रही कि प्रिंस को कोई चोट नहीं आई और उसने दोस्तों के साथ मौके से भागकर अपनी जान बचाई। प्रिंस के पिता पूर्व सरपंच जोगिंदर का आरोप है कि पुलिस की तरफ से कोई खास सहयोग नहीं मिला। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मेडिकल स्टोर से दवा लेने गया था, हुआ हमला प्रिंस नली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बुधवार को वह कुछ सामान लेने दिल्ली गया था, शाम को वह करनाल पहुंचा। उसके साथ रमणीक, अंकित और आमिल भी थे।

देर शाम उसने अंकित को गोल्डन स्कूल के सामने ग्रीन बेल्ट पर छोड़ा और फिर चाट मास्टर से दवा और कुछ खाने का सासात लेने सेक्टर 6 मार्केट चला गया। अचानक 10 से 15 बदमाशों ने हाथों में कुल्हाड़ी, तलवार और डंडे लेकर उसकी कार पर हमला कर दिया। प्रिंस नली ने बताया कि बदमाशों ने कार का शीशा तोड़ दिया और कार पर चारों तरफ से हमला कर दिया। उसने और उसके साथियों ने किसी तरह कार भगाकर अपनी जान बचाई। प्रिंस ने बताया कि रमणीक ने हमलावरों में से एक को पहचान लिया, जिसका नाम अमित है। हमलावर चार कारों में सवार थे, जिनमें से एक काले रंग की वर्ना कार थी हीं प्रिंस के पिता जोगिंद्र नली ने बताया कि उनके बेटे की किसी से कोई भी दुश्मनी नहीं है। हमला क्यों किया गया है, इसका कारण अभी तक भी सामने नहीं आया है। मैने रात को ही एसपी को कॉल किया था, लेकिन मेरा फोन नहीं उठाया गया। इमरजेंसी में कोई कॉल करता है तो कॉल का जवाब आना चाहिए। प्रिंस ने थाना सेक्टर 32 में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। जिसमें धारा 115, 126, 191(3), 190, 324(4) शामिल हैं। एसआई विक्रम सिंह ने बताया कि प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आगे की कार्रवाई के लिए एचसी अरविंद्र को मामले की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

विधानसभा अध्यक्ष ने बरवाला खंड के 19 गांवों में की स्वच्छता अभियान की शुरुआत

बतौड़, गनौली, रीहोड समेत 5 गांवों में विकास कार्यों के पंचायतें को 35-35 लाख रुपए देने की घोषणा की

अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा

पंचकूला। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने बरवाला खण्ड की छह पंचायतों को गांव के विकास कार्यों को करवाने के लिए 35-35 लाख रूपये की ग्रांट देने की घोषणा की है। शुक्रवार को विस स्पीकर ने गांवों में स्वच्छता अभियान की शुरुआत करते हु ग्रांट देने की घोषणा की और कहा कि गांव बरवाला, बतौड़, गनौली, नया गांव, रैली और रोहोड की पंचायतों के खातों में जल्द ही ये राशि पहुंच जाएगा। इस ग्रांट से गांव के कौन-से काम करवाए जाने है, ये फैसला सरपंच खुद करेंगे। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता आज बरवाला के सामुदायिक केन्द्र में आयोजित 20 दिवसीय विशेष स्वच्छता अभियान के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। खण्ड के सभी 19 गांवों में 15 अगस्त तक स्वच्छता अभियान चलेगा।

ग्रांट देने की बात पर बोलते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने सरपंचों को कहा कि वो पहले सात पंचायतों को विकास कार्य करवाने के लिए ग्रांट जारी कर चुके हैं और बची हुई पंचायतों में से छह को अब ग्रांट दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सरपंच अपने गांव में फंड को जन सुविधा के अनुसार लगाने का फैसला लें। इस ग्रांट को ऐसे कामों पर लगाया जाए, जो लोगों की सुविधाएं प्रदान करे। साथ ही सरपंचों से अपील की कि वो अपने-अपने गांवों में इस अभियान से गांव की तस्वीर को बदलने का काम करें। बाहर से आने वाले लोगों को पता चले कि इस गांव में स्वच्छता को लेकर काम हुआ है।

श्री ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता अभियान की शुरूआत की थी। इसके बाद से हर साल विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। इस बार बरवाला खण्ड में आज से अभियान की शुरूआत की गई है, 15 अगस्त तक अलग-अलग गांवों में अभियान के तहत सफाई करवाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस स्वच्छता अभियान को कागजों तक सीमित ना रखकर धरातल पर लाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आज ही खण्ड के सभी 19 गांवों का प्लान तैयार करके सभी सरपंचों को बात दें ताकि वो अपने गांव में सामाजिक, धार्मिक, स्कूल व अन्य संस्थाओं को समय देकर अभियान में शामिल कर सके।

श्री ज्ञानचंद गुप्ता ने अधिकारियों को कहा कि प्रत्येक गांव की सभी गलियां, नालियां, फिरनी और प्रत्येक प्रवेश द्वारा कर गंदगी को साफ करना है।

25 करोड़ से चल रहे सड़क सुधार के काम

ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि कुछ समय पहले ही बरवाला खण्ड की सड़कों के सौंदर्यकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए 25 करोड़ के काम करवाए गए थे। अब फिर से 25 करोड़ रूपये से सड़कों के काम चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे 73 बनने का सबसे बड़ा फायदा बरवाला खण्ड की पंचायतों को हुआ है।

जनता दरबार में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने सुनी लोगों की समस्याएं

अधिकतम समस्याओं का किया मौके पर समाधान

बरवाला की तृप्ति देवी की कॉलेज और हास्टल फीस के लिए 60 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि देने की करी घोषणा

पंचकूला। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने शुक्रवार को पीडब्लयूडी रेस्ट हाउस सैक्टर -1 में आयोजित जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनी। श्री गुप्ता ने अधिकतम समस्याओं का मौके पर निवारण करते हुए शेष शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को दूरभाष पर दिशा- निर्देश दिए। श्री गुप्ता ने कुल 45 समस्याएँ सुनी । एक बार फिर मानवता का परिचय देते हुए श्री गुप्ता ने एक बेटी की पढाई के लिए लगभग 60 हजार रूपये, कोलेज और हॉस्टल फीस के रूप में देने की घोषणा की। दुर्गा कालोनी बरवाला की रहने वाली तृप्ति देवी ने बताया कि वह भगत फूल सिंह महिला महाविद्यालय सोनीपत की फाईनल ईयर की छात्रा है और पारिवारिक परिथितियों की वजह से उसके परिजन फीस देने में असमर्थ हैं। इस पर श्री गुप्ता ने तुरंत तृप्ति को कहा कि वे कल ही उनसे 60 हजार रूपये की राशि का चैक ले लें और अपनी पढाई जारी रखे। श्री गुप्ता ने कहा कि किसी भी गरीब बेटी की पढाई धन की वजह से नही रूकने दी जाएगी। रेहडी मार्किट सैक्टर 7, 11 और 17 के मार्किट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने श्री गुप्ता से मुलाकात की और गुहार लगाई की सैक्टर 9 रेहडी मार्किट की तर्ज पर उनका भी पुर्नवास किया जाए। इस पर श्री गुप्ता ने आश्वासन दिया कि वे इस संबंध में पूरा प्रयास करेंगे। राजकीय महाविद्यालय सैक्टर 1 में कैंटीन की अलाटमेंट को लेकर टैंडर प्रक्रिया में गडबडी की शिकायत का संज्ञान लेते हुए श्री गुप्ता ने मामले की जांच करवाने का आश्वासन दिया। श्री गुप्ता ने कहा कि उन्होने शिक्षा मंत्री से इस संबध में बात की है और कहा है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर दोषियों के विरूद्ध कारवाई की जाए।

समाधान शिविर में एसडीएम ने जिले के 30 लोगों की सुनी समस्याएं

अर्थ प्रकाश संवाददता

पंचकूला। जिला के 56 लोगों की अतिरिक्त उपायुक्त सचिन गुप्ता ने आज लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में शुक्रवार को समस्याएं सुनी। इनमें से कुछ का मौके पर ही समाधान किया और बाकि समस्याओं का समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निदान करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त उपायुक्त ने सरकारी पेड बेचने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम कालका को मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

श्री सचिन गुप्ता ने थापली के नरेश कुमार व ग्रामीणों की भारी बारिश व लैंडस्लाईडिंग के कारण थापली मार्ग पर कई सरकारी पेड गिरने व वन विभाग के कर्मचारी द्वारा पेड बेचने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम कालका को मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने गांव बागवाली के नरेश कुमार व अन्य ग्रामीणों की पुरानी पीने के पानी की पाईपलाईन की जगह नई पाइपलाइन बिछवाने के अनुरोध पर श्री गुप्ता ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी को तुरंत मौके का मुआयना कर रिपोर्ट देने व पाईपलाईन बिछाने का कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। श्री गुप्ता ने जिला राजस्व अधिकारी को जमीन की पैमाईश कर दो दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

दबकौरी गांव के शुकरदीन की एक कनॉल जमीन पर जबरदस्ती कम्युनिटी सैंटर बनाने की शिकायत व उसकी जमीन से दीवार हटवाने व कब्जा वापिस दिलवाने की मांग पर अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला राजस्व अधिकारी को जमीन की पैमाईश कर दो दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। करतार सिंह ने बताया कि वह बंजारा जाति से संबंध रखता है परंतु उसका जनरल कैटेगरी का प्रमाण पत्र बना दिया गया है । इसलिए उसका बीसी (ए) का प्रमाण पत्र बनाया जाए । इस पर अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को त्रुटि को दूर कर जल्द ही बीसी (ए) का प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश दिए।

एडीसी की जिलावासियों से की अपील, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए स्वयं का घोषणा पत्र अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में जमा करवाएं।

पुण्यतिथि पर 29 जुलाई को रक्तदान शिविरः बंसल

कालका (अप्रस)। श्रीमती अरुणा आसिफ अली राजकीय महाविद्यालय कालका में पूर्व छात्रों की एलुमनाई संगठन की बैठक एसोसिएशन अध्यक्ष विजय बंसल एडवोकेट की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रिंसिपल प्रोमिला मलिक मुख्य अतिथि थी। इस अवसर पर मीटिंग में विजय बंसल के अलावा एलुमनाई सदस्य संजय बंसल, प्रोफेसर गुलशन, प्रोफेसर नीतू चौधरी, प्रोफेसर कविता, प्रोफेसर राजीव सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। विजय बंसल एडवोकेट ने बताया कि मीटिंग में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 29 जुलाई स्वतंत्रता सेनानी और पहले भारत रत्न से सम्मानित महिला श्रीमती अरुणा आसिफ अली की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। अरुणा आसिफ अली 16 जुलाई 1909 को कालका में पैदा हुई थी।

जिला से स्टेट केडर करने पर भड़का संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो संघ

अतिरिक्त प्रभार वाले सर्किलों को चाबियां तहसीलदार को सौंपी

कार्यालय में स्थाई इंटरनेट की मांग भी उठाई

अर्थ प्रकाश /सुनील दत्त

परमाणु। संयुक्त पटवारी एवम् कानूनगो संघ की रामशहर इकाई ने वीरवार को अपने तय अल्टीमेटम के अनुसार अतिरिक्त सर्किलों के कार्यालयों की चाबियां तहसीलदार को सौंप दी और अपने कार्यालय में स्थाई इंटरनेट की मांग दोहराई।

यहां यह उल्लेखनीय है कि राज्य इकाई की 17 जुलाई को कुल्लू में हुई बैठक में निर्णय लिया गया था कि यदि सरकार ने 24 जुलाई तक स्टेट केडर करने के निर्णय को वापिस नहीं किया गया तो वे अतिरिक्त प्रभार की चाबियां विभाग को सौप देंगे। अल्टीमेटम की अवधि पूरा होने पर आज संघ के सदस्यों ने तहसीलदार रामशहर के कार्यालय में ज्ञापन के साथ चाबियां भी सौंप दी।

इसके अलावा संघ की मांग है कि कार्यालयों में स्थाई इंटरनेट की व्यवस्था की जाए क्योंकि मोबाइल के नेट से ऑनलाइन कार्य करना मुश्किल होता है। उन्होंने मांग की है कि उन्हें प्रतिमाह इंटरनेट के लिए मिलने वाला 250 रुपए भत्ता बंद कर दिया जाए और इसके बदले में कार्यालय में स्थाई इंटरनेट प्रदान किया जाए। सभी पटवारियों ने ऑनलाइन कार्य के लिए निजी मोबाइल के नेट का प्रयोग पहले ही बंद कर दिया है जिसके कारण ऑनलाइन कार्य नहीं हो रहे हैं। रामशहर इकाई के प्रधान सुमित ठाकुर ने बताया कोई कार्य रोका नहीं जा रहा बल्कि ऑफलाइन किए जा रहे है।जब तक सरकार इनकी मांगे नहीं मानती, यह जारी रहेगा। इस अवसर पर सुमित ठाकुर के अलावा चमन लाल,हीरा सिंह,सुरेश शर्मा,चंदन गुप्ता, कमल, ओम प्रकाश,शीला देवी,गुरदीप कौर आदि उपस्थित रहे।

कांग्रेस महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर जंतर मंतर पर करेगी आंदोलन : सुधा भारद्वाज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। प्रदेश महिला कांग्रेस 29 जुलाई को दिल्ली के जंतर मंतर पर होने वाले राष्ट्रीय व्यापी आंदोलन में हिस्सा लेंगी। यह घोषणा प्रदेश कांग्रेस महिला अध्यक्ष सुधा भारद्वाज ने प्रेस वार्ता के दौरान की। सुधा भारद्वाज ने कहा कि हरियाणा से जंतर मंतर पर करीब एक हजार महिलाएं आंदोलन में शामिल होकर देश की महिला सशक्तिकरण को मजबूत करेंगी। उन्होंने बताया कि महिला कांग्रेस अपनी तीन प्रमुख मांगों को लेकर आंदोलन में हिस्सा लेंगी और सरकार पर मागें पूरी करने का दबाव बनाएंगी। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश से महिलाएं समस्याएं लेकर आंदोलन में शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जब आरक्षण के संबंध में कानून बनाने को घोषणा की उसे लागू किया जाए ताकि महिलाओं को उनका हक मिल सके। देश में महिलाओं को हर क्षेत्र में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाए और ओबीसी वर्ग को इसमें शामिल किया जाए। उन्होंने बीजेपी सरकार के आरक्षण के मुद्दे पर कहा कि सरकार ने दिखावे के लिए लोकसभा चुनाव से पहले आरक्षण काननू को लाने की घोषणा की थी ताकि सरकार को इसका फायदा चुनाव में मिल सके लेकिन चुनाव होते ही सरकार ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया लेकिन कांग्रेस देश में महिलाओं को उनका हक दिलवा कर रहेगी।

चंडीमंदिर सैन्य स्टेशन पर कारगिल विजय दिवस रजत जयंती समारोह मनाया

माननीय राज्यपाल हरियाणा ने शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी

अर्थ प्रकाश /जग्गी

कालका । हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में चंडीमंदिर सैन्य स्टेशन में आयोजित एक भव्य पुष्पांजलि समारोह में शहीद सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की तथा देश के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया। इस समारोह में उन सैनिकों की वीरता और बलिदान को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कारगिल युद्ध में भाग लिया और देश की सेवा में अपने प्राणों की आहुति दे दी। राज्यपाल ने कारगिल युद्ध में लड़ने वाले सैनिकों की बहादुरी और समर्पण को याद रखने के महत्व पर बल देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी से उनके वीरतापूर्ण कार्यों से प्रेरणा लेने और देश के सम्मान और सुरक्षा के लिए प्रयास करने का आग्रह किया।

इस समारोह में सेना की पश्चिमी कमान के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल मोहित वाधवा के साथ-साथ स्टेशन के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, जेसीओ और सैनिक भी मौजूद थे। इस अवसर पर कारगिल युद्ध के दिग्गज और उनके परिवार के सदस्य भी मौजूद थे, जिन्होंने कारगिल के नायकों की विरासत के प्रति अपना सम्मान और प्रतिबद्धता दिखाई। कारगिल विजय दिवस हर साल 26 जुलाई को 1999 के कारगिल युद्ध (ऑपरेशन विजय) में पाकिस्तान पर भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक जीत को चिह्नित करने और कर्तव्य की राह पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले हमारे बहादुरों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। राष्ट्र अपने सैनिकों के दृढ़ संकल्प और अद्वितीय साहस का सम्मान करता है।

सिटी ब्यूटीफुल में तीज व जन्माष्टमी कार्निवाल का सेक्टर 34 में हुआ शुभारंभ

मेयर कुलदीप कुमार ने किया उद्घाटन

कारीगरों को प्रोत्साहित करने की लोगों से की अपील

अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल

चंडीगढ़। सिटी ब्यूटीफुल में धूम मचाने के लिए एक बार फिर से कर्निवाल का शु ारंभ हो गया है। गत शाम सेक्टर 34 में मेयर कुलदीप कुमार ने तीज एवम जन्माष्टमी कार्निवाल का श्रीगणेश किया। इस अवसर पर उनके साथ एरिया पार्षद प्रेमलता और पार्षद जसबीर सिंह बंटी, पुनीत छाबड़ा (स्वर्गीय प्रदीप छाबड़ा के भतीजे) और आयोजक अयोध्या प्रकाश सहित अन्य भी उपस्थित रहे। ज्ञात रहे कि कार्निवाल में अगले लगभग तीन महीने तक लोग जहां झूलों का लुत्फ उठा सकेंगे वहीं लजीज व्यंजनो का स्वाद भी चख पाएंगे।

मेयर कुलदीप कुमार ने तीज एवम जन्माष्टमी कार्निवाल की सराहना करते हुए शहरवासियों से को 'यादा से ज्यादा कार्निवाल में पहुंचकर कारीगरों की हौंसला आफजाई करने की अपील की है।

एके इंटरप्राइजेज के मैनेजर अयोध्या प्रकाश ने अर्थ प्रकाश को बताया कि कर्निवाल में 115 फीट का विशालकाय फिश प्रवेश द्वार आकर्षण का केंद्र रहेगा। हाल ही मे लगाया गए कार्निवाल मे सिंगापुर एयरलाइन का जहाज लोगों को बहुत पसंद आया था। इस बार विशालकाय फिश पहली बार बनाई गई है जो आगतुंको को आकर्षित करेगा। इसके अलावा कर्निवाल में इस बार केवल व्यंजनों के 10 स्टॉल के साथ साथ नए झूले, कपड़े, ड्राई फ्रूट, फर्नीचर, आभूषण, क्रॉकरी और सजावटी सामान और दर्शकों के लिए कार्निवाल का भव्य प्रवेश द्वार तैयार किया गया है। रंग-बिरंगी लाइटों के साथ सेल्फी प्वाइंट का आनंद शाम चार बजे से रात्रि 10 बजे तक लिया जा सकता है।

आयोजकों की ओर से इस बार भी कार्निवाल में आने वाले लोगों के लिए सुरक्षा के पूरी तरह से बंदोबस्त किए गए हैं। जहां झूलों पर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त की गई है, वहीं किसी भी तरह की अनहोनी की दशा में स्थानीय हॉस्पिटल के साथ अनुबंध किया गया है। हॉस्पिटल की तरफ से ए बुलेंस तुरंत उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा कार्निवाल में जगह जगह सीसीटीवी और अग्निशमन यंत्र भी इनस्टॉल किए गए हैं।

चंडीगढ़ प्रशासन की अवैध सिगरेट बेचने वालों पर रेड

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़ । एडवाइजर राजीव वर्मा के निर्देश पर स्वास्थ्य सचिव अजय चगती ने अमल करते हुए स्वास्थ्य, पुलिस, एक्साइज-टैक्सेशन, लीगल मेट्रोलॉजी, फूड सेफ्टी एंड ड्रग कंट्रोल की 'वाइट टीम ने तंबाकू कंट्रोल के लिये रेड की।

इंडस्ट्रियल एरिया फेज एक में टीम ने बंसल स्टोर करियाना-कन्फेक्शनरी पर रेड की। सेक्टर 15, पंचकूला के राहुल के पास से विदेशी सिगरेट बरामद की जिसका कोई खरीद रिकार्ड नहीं था। इसी तरह इसी फेज में वाइन शॉप के बाहर विदेशी सिगरेट का राम खिलावन के पास से बिना खरीद रिकार्ड जखीरा बरामद किया। पंचकूला के सेक्टर 4 निवासी मनोज कुमार के पास से लूज सिगरेट व विदेशी सिगरेट बरामद की गई। इनका भी कोई परचेज रिकार्ड नहीं था। राहुल पर 5 हजार रुपये डिपार्टमेंट ऑफ कंट्रोलर लीगल मेटीरियोलॉजी, हेल्थ विभाग की ओर से 5-5 हजार का जुर्माना लगाया गया।

विदेशी सिगरेट के 8 पैकेट जबकि 12,800 रुपये की लूज सिगरेट के 40 पैकेट बरामद हुए। राम खिलावन पर एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। उसकी 8 हजार रुपये की लूज सिगरेट नष्ट की गई। मनोज कुमार पर लीगल मेटीरोलॉजी विभाग ने 5 हजार, हेल्थ विभाग ने 5 हजार का चालान किया। 14 हजार रुपये की विदेशी सिगरेट, 9 हजार रुपये की लूज सिगरेट बरामद की गई। ई-सिगरेट के 36 रीफिल बरामद किये गये।

डॉ. कलाम और सर जेसी बोस जैसी हस्तियों की तलाश में आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने एंथे 2024 किया लॉच

अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल

चंडीगढ़। शुक्रवार को आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने अपनी प्रमुख छात्रवृत्ति परीक्षा एंथे के गौरवशाली डेढ़ दशक का सफर तय करते हुए परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, गर्व से बहुप्रतीक्षित आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम के नवीनतम संस्करण के लांच की घोषणा कर दी है। एंथे 2024 के लांच के साथ ही विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अगले दूरदर्शी लोगों की तलाश शुरू हो गई है।

एईएसएल के सीईओ और एमडी दीपक मेहरोत्रा ने बताया कि एंथे ने अनगिनत छात्रों की आकांक्षाओं और क्षमताओं के बीच समन्वय निभाने मे महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। एंथे 2024 के साथ ही भविष्य के डॉक्टरों और इंजीनियरों को विकसित करने और अगले एपीजे अब्दुल कलाम, एचजी खुराना, एमएस स्वामीनाथन और जेसी बोस की तलाश के लिए एक राष्ट्रीय प्रतिभा खोज शुरू कर रहे हैं जो अग्रणी काम करेंगे और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में भारत को गौरवान्वित करेंगे।

लोकप्रिय और अत्यधिक मांग वाली इस परीक्षा के माध्यम से कक्षा सातवीं से बाहरवीं तक के छात्रों को 100 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप और महत्वपूर्ण नकद पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर दिया जा रहा है, जिससे वे चिकित्सा या इंजीनियरिंग के क्षेत्र में सफल करियर के अपने सपनों को साकार कर सकेंगे। पांच उत्कृष्ट छात्रों के लिए लोरिडा, यूएसए में कैनेडी स्पेस सेंटर की पांच दिवसीय पूर्ण-खर्च-भुगतान यात्रा शामिल की गई है।

बता दें कि एंथे 2024 का आयोजन आगामी 19 से 27 अक्टूबर के बीच ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में, देश के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में होगा, 100 प्रतिशत तक की छात्रवृत्तियों के अलावा, शीर्ष स्कोरर्स को नकद पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। एंथे ऑफलाइन परीक्षा 20 और 27 अक्टूबर 2024 को आकाश इंस्टीट्यूट के सभी 315+ केंद्रों पर सुबह 10.30 बजे से 11.30 बजे तक आयोजित की जाएगी, जबकि ऑनलाइन परीक्षा 19 से 27 अक्टूबर 2024 के बीच किसी भी समय लिया दी जा सकती है। छात्र अपने अनुकूल समय में एक घंटे का स्लॉट चुन सकते हैं। एंथे की एक घंटे की परीक्षा में कुल 90 अंक होंगे और 40 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, जो छात्रों की उनकी कक्षा और विषय विचारों के आधार पर होंगे।

एंथे 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि ऑनलाइन परीक्षा के प्रारंभ से तीन दिन पहले और ऑफलाइन परीक्षा के प्रारंभ से सात दिन पहले है। परीक्षा शुल्क दोनों ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड के लिए 200 रूपये फीस निर्धारित की गई है। छात्र 15 अगस्त 2024 से पहले पंजीकरण शुल्क पर लैट 50 प्रतिशत की छूट भी प्राप्त कर सकते हैं। एंथे 2024 के परिणाम आगामी नवंबर को कक्षा 10 के छात्रों के लिए, 13 नवंबर को कक्षा 7 से 9 और 16 नवंबर को कक्षा 11 और 12 के छात्रों के लिए घोषित किए जाएंगे। इन सभी परिणामों को एंथे की वेबसाइट anthe.aakash.ac.in पर उपलब्ध कराया जाएगा।

नगर पालिका कर्मचारियों के अधिकारों का हनन नहीं होने देंगे : सुरेंद्र राठी

आम आदमी पार्टी सफाई कर्मचारियों के साथ - राठी

अर्थ प्रकाश /सुनील सिंघई

पंचकूला । आम आदमी पार्टी के अंबाला लोकसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र राठी ने नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा को अपना समर्थन देते हुए कहा है कि उनके अधिकारों का किसी भी हालत में हनन नहीं होने दिया जाएगा । सुरेंद्र राठी ने शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय सेक्टर 14 पंचकूला के बाहर धरने पर बैठे कर्मचारियों को समर्थन दिया श्री सुरेंद्र राठी ने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग को दबाने की कोशिश कर रही है। आम आदमी पार्टी के नेता सुरेंद्र राठी को जानकारी देते हुए नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रधान जोगेंद्र सिंह, सेक्रेटरी विनोद कुमार , जिले सिंह, राम सिंह,धर्मवीर, बलराज , राजेंद्र लौट, शमशेर सिंह, राकेश कुमार,जनेश्वर ने बताया कि नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा जिला पंचकूला कि नगर निगम पंचकूला प्रशासन ने 22 /12/2023 को नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा जिला पंचकूला यूनियन के साथ एक बैठक नगर निगम दफ्तर में की और जिसमें नगर निगम पंचकूला के महापौर, आयुक्त नगर निगम पंचकूला , संयुक्त आयुक्त नगर निगम पचकूला और पार्षद मौजूद रहे थे।

Punjab Land of Unlimited Opportunities

हर एक की हुई तरक्की

भगवंत सिंह मान की पंजाब सरकार की गारंटी पक्की

भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब

एस.सी. विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना तहत ₹ 225.60 करोड़ जारी

आशीर्वाद स्कीम के तहत 38,179 अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को ₹ 193.77 करोड़ जारी

एस.सी. पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 2017-20 तक की बकाया राशि के लिए ₹ 366.00 करोड़ जारी

एस.सी. विद्यार्थियों को मुफ्त पाठ्य पुस्तकें, कुल ₹ 165.00 करोड़ की राशि जारी

पिछड़े/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 18,510 लाभार्थियों को ₹ 94.22 करोड़ जारी

स्व-रोज़गार योजनाओं के तहत 38 लाभार्थियों को ₹ 0.79 करोड़ का ऋण वितरित

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

सम्पादकीय

अगर माननीय एक-दूसरे की नहीं सुनेंगे तो देश कैसे चलेगा

लोकसभा में आजकल सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तकरार नए से नए लेवल पार करती जा रही है, वह बेहद चिंताजनक एवं शर्मनाक है। संसद जनता के हित में विचार-मंथन करने का स्थल है, लेकिन आजकल यह स्थान सत्ता दल और विपक्ष के बीच युद्ध का मैदान बन गई है। विपक्ष इस बात से उत्साहित है कि इस बार उसकी सीटें पहले की तुलना में कहीं बेहतर हैं और उसका दावा है कि जनता ने उसे ही सरकार बनाने का अवसर दिया है। हालांकि भाजपा नीत एनडीए ने एकजुटता के साथ इस चुनाव को लड़ा था और जो परिणाम सामने आए, उनमें भाजपा को पर्याप्त सीटें नहीं मिली, लेकिन सहयोगी दलों के साथ मिलकर उसने सरकार का गठन कर लिया। क्या ऐसे में सच में यह कहा जा सकता है कि सत्ता पक्ष को जनमत हासिल नहीं हुआ। यह कहना अतार्किक और अनुचित होगा। हालांकि इन परिणामों की छाया में आजकल जिस प्रकार विपक्ष बेहद तीखे अंदाज में सत्ता पक्ष पर हमला कर रहा है, वह ताज्जुबकारी घटना है। विपक्ष का कार्य सरकार को सजग करना है और जनता की आवाज बनना है। हालांकि जिस प्रकार की घटनाएं सदन और उसके बाहर सामने आ रही हैं, उससे लग रहा है कि जैसे विपक्ष न तो सरकार को स्वीकार करने को तैयार है और न ही सदन का कार्य सुचारू रूप से संचालित होने देने की मंशा रखता है। यह भी कहा जा सकता है कि उसके तेवर प्रतिशोध पूर्ण हैं, जोकि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में अस्वीकार्य हैं। भारत में सत्ता का हस्तांतरण हमेशा शांतिपूर्ण तरीके से होता आया है, लेकिन इस बार के चुनाव के बाद लग रहा है, जैसे देश कहीं अटक गया है। जैसे सहज स्वीकृति नहीं है, सभी की।

वित्त वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट में जिस मुद्दे पर काफी ध्यान दिया गया है, वह है युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2 लाख करोड़ के खर्च से तीन योजनाएं शुरू करने का वादा किया है, जिनसे 4.1 करोड़ युवाओं को फायदा होने का दावा किया गया है। इनमें रोजगार के साथ कौशल विकास भी शामिल है। कौशल विकास के लिए देश की 500 बड़ी कंपनियों में 5 साल में 1 करोड़ युवाओं की इंटर्नशिप का प्रस्ताव रखा गया है। इस योजना को कामयाब बनाने के लिए सरकार अपनी ओर से आर्थिक मदद तो देगी ही, कंपनियों को भी ट्रेनिंग पर खर्च करने की इजाजत दी गई है।

गौरतलब है कि बजट सत्र की शुरुआत से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने इसका आरोप लगाया था कि विपक्ष ने खुद उन्हें बोलने नहीं दिया। उनके आरोप में सच्चाई है, क्योंकि सदन में प्रधानमंत्री चाहे किसी भी दल के हों, जब भी बोलने के लिए खड़े होते हैं तो पूरा सदन उनकी बात सुनता है। लेकिन संभव है पहली बार हो रहा है कि प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान भी विपक्ष के सांसद शोर शराबा करते रहे और अनावश्यक टिप्पणी करते रहे। यह भी चिंताजनक है कि लोकसभा अध्यक्ष के संबंध में अत्यंत निम्न दर्जे की टिप्पणी की गई और अब तो लगता है, जैसे सम्मान जैसी बात रही ही नहीं है। विपक्ष के सांसदों के वक्तव्य विषय केंद्रित नहीं होते और बजट पर बात करने की बजाय उन विषयों को उठा रहे हैं, जोकि विवाद का विषय बन रहे हैं। पंजाब में जालंधर से सांसद चरणजीत सिंह चन्नी एवं रेल व खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच तकरार एवं सदन के वेल में आकर हाथापाई जैसी नौबत बेहद गंभीर मामला है। यह भी कितना दुखद है कि चन्नी की ओर से बिट्टू के दादा पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत बेअंत सिंह के बारे में अशोभनीय बात कही गई। इससे बात से कौन इनकार कर सकता है कि पंजाब में आतंकवाद की बलि चढ़े सभी लोग श्रद्धेय हैं, उनका अपमान नहीं किया जा सकता है। सरदार बेअंत सिंह ने पंजाब एवं अपने लोगों के लिए बलिदान दिया था और अब बिट्टू अगर कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आ गए हैं तो इसके लिए उनके दादा सरदार बेअंत सिंह के संबंध अपमानजनक बात कही जा रही है। बेशक, सांसद चन्नी को अपने शब्दों पर नियंत्रण रखना चाहिए। इसी बात की आजकल सदन में प्रमुखता से जरूरत है, क्योंकि विपक्ष के सांसद ऐसे बयानों से सामने आ रहे हैं, जिनमें उनका प्रतिशोध नजर आ रहा है। हालांकि ऐसी बातों के सामने आने के बाद सत्ता पक्ष की ओर से भी तीखी बातें कही जाती हैं, जिससे विवाद बढ़ जाता है।

यह कितना शर्मनाक है कि प्रधानमंत्री मोदी के संबंध में गाली गलौज जैसी बातों के भी आरोप लग रहे हैं। जिस सदन में गरिमापूर्ण माहौल में देश की तरक्की की बात होनी चाहिए अगर वहां सदस्यों का आचरण इस स्तर पर पहुंच जाएगा तो यह बेहद लज्जाजनक है। ऐसे में सड़क और सदन के बीच क्या अंतर रह जाएगा। सदन बहस के लिए है, लेकिन आरोप लग रहे हैं कि विपक्षी सांसदों को सदन से बाहर कर दिया जाता है। आखिर ऐसा किस प्रकार होता होगा। क्या इसे शरारतपूर्ण नहीं कहा जा सकता कि सांसद जानबूझ कर कार्यवाही में हिस्सा नहीं लेना चाहते, ताकि यह संदेश जाए कि सरकार न सदन का संचालन करवा पाई और न ही देश का। वास्तव में देश की जनता यही सवाल पूछ रही है कि आखिर संसद क्या हंगामे के लिए ही रह गई है। सड़क पर चलने वाला आम नागरिक पांच साल इसी तरह से बीता देगा और उसके बाद फिर वोट देने के लिए लाइन में खड़ा मिलेगा। हालांकि देश वहीं का वहीं खड़ा नजर आएगा। जिनका भला होना होता है, उनका भला हो चुका होगा। दरअसल, देश के बेहतर संचालन के लिए समन्वय जरूरी है और इसके लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष को साथ आना होगा।

कारगिल विजय दिवस पर विशेष

ऑपरेशन विजय, सफेद सागर व तलवार ने तोड़ी पाकिस्तान की कमर

करीब 18000 फीट की ऊंचाई पर लड़ा गया था कारगिल युद्ध

पावन और पवित्र ऐसा जैसे माता गंगा, विश्व विजेता सोच शिखर पर ऊंचा रहे तिरंगा

लेखक धर्मवीर सिंह डीपीआरओ आर/ दैनिक अर्थ प्रकाश

- युद्ध के दौरान शहादत के बगीचे में देश के सैकड़ों जवान अपना स्थान सुनिश्चित करते हुए दुश्मन की ताकत को कर गए धराशायी
- इस युद्ध में दुनिया ने देखा भारतीय सेना का प्रचंड पराक्रम
- सरकार ने शहीदों के परिजनों को दिए पेट्रोल पंप, गैस एजेंसियां, नौकरियां और अन्य सुविधाए

भारत में शुक्रवार 26 जुलाई को 25 वीं वर्षगांठ पर कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस युद्ध में देश के लिए शहीद हुए जांबाज जवानों को याद कर उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित करके राष्ट्र सेवा के संकल्प को दोहराया गया। कारगिल युद्ध पाकिस्तान की साजिश का ही परिणाम था, जिसने भारत के विश्वास को तार-तार करते हुए देश पर कारगिल का युद्ध थोप दिया और फिर करारी हार के बाद स्वीकार किया कि यह उनकी ही गलती थी। इस युद्ध में देश के पांच सौ से अधिक जवानों ने भारत मां के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देकर दुश्मन को विभिन्न चोटियों पर कब्जा करे बैठे शत्रु को मार भगाया। ऑपरेशन विजय, सफेद सागर व तलवार ने तोड़ दी थी पाकिस्तान की कमर।

खोया याक बना भारतीय सेना के लिए खबरी और दुश्मन के लिए उसका अंत: ताशी नामग्याल की सूचना के बाद शुरू हुआ ऑपरेशन विजय: बात 2 मई 1999 की बताई गई है। चरवाहे नामग्याल का याक खो गया और वह उसकी तलाश में उंची पहाड़ियों की ओर चला गया। याक की तलाश के दौरान उसने पाकिस्तानी घुसपैठियों को देखा और 3 मई को उसने पूरी जानकारी भारतीय सेना को दी। सेना ने पूरी छानबीन के बाद 19 मई को आधिकारिक युद्ध के तहत ऑपरेशन विजय छेड़ दिया, जिसमें वायु सेना ने ऑपरेशन सागर सफेद और नौसेना ने ऑपरेशन तलवार के तहत युद्ध में भाग लिया। तोलोलिंग, टाईगर हिल्स तक हर पोस्ट पर हिंद की सेना कब्जा करते हुए आगे बढ़ती चली गई। बोफोर्स तोप की भूमिका भी बहुत ही सराहनीय रही। जिसने अपने दम पर युद्ध का पासा पलटने में अहम योगदान दिया।

26 मई को शुरू किया गया सफेद सागर आप्रेशन: 26 मई को सफेद सागर आप्रेशन शुरू किया गया और 27 मई को दो भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया गया। फ्लाइट लेफ्टिनेंट नचिकेता को बंदी बना लिया गया और स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा इस ऑपरेशन में शहीद हो गए। भारत ने बदली रणनीति के तहत हेलिकॉप्टरों को मैदान में उतारा। काफी हद तक सफलता मिली। एक हेलीकॉप्टर खो दिया। इसके बाद मिराज विमानों को मोर्चे पर लगाया गया, जिसके हमलों ने पूरी तरह से दुश्मन की कमर तोड़ कर रख दी।

नौ सेना के ऑपरेशन तलवार से पाकिस्तान करने लगा त्राहिमाम: ऑपरेशन सफेद सागर के बाद नौसेना ने ऑपरेशन तलवार शुरू किया जिसके तहत वेस्टर्न नेवल कमांड और साउथ नेवल कमांड ने अरब सागर में दुश्मन की गतिविधियों पर अंकुश लगा कर पाक पर ब्लॉकेज लगा दिया, जिसके चलते पाकिस्तान में पेट्रोल की सप्लाई बंद हो गई। हालात यह हो गई कि उसके पास एक सप्ताह का ही तेल बचा था। चारों ओर से घिरे पाक के पीएम नवाज शरीफ अमेरिका की शरण में गए।

कारगिल युद्ध से करीब 72 दिन पहले देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सम्मान में पाकिस्तान में कार्यक्रम आयोजित हुए लेकिन पीठ के पीछे देश के दुश्मन साजिश रचने में लगे रहे। थल सेना के विजय ऑपरेशन, वायु सेना का ऑपरेशन सफेद सागर और नौ सेना के ऑपरेशन तलवार ने कारगिल युद्ध में पाकिस्तान को बुरी तरह से निचोड़ कर रख दिया। शुरूआती वक्त की बात करें तो तीन मई 1999 को पाकिस्तान की घुसपैठ का पता चला। चरवाहों ने भारतीय सेना को दुश्मन की साजिश को बताया। करीब 84 दिन चले युद्ध में 26 जुलाई को देश की महाबली सेनाओं ने आतंकिस्तान को पछाड़ कर विजय का परचम लहराया।

पाकिस्तान ने जो साजिस रची उसके सुत्रधार थे पाकिस्तान के सेना प्रमुख परवेज मुशर्रफ जो कभी दिल्ली में ही पैदा हुए थे। साजिश का नाम था आप्रेशन बद्र। सर्दियों के अक्तूबर महीने में कारगिल की पहाड़ियों में तापमान -30-40 डिग्री तक चला जाता है। उस समय दोनों देशों की सेनाएं अपनी अपनी पोस्ट छोड़ कर नीचे आ जाती है और जून में फिर पोस्टों पर चली जाती है। वर्ष 1998 में भारतीय फोज अपनी पोस्ट छोड़ कर नीचे आ गई लेकिन पाकिस्तान की फौज पोस्टों पर बैठी रही। जब जून में भारत की फौज कारगिल की पोस्टों पर जाने लगी तब दुश्मन की साजिश का पता चला। वर्ष 1999 में कारगिल के सबसे पहले शहीद सौरभ कालिया और उनकी टीम हुई। कई दिनों तक उसे प्रताड़ित कर घिनौने अत्याचार किये गए। जिसकी परिणति कारगिल युद्ध के रूप में हुई। परिणामस्वरूप दुश्मन की सेनाओं को भारतीय पोस्टों से मार कर खदेड़ा गया। दुश्मन का मुख्य उद्देश्य लेह-श्रीनगर हाईवे पर कब्जा करना था ताकि सियाचिन पर उनका कब्जा हो सके।

भारत के हाथ लगी बातचीत ने दुश्मन की पोल खोल कर रख दी। मुशर्रफ चीन से जबकि शरीफ अमेरिका से मदद मांग रहे थे। इसी दौरान मुशर्रफ ने माना कि उनकी सेना भारतीय इलाके में घुसी हुई है। भारत ने उनके कथन का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खुलासा कर दिया। इस प्रकार 14 जुलाई को भारत का ऑपरेशन सफल हो गया और 26 जुलाई को सेना ने युद्ध को खत्म करने की घोषणा कर दी।

हिमाचल के कांगड़ा जिले के घुग्घर गांव में जन्मे कारगिल युद्ध के हीरो में से एक विक्रम बत्रा ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए दुश्मन के दिलों में खौफ पैदा कर दिया था। परमवीर विजेता कैप्टन बत्रा 7 जुलाई 1999 को देश के लिए शहीद हो गए। उनकी शहादत के बाद 4875 चोटी को कैप्टन विक्रम बत्रा के नाम से जाना जाने लगा। कैप्टन योगेन्द्र सिंह को सैन्य सम्मान परमवीर चक्र तथा संबंधित को भी सम्मानित किया गया।

अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

प्रधानमंत्री का दावा: अयोध्या मसला निर्धारित समय में हल कर लेंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव ने खुले तौर पर कहा है कि सरकार अयोध्या मसले को निर्धारित समय सीमा के भीतर हल कर लेगी। वह आज लोकसभा में अयोध्या मुद्दे पर वक्तव्य दे रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि जरूरी हुआ तो विभिन्न अदालतों में चल रहे अयोध्या से संबंधित मामलों को एक ही न्यायालय में लाया जाएगा। उस न्यायालय का निर्णय सभी पक्षों की मानना पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकारी स्तर पर अयोध्या मसले को 4 महीने के भीतर हल कर लिया जाएगा। उन्होंने सदन को बताया कि इस मामले पर उन्हें सभी लोगों की सहमति प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि मसले के हल के लिए सरकारी तौर पर प्रयासों में तेजी लायी जाएगी। अपने और साधु संतों के बीच हुई बातचीत का जिक्र करते हुए उन्होंने सदन को बताया कि उन्होंने साधुओं को विश्वास दिलाया है कि यदि विवादित स्थल पर निर्माण कार्य रोक दिया जाएगा तो मसले का शीघ्र ही हल ढूंढ लिया जाएगा। अयोध्या मसले पर अपनी पार्टी के स्टैंड को स्पष्ट करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि उनकी पार्टी मजिस्द को गिराये बिना मंदिर बनाए जाने के हक में है।

पंजाब में तीन खाड़कुओं सहित 5 मरे

चंडीगढ़। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता फाखर सिंह की खाड़कुओं द्वारा हत्या कर दी गई तथा उसके पुत्र, पुत्रवधू व नौकर को घायल कर दिया गया। इस बीच पंजाब में 3 खाड़कुओं सहित 5 लोग मारे गये। 2 खाड़कुओं को गिरफ्तार किया गया। खाड़कुओं ने जालंधर जिला के गांव पुनाचूर के सरपंच व मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता फाखर सिंह कीगोली मारकर हत्या कर दी तथा उसके पुत्र बलबीर सिंह, पुत्रवधू महेन्द्र कौर व नौकर परमजीत सिंह को घायल कर दिया।

ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1655- नीदरलैंड और ब्रांडेनबर्ग ने सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किये।
1694- इंग्लैंड सरकार के बैंकर के रूप में एक रॉयल चार्टर बैंक ऑफ इंग्लैंड को दिया गया।
1709- सम्राट इम्पेरर नाकमिकादो जापान के सिंहासन पर बैठे।
1713- रूस और तुर्की ने शांति संधि पर हस्ताक्षर किये।
1789- पहली फेडरल एजेंसी द डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेन अफेयर्स की स्थापना।
1836- दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में एडीलेड की स्थापना।
1862- अमेरिकी शहर कैंटन में तूफान का कहर, 40 हजार लोगों की मौत।
1888- फिलिप प्राट ने पहले इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल का प्रदर्शन किया।
1889- इंडियन नेशनल कांग्रेस की शाखा ब्रिटिश इंडिया को लंदन में दादाभाई नौरोजी, विलियम वेडरबर्न, डब्ल्यू एस कैन और विलियम डिग्बी के नेतृत्व में खोला गया।
1897- बाल गंगाधर तिलक पहली बार गिरफ्तार किए गए।
1813- आजादी के लिए संघर्ष करने वाली महिला क्रांतिकारी कल्पना दत्त का जन्म।
1921- प्रेडरिक बैंटिन के नेतृत्व में टोरंटो विश्वविद्यालय के जीव-रसायनज्ञों ने इंसुलिन के खोज की घोषणा की।
1922- ब्रूसेल्स में अंतर्राष्ट्रीय भौगोलिक संघ का गठन।
1935- चीन की यांग जी और होआंग नदी में बाढ़ से दो लाख लोगों की मौत।
1939- सीआरपीएफ की स्थापना हुई।
1940- भारतीय मूल की प्रसिद्ध लेखिका भारती मुखर्जी का जन्म।
1976- चीन के तंगशान में विनाशकारी भूकंप में 2,40,000 लोग मारे गए।
1982- तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की लगभग 11 साल में पहली अमेरिकी यात्रा।
1987- खोजकर्ताओं ने टाइटैनिक का मलबा खोजा।
1994- निशानेबाज जसपाल राणा ने विश्व शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।
1996- अमेरिका के जार्जिया प्रांत के अटलांटा शहर में आयोजित ओलंपिक खेलों के रंगारंग कार्यक्रम के दौरान बम धमाका।

बोल ब्यूटीफुल

अनिल अग्रवाल: यह वक्त हाथ से निकलना नहीं चाहिए क्योंकि यह समय भारत की तेज आर्थिक वृद्धि का समय है। हम थोड़े में ही संतुष्ट क्यों हो? हर साल भारत को 10 प्रतिशत से ज्यादा की दर से आगे बढ़ाना होगा। मौके ही मौके है हर तरह के उद्यम एवं कारोबार को बढ़ाने के लिए और बड़ी कंपनियों के लिए विश्वस्तरीय बनने के।

जगदीश उपासने: पेरिस ओलिंपिक का पहला दिन। अर्जेंटीना और मोरक्को का फुटबाल मैच मैदान पर हमले से स्थगित। खिलाड़ियों के पर्स एवं घड़ियों की चोरी। आस्ट्रेलियाई साइकिलिंग टीम की कार में तोड़फोड़ और उनके सामान की चोरी।

संजय निरुपम: पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने हद कर दी। उन्होंने लोकसभा में एक खालिस्तानी की रिहाई की मांग कर दी। क्या कांग्रेस खालिस्तानी आतंकवाद के समर्थन में खड़ी है?

अपराध कथा

हत्या करते समय आजकल जरा भी क्यों नहीं हिचकिचाते लोग?

सहनशक्ति क्यों इतनी कम हो गई है कि लोग पूरे परिवार का ही गला काटते समय जरा भी नहीं हिचकिचाते? क्यों लोग शक के चलते परिवार को मार डालते हैं और फिर खुद भी अपनी जिंदगी खराब कर लेते हैं? क्या मां भी कभी अपने मासूम बेटे की हत्या कर सकती है? क्या कोई मामूली विवाद में बर्खास्त सिपाही की हत्या कर सकता है। इन सभी सवालों के जवाब 'हां' में हैं।

परिवार के छह लोगों की हत्या

पंजाब के रोपड़ की जिला अदालत ने तीन लोगों की हत्या के आरोपी को दोषी ठहराते हुए 70 साल की सजा सुनाई है। दोषी रोपड़ जिले के मोरिंडा का रहने वाला 28 वर्षीय आलम है।

आलम ने अपनी पत्नी काजल, भाभी जसप्रीत और भतीजे साहिल की चार साल पहले तीन जून को कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी। इन हत्याओं के बाद आलम ने खुद भी जहर खा कर आत्महत्या करने की कोशिश की थी, लेकिन अस्पताल में इलाज की वजह से उसकी जान बच गई थी।

पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ (हत्या) और आत्महत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया था. अदालत ने दोषी को तीन लोगों की हत्या में 20-20 साल की सजा सुनाई और अपने आदेश में कहा कि यह तीनों सजाएं एक साथ नहीं, बल्कि अलग-अलग चलेंगी।

आलम अपनी पत्नी काजल पर शक करता था, इसीलिए उसने इस खौफनाक तिहरे हत्याकांड को अंजाम दिया। दोषी ने पत्नी काजल सहित अपनी साली जसप्रीत कौर और भतीजे साहिल की उस वक्त कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी, जब वे तीनों सो रहे थे।

अदालत के आदेश के मुताबिक 20 साल की एक सजा पूरी होने के बाद दूसरी सजा चलेगी। ऐसे में दोषी को 60 साल की सजा काटनी पड़ेगी। वहीं एक अन्य मामले में दोषी को 10 साल की सजा सुनाई गई है. कुल मिला कर दोषी करार दिए गए आलम को पूरे 70 साल जेल में बिताने पड़ेंगे।

तिहरे हत्याकांड में 70 साल कैद

पंजाब के रोपड़ की जिला अदालत ने तीन लोगों की हत्या के आरोपी को दोषी ठहराते हुए 70 साल की सजा सुनाई है। दोषी रोपड़ जिले के मोरिंडा का रहने वाला 28 वर्षीय आलम है।

आलम ने अपनी पत्नी काजल, भाभी जसप्रीत और भतीजे साहिल की चार साल पहले तीन जून को कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी। इन हत्याओं के बाद आलम ने खुद भी जहर खा कर आत्महत्या करने की कोशिश की थी, लेकिन अस्पताल में इलाज की वजह से उसकी जान बच गई थी।

पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ (हत्या) और आत्महत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया था। अदालत ने दोषी को तीन लोगों की हत्या में 20-20 साल की सजा सुनाई और अपने आदेश में कहा कि यह तीनों सजाएं एक साथ नहीं, बल्कि अलग-अलग चलेंगी।

आलम अपनी पत्नी काजल पर शक करता था, इसीलिए उसने इस खौफनाक तिहरे हत्याकांड को अंजाम दिया। दोषी ने पत्नी काजल सहित अपनी साली जसप्रीत कौर और भतीजे साहिल की उस वक्त कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी, जब वे तीनों सो रहे थे।

अदालत के आदेश के मुताबिक 20 साल की एक सजा पूरी होने के बाद दूसरी सजा चलेगी। ऐसे में दोषी को 60 साल की सजा काटनी पड़ेगी। वहीं एक अन्य मामले में दोषी को 10 साल की सजा सुनाई गई है. कुल मिला कर दोषी करार दिए गए आलम को पूरे 70 साल जेल में बिताने पड़ेंगे।

ढाई साल के बेटे की हत्या

चंडीगढ़ की जिला अदालत ने अपने ढाई साल के बच्चे को दर्दनाक मौत देने वाली मां को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोषी महिला रूपा पर पच्चीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

सेक्टर-45 स्थित गांव बुड़ैल में दोषी महिला ने चार साल पहले अपने ढाई साल के बच्चे को मार दिया था। इस कलयुगी मां ने पहले मासूम बच्चे का गला दबाया और उसे घर में बेड के अंदर बंद कर दिया. दम घुटने से बच्चे की मौत हो गई थी। यह बच्चा ठीक से नहीं बोल पाता था।

दोषी महिला की पहचान रूपा वर्मा (29) के रूप में हुई थी। ढाई साल के मृतक बच्चे का नाम दिव्यांशु वर्मा था। अपने बच्चे को मारने के बाद यह महिला फरार हो गई थी. उसके पति दशरथ ने अपनी पत्नी और बच्चे की गुमशुदगी की रिपोर्ट सेक्टर 45 थाने में दी थी।

इसी दौरान पति को एक गुमनाम नंबर से फोन आया था। यह फोन उसकी पत्नी ने ही किया था। रूपा ने अपने पति को बताया कि दिव्यांशु बेड के बॉक्स में बंद है। जैसे ही दशरथ ने बॉक्स खोला तो बच्चा बेसुध था। वह बच्चे को तुरंत सेक्टर-32 के अस्पताल लेकर गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

दशरथ वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि रूपा ने उसके पूरे परिवार को खत्म करने की कोशिश की थी। पति की शिकायत के बाद रूपा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस की पूछताछ के दौरान रूपा ने अपने बच्चे की हत्या की बात कबूल कर ली थी।

बर्खास्त सिपाही की हत्या

हरियाणा में रोहतक जिले के सांघी गांव में पुलिस के एक बर्खास्त सिपाही बिजेंद्र सिंह (42) की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या के इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

बिजेंद्र हरियाणा पुलिस के जवान के रूप में तैनात था, लेकिन किन्हीं कारणों से उसे पुलिस से बर्खास्त कर दिया गया था। बर्खास्त होने के बाद वह गांव में रहने लगा था।

कुछ लोगों के साथ बैठकर शराब पीते समय किसी बात पर उसका विवाद हो गया, जहां दोस्तों ने ही लाठी-डंडों से पीटकर उसकी हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस फौरन मौके पर पहुंची। सदर थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने हत्या की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

रिपोर्ट: सुमित्रा

खुद के कामों का हिसाब देने की बजाए कांग्रेस के काम गिनवाकर वोट मांग रही बीजेपी : हुड्डा

6000 पेंशन, कर्मचारियों को ओपीएस, 2 लाख पक्की नौकरी, 100 गज के प्लॉट व 500रु में सिलेंडर देगी कांग्रेस- हुड्डा

जरुरतमंद मरीजों का मुफ्त इलाज करवाएगी कांग्रेस, मिलेगा 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज- हुड्डा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

सिरसा, 26 जुलाई। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि 10 साल से सत्ता में बैठी बीजेपी के पास गिनवाने लायक एक भी काम नहीं है। इसलिए अपने कामों का हिसाब देने की बजाए बीजेपी के मुख्यमंत्री अपनी रैलियों में कांग्रेस के काम गिनवा रहे हैं। जब लोगों ने इस झूठ को पकड़ लिया तो अब सरकार अधिकारियों पर कार्रवाई कर अपनी खीज निकाल रही है। जबकि सच्चाई ये है कि पूरे कार्यकाल में बीजेपी ने कांग्रेस सरकार के दौरान मंजूर हुई और निर्माणाधीन योजनाओं का फीता काटने के अलावा कोई काम नहीं किया। इसीलिए आज तक बीजेपी ने 'हरियाणा मांगे हिसाब' चार्जशीट में पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दिया।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा आज सिरसा में हुए धन्यवादी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे थे। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान भी उनके साथ मौजूद रहे। दोनों नेताओं का यहां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। हुड्डा और उदयभान ने लोकसभा चुनाव में कुमारी सैलजा को बड़े अंतर से जितवाने के लिए सिरसा की जनता का आभार जताया और पूरी ताकत के साथ पार्टी के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं की जमकर सराहना की।

इस मौके पर हुड्डा ने कहा कि 10 साल में भाजपा ने जनता को भय, भ्रष्टाचार, अपराध, नशा, बेरोजगारी और महंगाई के अलावा कुछ नहीं दिया। इसलिए आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता को बीजेपी से 750 किसानों की शहादत, पहलवान बेटियों पर हुए अत्याचार, किसान-कर्मचारी-सरपंच-सफाईकर्मी समेत हर वर्ग पर हुए लाठीचार्ज, युवाओं के साथ हुए भर्ती घोटालों, महिला व दलितों से हुई वारदातों, व्यापारी को मिली फिरौती की धमकियों और गरीब मजदूरों पर पड़ी महंगाई व मंदी की मार का बदला लेना है। लोकसभा के नतीजों से भी स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश से बीजेपी की विदाई तय है और कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। इसलिए पार्टी अभी से प्रदेश की जनता के बीच अपनी योजनाओं का रोडमैप लेकर पहुंच रही है।

हुड्डा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर प्रदेशवासियों को 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मुहैया करवाया जाएगा। जरूरतमंद मरीजों के इलाज की जिम्मेदारी खुद कांग्रेस सरकार उठाएगी। साथ ही पार्टी की सरकार बनने पर प्रत्येक बुजुर्ग को रुपये 6000 पेंशन, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ दिया जाएगा। महंगाई से लोगों को राहत देने के लिए 500 रुपये में गैस सिलेंडर व 300 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाएगी। बीजेपी द्वारा फैलाई गई भयंकर बेरोजगारी पर काबू पाने के लिए सरकारी विभागों में खाली पड़े 2 लाख पदों पर योग्यता अनुसार मेरिट के आधार पर पक्की भर्तियां की जाएंगी।

अपने संबोधन में चौधरी उदयभान ने सम्मेलन में मौजूद कांग्रेसजनों से आह्वान करते हुए कहा कि अगले 3 महीने किसी को भी घर नहीं बैठना है। अगर जनहित करने वाली एक मजबूत सरकार बनानी है तो हर दिन जनता के बीच रहना होगा। उनके मुद्दों और समस्याओं को नजदीक से समझना होगा और उन्हें कांग्रेस की नीतियों के बारे में बताना होगा। तभी सरकार बनने पर कांग्रेस लोगों की समस्याओं का समाधान कर पाएगी।

चौधरी उदयभान ने कहा कि बीजेपी बिना सिर-पैर की बयानबाजी करके जनता को बरगलाना चाहती है। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने महेंद्रगढ़ में आकर दावा किया कि केंद्र सरकार ने हरियाणा को विकास के लिए 259 लाख करोड़ रूपये दिए हैं। जबकि पूरे देश का कुल बजट 48 लाख करोड़ है। ऐसे में बीजेपी ने हरियाणा को 259 लाख करोड़ रुपये कहां दे दिए? अगर दिए तो इतना रुपया आखिर कहां गया? 48 साल में प्रदेश पर जो 70 हजार करोड़ का कर्ज था, वो बीजेपी के 10 साल में बढ़कर साढ़े 4 लाख करोड़ कैसे हो गया? प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान अथक मेहनत से प्रदेश में शानदार शिक्षा व स्वास्थ्य तंत्र तैयार किया गया था। इतना ही नहीं सुदृढ़ कानून व्यवस्था के चलते प्रदेश में निवेश का जबरदस्त माहौल बना था। लेकिन बीजेपी ने तमाम व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ाकर रख दी। दुनिया में देश का परचम लहराने वाले युवाओं को बीजेपी ने नशे और बेरोजगारी की दलदल में धकेल दिया है।

केंद्र सरकार ने मंजूरी के बावजूद भी हरियाणा की बड़ी परियोजनाओं को बजट नहीं दिया : दुष्यंत

किसान सम्मान निधि का बजट घटाने से दो करोड़ किसान योजना से हुए वंचित ङ्क पूर्व डिप्टी सीएम

घर खरीदने वाले आम लोगों पर कैपिटल गेन टैक्स की पड़ेगी भारी मार, केंद्र सरकार करे पुनर्विचार : दुष्यंत चौटाला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 26 जुलाई। हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने केंद्रीय बजट को हरियाणा के चुनावी वर्ष को देखते हुए बेहद निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि बजट सिर्फ बिहार और आंध्र प्रदेश तक सीमित रहा, जबकि सरकार की मंजूरी के बावजूद भी हरियाणा की बड़ी परियोजनाओं को बजट में जगह नहीं मिली। दुष्यंत चौटाला शुक्रवार को चंडीगढ़ में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रशासनिक मंजूरी वाले हरियाणा के 3500 करोड़ रुपए के प्रस्तावित प्रोजेक्ट हिसार-रेवाड़ी हाईवे को केंद्र सरकार ने बजट नहीं दिया लेकिन 10 दिनों में 11 पुल गिरने वाले राज्य बिहार में 36 हजार करोड़ रुपए का विशेष बजट केवल सड़कों के विकास के लिए दे दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के रेल परियोजनाओं के बजट में भी केंद्र सरकार ने हरियाणा की अनदेखी की है। उन्होंने कहा कि झज्जर-फरुखनगर रेल का विस्तार, कैथल-बहादुरगढ़ में रेल लाइन को एलिवेटेड बनाने और स्टेशन के पुनर्निर्माण के मंजूर प्रोजेक्ट को भी केंद्र ने अपने बजट में जगह नहीं दी।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि किसान की आय दोगुनी करने की बात करने वाली भाजपा ने किसानों के बजट को भी कम करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों की संख्या 11.39 करोड़ से घटाकर 9.26 करोड़ कर दी है यानी कि अब करीब दो करोड़ लाभार्थी किसान इस योजना से हट गए है। इसी तरह खाद्य सब्सिडी का बजट भी पिछले वर्ष के मुकाबले 12 हजार करोड़ रुपए कम है।

पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने टैक्स जुड़े एक गंभीर विषय को उठाते हुए कहा कि केंद्रीय बजट में कैपिटल गेन टैक्स को छह प्रतिशत करके सरकार ने बड़े बिल्डरों को मुनाफा देकर आम लोगों पर टैक्स की भारी मार मारी है। उन्होंने कहा कि इस टैक्स बढ़ोतरी से घर खरीदने वाले आम लोगों को बेचने के दौरान टैक्स देना होगा जबकि पहले यह टैक्स बिल्डरों को चुकाना पड़ता था। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इस विषय पर केंद्र सरकार पुनर्विचार करे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इसके लिए वे केंद्रीय वित्त मंत्री को पत्र भी लिखेंगे और हरियाणा सरकार को भी इसको लेकर जरूर कदम उठाना चाहिए क्योंकि हरियाणा को इसका ज्यादा नुकसान होगा।

कारगिल विजय दिवस भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता का प्रतीक : रामचंद्र जडौला

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल, 26 जुलाई। पूर्व हैफेड डायरैक्टर एवं प्रसिद्ध समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और बलिदान का प्रतीक है। कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सेना ने बहादुरी और समर्पण की कई मिसालें पेश कीं। युद्ध के कई महान नायक और कई अन्य सैनिकों ने अपने अद्वितीय साहस और बलिदान के लिए याद किए जाते हैं।

रामचंद्र जडौला ने कारगिल युद्ध के वीर शहीदों की शहादत को नमन करते हुए कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक सैन्य विजय का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह भारतीय सेनाओं की दृढ़ता, बलिदान और अनुशासन का प्रतीक भी है। यह दिन देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो हर साल भारतीय सेना की बहादुरी और उनके योगदान की सराहना करता है। विजय कारगिल दिवस भारतीय एकता और अखंडता की भावना को मजबूत करते हैं। समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने कहा कि 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने कारगिल क्षेत्र में पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्रों को पूरी तरह से मुक्त कर लिया। इस विजय ने भारत को एक महत्वपूर्ण सैन्य उपलब्धि दिलाई और यह दर्शाया कि भारतीय सेना की ताकत और रणनीति कितनी प्रभावशाली है।

यह भी एक महत्वपूर्ण क्षण था जब भारत ने अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के प्रति अपनी संकल्पबद्धता का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है, जो न केवल सैन्य रणनीति की सफलता का प्रतीक है, बल्कि भारतीय सेना की बहादुरी और समर्पण की अनूठी कहानी भी है। यह दिन हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है, जो यह याद दिलाता है कि स्वतंत्रता और सुरक्षा की रक्षा में हमारे जवान कितनी कठिनाइयों का सामना करते हैं। इस दिन को मनाना और युद्ध के नायकों को सम्मानित करना, हम सभी की जिम्मेदारी है, ताकि उनकी वीरता और बलिदान को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जा सके।

सरकार ने डॉक्टरों की 4 में से एक मांग मानी, भूख हड़ताल पर अड़े

सिविल अस्पताल में चरमराई स्वास्थ्य सेवाएं, मरीज हुए परेशान

स्वास्थ्य विभाग का दावा स्पेशल कंसल्टेंट ने डीएनबी डॉक्टरों के साथ की 2 हजार मरीजों की जांच

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

पंचकूला, 26 जुलाई। डॉक्टरों की भूख हड़ताल शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी होने से जिले में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा गई। प्रदेश सरकार के साथ हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के बीच हुई वार्ता में फिलहाल चार मांगों में से 1 मांग पर सहमति बनी जिसके बाद डॉक्टर शुक्रवार को भूख हड़ताल का ऐलान करते हुए धरने पर बैठ गए।

डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश ख्यालिया व उपाध्यक्ष डॉक्टर वीरेंद्र हांडा समेत सभी डॉक्टर आज पूरा दिन पंचकूला में हड़ताल पर बैठे रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मांगें नहीं मानने तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी। इससे पहले डॉक्टरों की एसीएस हेल्थ सुधीर राजपाल के साथ बैठक भी बेनतीजा रही। उधर, डॉक्टरों के विरोध को देखते हुए अस्पताल में पुलिस भी तैनात कर दी गई है।

जिले के सरकारी अस्पताल के मरीजों को स्पेशलिस्ट डॉक्टरों के परामर्श के बिना ही बेईलाज वापस लौटना पड़ रहा है। पंचकूला सेक्टर-6 स्थित सिविल अस्पताल में जहां हड़ताल के पहले दिन इमरजेंसी सेवाएं भी ठप रही, वहीं दूसरे दिन इमरजेंसी सेवाओं को चंद डॉक्टरों के सहारे स्थाई रूप से बहाल किया गया। सिविल अस्पताल के करीब 130 डॉक्टरों में से अधिकतर हड़ताल में शामिल हुए जिसके कारण अस्पताल समेत जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर देवाएं ठप रहीं। मरीजों को एक से दूसरी ओ पी डी के चक्कर लगाने पद रहे हैं। माना जा रहा है कि हरियाणा में सरकारी अस्पतालों के मरीजों की परेशानी लंबे समय तक खिंचने वाली है, क्योंकि प्रदेश सरकार के मांगें न मानने पर हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज (एचसीएमएस) के डॉक्टरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखने का फैसला लिया है।

डॉक्टर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉक्टर वीरेंद्र हांडा ने कहा कि अब उनके पास कोई विकल्प शेष नहीं है और सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति गंभीर नहीं है। उधर वार्ता सिरे नहीं चढ़ने से शनिवार को डॉक्टर भूख हड़ताल करेंगे।

गौरतलब है कि गत दिवस मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर की सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के साथ चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास पर करीब 5 घंटे तक बैठक हुई। लेकिन इस बैठक में भी सभी मांगों को लेकर सहमति नहीं बन सकी।

एसीपी की मुख्य मांग नहीं मानी

एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉक्टर वीरेंद्र हांडा ने बताया कि वर्तमान में डॉक्टरों को 5, 10, 15 साल में एश्योर करियर प्रोग्रेशन (एसीपी) दिया जाता है। जबकि एसोसिएशन की मांग है कि 4, 9, 13 साल की सेवा पर एसीपी दिया जाए। लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा इसे माना नहीं गया है। इसके अलावा डॉक्टरों के लिए एक स्पेशल कैडर के गठन की मांग पर भी सरकार ने सहमति व्यक्त नहीं की।

सरकार ने केवल एक मांग मानी

एसोसिएशन के उपाध्यक्ष ने बताया की प्रदेश सरकार ने अब तक केवल पीजी बॉन्ड की मांग को माना है, जिसकी नोटिफिकेशन जारी की गई है. जबकि वर्षों से की जा रही अन्य मांगों को सही ठहराए जाने पर भी माना नहीं जा रहा. पीजी बॉन्ड के अनुसार सर्विस में रहते पीजी (पोस्ट ग्रेजुएट) करने के लिए फिलहाल तक 1-1 करोड़ रुपये के दो बॉन्ड भरने पड़ते थे, जबकि अब पहले की तरह यह राशि 50 लाख रुपए कर दी गई है. इसके अलावा डॉक्टरों की मांग है कि सीधी भर्ती न कर पदोन्नति के माध्यम से सीनियर मेडिकल ऑफिसर (एसएमओ) बनाए जाएं।

सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस तेज गति से हो रही है मजबूत:प्रदीप चौधरी

कैथल (अप्रस)। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा कि सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के कुशल नेतृत्व में कांग्रेस प्रदेश के हर जिले में दिनोंदिन तेज गति से मजबूत व सशक्त हो रही है। हर वर्ग के लोग हुड्डा की अगुवाई में कांग्रेस की नीतियों में आस्था व्यक्त कर पार्टी से जुड़ रहे है। प्रदीप चौधरी पूंडरी हलके के कई गांवों में हरियाणा मांगे हिसाब कांग्रेस से ही आस अभियान के तहत पार्टी की नीतियों का प्रचार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से हरियाणा मांगे हिसाब अभियान जनता का आंदोलन बन चुका है और हर वर्ग के लोग सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हुए सरकार से हिसाब मांग रहे है, लेकिन सरकार हाथ पे हाथ धरकर हिसाब देने की बजाए चुप्पी साधे हुए है। जिससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा ने विकास व रोजगार के नाम पर जनता को गुमराह करने का काम किया है और झूठे जुमले उछाले है। जिसका जनता अब विधानसभा चुनाव में हिसाब करते हुए भाजपा को सत्ता से बाहर कर हुड्डा की अगुवाई में कांग्रेस सरकार बनाने का काम करेगी।

आरकेएसडी कॉलेज के नए विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कम इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल, 26 जुलाई। आरकेएसडी कॉलेज में प्रथम सेमेस्टर के सभी नए विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कम इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कॉलेज के सभी अध्यापकों, कॉलेज में उपलब्ध ढांचागत सुविधाओं, समय-सारिणी, विभिन्न प्रकोष्ठों व उनकी गतिविधियों तथा कॉलेज की शैक्षणिक व परीक्षा नीतियों से अवगत कराना था। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने अपने पावर-पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को कॉलेज की समग्र कार्यप्रणाली, छात्रवृत्ति, फीस, बस पास आदि के लिए कॉलेज लिपिक कार्यालय में उपलब्ध विभिन्न विंडो के बारे में बताया। कॉलेज के एनईपी व ईआरपी प्रभारी डॉ. गगन मित्तल ने नई शिक्षा नीति की वर्तमान संरचना तथा ईआरपी पोर्टल की कार्यप्रणाली और विद्यार्थियों द्वारा ईआरपी एप्लीकेशन डाउनलोड करने के बारे में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। कॉलेज के एनसीसी प्रभारी डॉ. रघबीर लांबा ने कॉलेज की एनसीसी इकाइयों और छात्रों को सेना और विभिन्न अन्य नागरिक विषयों की तैयारी कराने में एनसीसी की भूमिका के बारे में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। कॉलेज के एनएसएस प्रभारी डॉ. राजेश देसवाल ने छात्रों को सामाजिक सेवाओं के लिए तैयार करने में एनएसएस की भूमिका के बारे में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। प्लेसमेंट सेल के संयोजक प्रोफेसर विशाल आनंद ने छात्रों को कॉलेज द्वारा समय-समय पर प्रदान किए जाने वाले विभिन्न करियर अवसरों के बारे में बताया। इसी तरह डॉ. गुरदीप भोला, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. जयबीर धारीवाल और डॉ. रितु वालिया ने छात्रों को अपने सेल और गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

मनरेगा मजदूर यूनियन सदस्यों ने सरकार पर बजट में कार्य दिवस की कटौती करने का लगाया आरोप

अर्थ प्रकाश/कुलदीप परमार

कलायत, 26 जुलाई। क्रान्तिकारी मनरेगा मजदूर यूनियन सदस्यों ने भाजपा सरकार पर बजट में मजदूरों के कार्य दिवस की कटौती करने का आरोप लगाया है । गांव रामगढ़ में मजदूर यूनियन नेता अजय ने अपने संबोधन में बताया कि बीती 23 जुलाई को केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट पेश किया। मनरेगा बजट के लिए 86000 करोड़ रुपए अनुमानित किया गया है। जो वित्तीय वर्ष 2023-24 के मद व्यय से 19,298 करोड़ रुपए कम है। वहीं कुल जीडीपी के प्रतिशत के रूप में वित्त वर्ष 24-25 के लिए आवंटन केवल 0.26त्न के आसपास है। इस बजट से मजदूरों के कार्य दिवस में कटौती की जाएगी । पिछले 5 वर्षों के आंकड़ें देखे जाएं तो मनरेगा योजना में प्रति परिवार प्रदान किए गए रोजगार के दिनों की औसत संख्या केवल 45 से 55 दिनों के बीच रही है, कायदे से अगर सरकार को 100 दिन रोजगार देने का वादा पूरा करना था तो सरकार को 2.5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के बजट का प्रावधान करना चाहिए था।

कारगिल विजय दिवस भारत एवं भारतीयता की अस्मिता की रक्षा का शौर्य दिवस है : डा. श्रीप्रकाश

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

कुरुक्षेत्र, 26 जुलाई। भारतीय संस्कृति, क्षमा और साहस की भूमि है। यह देश और इसका इतिहास दुनिया के लिए उल्लेखनीय और प्रेरणादायक है। भारतीय आदिकाल से सबसे कठिन दृश्यों से गुज़रे हैं और फिर भी अपना गौरव बनाए रखने में कामयाब रहे हैं। हमारे सैनिकों ने कई लड़ाइयां लड़ी हैं और उनमें जीत हासिल की है। ऐसा ही एक यादगार युद्ध है कारगिल। इस भूमि को बचाने के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय सैनिकों के बलिदान को याद करने के लिए 26 जुलाई को कारगिल दिवस मनाया जाता है। यह वह दिन है, जब भारतीय सैनिकों ने कारगिल की ऊंची चोटियों पर पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ कर राष्ट्र की रक्षा की थी।

यह विचार कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित राष्ट्र रक्षा संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता पूजन एवं वीर शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुआ। मातृभाषा शिक्षा मंदिर के विद्यर्थियों ने राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण कविताएं एवं गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल कुरुक्षेत्र के शारीरिक शिक्षा विभाग के डा. राजवीर सिंह अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा आज का दिन हमारे देश के लिए गौरव का दिन है। कारगिल युद्ध कठिन परिस्थितियों में लड़ा गया था। कड़के की ठंड, दुर्गम भूभाग और पाकिस्तानी सेना का मजबूत किला - इन सब चुनौतियों का सामना करते हुए हमारे वीर जवानों ने अदम्य साहस का परिचय दिया। उन्होंने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। आज के दिन, हम उन शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं जिन्होंने हमें आजादी का सुख दिया।

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश के खिलाड़ी दिखा रहे अपना हुनर : वैशाली

एडीसी डा. वैशाली शर्मा ने खेल विभाग की राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ प्रतियोगिता 2024 का किया शुभारंभ

3 दिवसीय खेल महाकुंभ में साइक्लिंग, जूडो, हॉकी व वॉलीबॉल के खिलाड़ी दिखाएंगे अपनी प्रतिभा, प्रतियोगिता में भाग ले रहे है 1656 खिलाड़ी

अर्थ प्रकाश/कुलतार

कुरुक्षेत्र, 26 जूलाई। अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा के खिलाड़ी अपना हुनर दिखा रहे है। इस समय हरियाणा के खिलाड़ियों का पूरे विश्व में दबदबा है। इस प्रदेश के खिलाड़ी ओलम्पिक, कॉमनवेल्थ जैसी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश के लिए मेडल जीतकर देश का नाम रोशन कर रहे है। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए खेल महाकुंभ जैसी प्रतियोगिताए खिलाड़ियों के सफर को सहज बनाती है। इसलिए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़कर भाग लेना चाहिए।

एडीसी डा. वैशाली शर्मा शुक्रवार को द्रोणाचार्य स्टेडियम में खेल विभाग हरियाणा द्वारा राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ 2024 के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि खिलाड़ियों को संबोधित कर रही थी। इससे पहले एडीसी डा. वैशाली शर्मा ने प्रदेश भर से आए खिलाड़ियों के मार्च पास्ट को सलामी दी और विधिवत रुप से खेल प्रतियोगिताओं का शुरु करने की घोषणा की। इसके साथ ही एडीसी ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने की शपथ भी दिलवाई। एडीसी ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है, खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए, खेल खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है तथा किसी प्रकार की कोई बीमारी नहीं होती। जीवन में हार जीत चलती रहती है लेकिन हमें हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना है और अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को खेलों के प्रति प्रेरित करे तथा उनको उनकी रूचि के अनुसार खेलों में आगे बढ़ने में मदद करे। राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ 2024 आगामी 28 जुलाई तक चलेगा, इस तीन दिवसीय खेल महाकुंभ में साइकिलिंग, जुड्डो, हॉकी और वॉलीबॉल खेलों का आयोजन होगा।

एडीसी ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों के लिए अनेक कार्य कर रही है, हर गांव में स्टेडियम बनाएं जा रहे है, जहां पर खिलाड़ी अपने खेल से संबंधित खेल का प्रशिक्षण लेंगे। इसके साथ-साथ व्यायामशालाएं बनाई जा चुकी है, जहां पर शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायामशालाओं में योग करते है। इस राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में प्रदेश के सभी जिलों के 1656 खिलाड़ी भाग ले रहे है, जिसमें 1094 पुरुष खिलाड़ी तथा 562 महिला खिलाड़ी शामिल है। इन खेलों में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की सड़क पर तथा चंडीगढ हिसार हाईवे पर साइक्लिंग, द्रोणाचार्य स्टेडियम कुरुक्षेत्र में जूडो, मारकंडेश्वर हॉकी स्टेडियम शाहबाद में हॉकी और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में वॉलीवाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

एडीसी ने इस मौके पर मार्च पास्ट की सलामी ली और खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की तथा सभी खिलाडि?ों को मादक पदार्थो से दूर रहकर एक सच्चे खिलाड़ी की भावना से खेलों के गौरव संबंधित शपथ दिलवाई। जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि खेल महाकुंभ में प्रदेश भर से आए खिलाड़ियों के लिए खेल विभाग हरियाणा की तरफ से ठहरने, खाने सहित अन्य प्रकार तमाम पुख्ता प्रबंध किए है। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन करने के लिए प्रशिक्षकों की डयूटियां लगाई गई है और किसी स्तर पर लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी विकास कुमार ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम के मंच का संचालन एआईपीआरओ बलराम शर्मा ने किया। इस मौके पर साइकिलिंग कोच पंजाब सिंह, जुड्डो कोच रामनिवास, हॉकी कोच गुरबाज सिंह, वॉलीवाल कोच रजनी देवी सहित प्रदेश भर से आए हुए खिलाड़ी उपस्थित थे।

अधिकतम 34 डिग्री से.
डिग्री से. 29 न्यूनतम
सूर्यादय 5.38 बजे
सूर्यास्त 7.21 बजे

सोना 24 कैरेट	69,930.00
सैंसेक्स	81,332.72
अमेरिका	83.72
कैनेडियन	60.59
आस्ट्रेलिन	54.93

न्यूज ब्रीफ

ठगी के दो मामलों में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)। यूटी पुलिस ने अलग अलग दो मामलो में ठगी करने वाले आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता नीरज कुमार ने पुलिस को बताया की जिसने व्हाट्सएप पर होटल रेटिंग के जरिए शिकायतकर्ता से करीब 7.5 लाख रुपये की ठगी की है। मामले की की शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 5 मार्च 2024 को उन्हें एक अज्ञात नंबर से कॉल आया और कहा कि वह कॉइन डीसीएक्स कंपनी से है, और उन्हें टेलीग्राम ऑनलाइन पोर्टल में कार्य देने की ऑनलाइन नौकरी की पेशकश की है। पीड़ित उसके झांसे मे आ गया। शिकायतकर्ता ने कई ऑनलाइन लेनदेन के माध्यम से दिए गए खाते में कुल रु. 4,86,604/- जमा कर दिए। जब कुछ दिन बाद संपर्क किया तो उन्होंने संपर्क करना बंद कर दिया तब पीड़ित को पता चला कि उसके साथ धोखाधडी हो गई है। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया है।

ग्रिल व मैनहोल कवर चोरी, मामला दर्ज

चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)। थाना 49 पुलिस ने ग्रिल और मैनहोल कवर चोरी के मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया की कोई अज्ञात एक और दो जून के बीच सैक्टर 49 स्थित बीएसएनएल एक्सचेंज बिल्डिंग से 36 टुकड़े ग्रिल और एक मैनहोल कवर चोरी कर ले गया। जब मामले के बारे में पता चला तो जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोटर साइकिल सवार शातिर महिला का मोबाइल फोन छीनकर फरार

चंडीगढ़ (अप्रस/शम्मी)। थाना 11 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत एक मोटर साइकिल पर सवार तीन शातिर एक महिला का मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गए। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक धनास की रहने वाली पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया की वह वीरवार को अपने किसी कान से आकर घर की तरफ जा रही थी। जैसे ही वह धनास टर्न के पास पहुंची तो इसी दौरान एक मोटर साइकिल पर सवार तीन शातिर उसका मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गए।

रिक्शा चालक से बीड़ी पीने को लेकर कहासुनी, तेजधार हथियार के बट से हमला कर किया जख्मी

चण्डीगढ़ (अप्रस)। शुक्रवार को पीजीआई स्थित चोक के पास रिक्शा चालक को बीड़ी पीने को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ़ गई की व्यक्ति ने रिक्शा चालक पर तेजधार हथियार के बट से हमला कर दिया। जिसके वह जख्मी हो गया। जिसे तुरंत स्थानीय अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं पुलिस मामले को लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि शुक्रवार दोपहर बाद थाना 11 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत रिक्शा चालक द्वारा बीड़ी पीने को लेकर कहा सुनी हो गई थी। कहां सुन इतनी बढ़ गई की व्यक्ति ने हमला कर दिया और वह जख्मी हो गया था। वहीं थाना 11 पुलिस मामले को लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है।

नगर निगम सदन की 337वीं बैठक

मनीमाजरा में नये गवर्नमेंट स्कूल के निर्माण को मंजूरी समेत 20 प्रस्तावों को हरी झंडी

सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच शोर-शराबा भी चलता रहा

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

चंडीगढ़, 26 जुलाई। नगर निगम चंडीगढ़ की शुक्रवार को आयोजित 337वीं सदन बैठक में लगभग सभी प्रस्तावों को हरी झंडी मिल गई। दो-एक प्रस्तावों को केवल स्थगित किया गया, जिनमें ड्राफ्टिंग की भाषा और शब्दावली में कुछ बातें स्पष्ट नहीं हो पा रही थीं।

मौजूदा राधा कृष्ण को-आप लेबर एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी की जगह जेम कंपनी के हक में टेंडर फ्लोर करने और रायपुर कलां में निर्मित वेटर्नरी हॉस्पिटल में मानव शक्ति को बढ़ाने और उनके वेतन की धनराशि तय करने के लिए प्रस्तुत प्रस्ताव भी पारित कर दिया गया। इसके पैसों संबंधी हेड को तब्दील किया जायेगा।

इंदिरा कालोनी मनीमाजरा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (यू.ए.ए.एम.) की 99उ वर्षों की लीज को समाप्त कर हैल्थ डिपार्टमेंट एवं नगर निगम के बीच तालमेल कर इसके सुयोग्य संचालन के लिए मार्ग प्रशस्त करने संबंधी प्रस्ताव को भी हरी झंडी मिल गई है। इसमें पब्लिक हैल्थ को प्राथमिकता दी जायेगी। निगम कमिश्नर ने इस पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग नगर निगम का अहम हिस्सा है। इसलिए इसे वरीयता दी जायेगी।

मनीमाजरा में नये गवर्नमेंट स्कूल के निर्माण के लिए पाकेट नंबर 4 एंव 5 के अंदर पड़ी चार एकड़ भूमि को अलाटमेंट करने का प्रस्ताव भी ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्र फेज-एक के एक मात्र सलाटर हाउस के लिए नई स्केडिंग कम-डी-हेयरिंग मशीन और इलेक्ट्रिकल स्टनिंग मशीन की खरीद फरोख्त का प्रस्ताव भी पारित हो गया। यह कार्य सलाटर हाउस के पिग सेक्शन के लिए होगा।

वहीं हरियाणा राज्य बनाम जय सिंह एवं अन्य के रूप में रिपोर्ट किये गये सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का क्रियान्वयन करने, जिसे 2022 (2) आर.सी.आर. (सिविल) 803 के रूप में रिपोर्ट किया गया है, जो शामलाल भूमि और जुमला-मुश्तारका मालकान भूमि को संबंधित ग्राम पंचायत या संबंधित नगर निकायों में निहित करने के संबंध में सात अप्रैल वर्ष 2022 को तय किया गया था, पंजाब नगर निगम में संशोधन के संबंध में, चंडीगढ़ संशोधन अधिनियम 2024 तक कानून का विस्तार किया गया। इसी प्रकार टैक्सी स्टैंड के आवंटियों/मालिकों को बकाया राशि तथा टैक्सी स्टैंड के आगे आवंटन के प्रस्ताव को भी पारित कर दिया गया।

ऐसे ही चंडीगढ़ स्थित बुड़ैल गांव के अंदर सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रतिस्थापना के बाद 80 मिलीमीटर मोटे पेवर ब्लाक का उपयोग करके आंतरिक शेष सड़कों के निर्माण संबंधी प्रस्ताव भी ध्वनिमत के साथ पारित कर दिया गया।

इसी प्रकार सेक्टर 41-बी के पार्कों के चारां तरफ पेवर ब्लाक लगाने और बिछाने के कार्य संबंधी प्रस्ताव भी पारित कर दिया गया। सेक्टर 22-सी एंड डी में नेबरहुड पार्कों से सटे क्षतिग्रस्त 60 मिमि मोटे पेवर ब्लॉकों की मरम्मत के लिए भी प्रस्तुत प्रस्ताव को सदन की हरी झंडी मिल गई।

इसी प्रकार सेक्टर 46 ए, बी, सी व डी में वी-5 रोड पर मौजूदा पेवर ब्लॉक को हटाने के बाद पेवर ब्लॉक फुटपाथ के पुनर्निर्माण कार्य के लिए प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव को भी हरी झंडी मिल गई।

चंडीगढ़ के सेक्टर 38-सी में फायर स्टेशन बिल्डिंग और आवासीय मकानों की विशेष मरम्मत/नवीनीकरण के संबंधित प्रस्ताव भी ध्वनिमत के साथ पारित कर दिया गया।

सेक्टर 38-सी स्थित रानी लक्ष्मी बाई महिला भवन की बुकिंग और उसके किराये की दरें तय करने के लिए सदन में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। सत्तापक्ष की तरफ से इसके दुरुपयोग का आरोप लगाया गया। बाद में इसे भी पारित कर दिया गया।

इसी प्रकार वार्ड 17 के सेक्टर 22 एवं 23 की रोड गलियों को अपग्रेड करने और अतरिक्त पाइप लाइन लगाने सहित कुल 20 प्रस्तावों पर निगम सदन की हरी झंडी मिल गई।

अतिरिक्त सीवर लाइन बिछेगी

चंडीगढ़ के वार्ड 34 (सेक्टर 45 और 46) के विभिन्न स्थानों पर अतिरिक्त सीवर पाइप लाइन बिछाने और नये मशीन होल बनाने के द्वारा मौजूदा सीवरेज प्रणाली को मजबूत करने संबंधी कार्य के लिए आर.सी.ई. का प्रस्ताव भी पारित हो गया। इस पर 67.74 लाख खर्च होने का अनुमान है। इसी प्रकार सेक्टर 52 में पुनर्वास कालोनी की आंतरिक गली में 60 मिलीमीटर मोटी इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक को पुनः लगाने संबंधित प्रस्ताव को भी सदन की परवानगी मिल गई। बता दें कि निगम कमिश्नर ने सदन को स्पष्ट कर दिया कि निगम के पास विकास-कार्यों के लिए अभी वित्तीय संकट की स्थिति है। किंतु सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के कामों को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जायेगा। उनके पास पर्याप्त फंड आ जायेगा तो अन्य विकास कार्य भी होंगे।

कांग्रेस पार्षद बंटी ने फर्श पर बैठकर दिया धरना

कांग्रेस पार्षद जसबीर सिंह बंटी बैठक के दौरान मेयर के आसन के निकट फर्श पर धरना देने बैठ गये। उनका कहना था कि उनसे संबंधित कार्ड के प्रस्ताव एजेंडे में कब आयेंगे। उनकी पहले से ही यह नाराजगी चल रही है कि उनके वार्ड के विकास कार्यों की उपेक्षा हो रही है। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस-आम आदमी पार्टी का मेयर होने के बावजूद आज उन्हें धरने पर बैठना पड़ा। बंटी के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी के सभी पार्षद भी वेल में आकर उनके साथ बैठ गये और भेदभाव बंद करो जैसे नारे भी लगाने लगे। हालांकि मेयर के हस्तक्षेप के बाद यह धरना उठ गया। किंतु इतना स्पष्ट हो गया कि इंडिया गठबंधन में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के पार्षदों के बीच सब कुछ ठीक नहीं है।

यूटी प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने किया ऐलेंजर्स गली क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

यूटीसीए के प्रयास सार्थक, वंचित बच्चों को खेल से जोड़ने के लिये बेहतरीन प्लेटफार्म: पुरोहित

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

चंडीगढ़, 26 जुलाई। पंजाब के राज्यपाल और यूटी प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने शुक्रवार को दूसरे एलेंजर्स गली क्रिकेट टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन किया। 17 दिन चलने वाले इस टूर्नामेंट में शहर के 14 से 18 वर्ष के लगभग 3600 युवा लड़के और लड़कियां 300 टीमों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। टूर्नामेंट का आयोजन यूटी क्रिकेट ऐसोसियेशन और चंडीगढ़ पुलिस के सहयोग से किया जा रहा है। इस अवसर पर यूटीसीए के अध्यक्ष संजय टंडन, सचिव देवेन्द्र, चंडीगढ़ पुलिस के डीजीपी सुरेन्द्र सिंह यादव, आईजी आरके सिंह, एसएसपी कंवरदीप कौर, खेल सचिव हरि कालीकट, पूर्व जस्टिस महेश ग्रोवर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा, ऐलेंजर्स के प्रमुख आरएस कंवर सहित अन्य गणमान्य शामिल हुये। अपने संबोधन में यूटीसीए अध्यक्ष संजय टंडन ने टूर्नामेंट के इस दूसरे संस्करण को अपने 'वायदे' और 'परंपरा कायम रखने' की संज्ञा दी। उन्होंनें बताया कि टूर्नामेंट के पहले संस्करण की आपार सफलता के बाद पुलिस, प्रशासन और प्रायोजकों के सहयोग से दूसरे संस्करण को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट का थीम केवल भारत सरकार के नशा मुक्ति अभियान को मजबूती देना है बल्कि युवाओं को क्रिकेट से जुड़कर उन्हें चंडीगढ़ का भी प्रतिनिधित्व करवाना है। उन्होंनें बताया गत वर्ष की तरह इस साल भी प्रत्येक खिलाड़ी को जर्सियों, क्रिकेट और मेडिकल किट्स वितरित की है। आयोजक गत वर्ष की तुलना 204 टीमों की भागीदारी से बढ़कर 300 टीमों के साथ एशिया बुक आफ रिकार्ड्स में अपना नाम दर्ज करवायेंगे।

वंचित बच्चों को खेल से जोड़ने का बेहतरीन प्रयास

राज्यपाल और यूटी प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने अध्यक्ष संजय टंडन के प्रयासों की सराहना करते हुये कि यह प्रयास वंचित बच्चों को खेल से जोड़ने के लिये एक बेहतरीन प्लेटफार्म तैयार किया है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति निवारण में जहां प्रशासन अपने पूरे प्रयास कर रही है, पुलिस भी कोई अंकुश लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है, वहीं दूसरी ओर यूटीसीए इस अभियान को मजबूती देने में भी अछूती नहीं रही है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष वे इसी आयोजन का हिस्सा बने थे और टूर्नामेंट के विस्तार के साथ उन्हें बहुत खुशी हो रही है।

600 जवान लगाये

चंडीगढ़ पुलिस की एसएसपी कंवरदीप कौर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुये बताया कि विभाग ने सुनिश्चित किया है टूर्नामेंट किसी भी प्लेयर को मुश्किलें पेश नहीं आये। इस दिशा में विभाग ने 600 जवानों सहित उच्चाधिकारी टूर्नामेंट के लिये समर्पित किये हैं।

दस-दस ओवर का होगा टूर्नामेंट

टूर्नामेंट दस -दस ओवर का खेला जायेगा। इसके लिये शहर में 9 मैदान निर्धारित किये गये हैं। टूर्नामेंट का फाइनल 11 अगस्त को मोहाली स्थित पीसीए स्टेडियम में खेला जायेगा। टूर्नामेंट के दौरान वीकेंड पर बुद्धिजीवी वर्ग एग्जीबिशन मैचों में स्पोर्ट्स स्प्रिट को बढावा देंगे।

चंडीगढ़ निर्वाचन क्षेत्र में एसजीपीसी चुनाव के लिए मतदाता पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 जुलाई

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

चंडीगढ़, 26 जुलाई। आम जनता की जानकारी के लिए प्रशासन की ओर से जानकारी दी गई है कि चंडीगढ़ निर्वाचन क्षेत्र के शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति चुनाव के लिए यूटी, चंडीगढ़ में मतदाताओं के पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 है।

'सिख गुरुद्वारा बोर्ड चुनाव नियम 1959 (31 जुलाई, 2009 तक अनुकूलित और संशोधित)' के नियम 3(1) के तहत निर्धारित सभी पात्र सिख मतदाता अपने फॉर्म - फॉर्म ढ (या ढ्ढ, जो भी उपयुक्त हो) जमा कर सकते हैं। नामित अधिकारियों के कार्यालयों में खुद को मतदाता के रूप में पंजीकृत कराएं।

सेक्टर 24, 25, ग्राम धनास, कच्ची कॉलोनी धनास, मिल्क कॉलोनी धनास, अमन कॉलोनी धनास, अंबेडकर कॉलोनी धनास, चमन कॉलोनी धनास, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी धनास, हाउसिंग कॉम्प्लेक्स धनास और ग्राम सारंगपुर के योग्य सिख मतदाता खुद को नवीन, दानिक्स, एसडीएम-सेंट्रल, एस्टेट ऑफिस बिल्डिंग, सेक्टर 17-सी, चंडीगढ़ में पंजीकृत करवा सकते हैं।।

पंजीकरण को यहां संपर्क करें: सेक्टर 1 से 6, 8, 9, 10, 11, 12, 14, 15, 16, 17, 22, 23, गांव खुड्डा अली शेर, गांव खुड्डा लाहौरा, खुड्डा लाहौरा कॉलोनी, गांव खुड्डा जस्सू और गांव कैंबवाला के योग्य सिख मतदाता, सुश्री पालिका अरोड़ा, पीसीएस, निदेशक समाज कल्याण, तीसरी मंजिल, टाउन हॉल बिल्डिंग, सेक्टर 17, चंडीगढ़ में अपना पंजीकरण करा सकते हैं। सेक्टर 7, 18, 19, 20, 21, 26, 27, 28, बापू धाम कॉलोनी सेक्टर 26 के योग्य सिख मतदाता स्वयं को हरसुहिन्दर पाल सिंह बराड़, पीसीएस, निदेशक स्कूल शिक्षा, अतिरिक्त डीलक्स बिल्डिंग, सेक्टर 9, चंडीगढ़, कार्यालय में पंजीकृत करवा सकते हैं। सेक्टर 29, 30, 47, 48, ग्राम फैदां निज़ामपुर, औद्योगिक क्षेत्र चरण 1, ग्राम बहलाना, ग्राम दरिया, ग्राम रायपुर खुर्द के योग्य सिख मतदाता स्वयं को नितीश सिंगला, पीसीएस, एसडीएम-ईस्ट, प्लॉट नंबर 701, इंडस्ट्रीज़ एरिया, पीएच-1, चंडीगढ़, कार्यालय में पंजीकृत करवा सकते हैं। सेक्टर 31, विलेज हलो माजरा, राम दरबार कॉलोनी फेज 1 और फेज 2, विलेज मौली जागरण, मौली जागरण कॉलोनी, स्मॉल फ्लैट्स के पात्र सिख मतदाता मौली जागरण, विकास नगर मौली जागरण, गाँव रायपुर कलां, श्री सुमित सिहाग, एचसीएस, निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी, डीलक्स बिल्डिंग, पांचवीं मंजिल, सेक्टर 9, चंडीगढ़ के साथ अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

मनीमाजरा से पात्र सिख मतदाताः न्यू दर्शनी बाग, ओल्ड रोपड़ रोड, मारीवाला टाउन, डेरा साहिब, मोरी गेट, गोविंदपुरा, मोहल्ला समाधि गेट, शिवालिक एन्क्लेव, एनएसी मनीमाजरा, मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स मनीमाजरा, इंदिरा कॉलोनी, गाँव किशनगढ़ संयुक्त आयुक्त, एमसी कार्यालय सेक्टर-17, चंडीगढ़ के साथ खुद को पंजीकृत करा सकते हैं। पात्र सिख मतदाता गांव मलोया, मलोया कॉलोनी, सेक्टर 38,38-पश्चिम, गांव दादू माजरा, दादू माजरा कॉलोनी से, श्रीमती खुशप्रीत कौर, दानिक्स, एसडीएम-दक्षिण कार्यालय, हॉकी स्टेडियम, सेक्टर 42-बी, चंडीगढ़ के साथ अपना पंजीकरण करा सकते हैं।सेक्टर 39,40,41,55,56, ग्राम अटावा, ग्राम बढेरी, ग्राम बुटरेला, ग्राम कज्हेरी और ग्राम पलसोरा के पात्र सिख मतदाता, राजीव तिवारी, निदेशक जनसंपर्क, डीलक्स बिल्डिंग, ग्राउंड फ्लोर, सेक्टर 9, चंडीगढ़ के साथ अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

पात्र सिख मतदाता सेक्टर- 44, 45, 46, 49, 50, 51, 52, 61, 63, ब्लॉक-पी ट्रांजिट हाउस सेक्टर-52, बिजली कॉलोनी सेक्टर-52 से अपने नाम का पंजीकरण करा सकते हैं प्रद्युम्न सिंह, एचसीएस, निदेशक सीटीयू, सीटीयू मुख्यालय, औद्योगिक क्षेत्र फेज एक, चंडीगढ़, मोबाइल नं. 9501155115 के पास पंजीकरण करा सकते हैं।

सेक्टर 32, 33, 34, 35, 36, 37, 42, 43 और गांव बुरेल के पात्र सिख मतदाता खुद को मनोज कुमार, जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी, एमसी बिल्डिंग, बेसमेंट सेक्टर 17, चंडीगढ़ के साथ पंजीकृत करा सकते हैं।

भाजपा ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

चंडीगढ़ 26 जुलाई। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भाजपा चंडीगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा के नेतृत्व में कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई तथा शहीदों के नाम पेड़ लगाकर शहीदों को याद किया गया।

भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष व महिला मोर्चा प्रभारी कैलाश जैन, महासचिव डा. हुकुमचंद, सचिव संजीव राणा तथा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा के अलावा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष हीरा नेगी, प्रदेश महामंत्री रेखा सूद, उपाध्यक्ष निशा शर्मा सचिव रमा माथरू, गीता शर्मा, रिचा वर्मा, डा. श्यामा प्रशाद मुखर्जी जिला महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रितु सूद तथा जिला की पूरी टीम सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र मल्होत्रा तथा महिला मोर्चा की सभी पदाधिकारीयो ने वॉर मेमोरियल पर पुष्पांजलि अर्पित करके अपनी श्रद्धांजलि दी तथा शहीदों के नाम पेड़ लगाकर उन्हें याद किया।

बिजली दरें बढ़वाकर भाजपा कर रही प्रतिशोध की राजनीति: कांग्रेस

लोकसभा में अपनी हार नहीं पचा पा रही भाजपा

बिजली दरें बढ़ने से महंगाई से पिस रही जनता पर पड़ेगा और बोझ

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

चंडीगढ़, 26 जुलाई। चंडीगढ़ में बिजली दरों में 9.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी के जनविरोधी फ़रमान को चंडीगढ़ के लोगों के खिलाफ भाजपा की प्रतिशोध की राजनीति का एक ताजा उदाहरण बताते हुए, कांग्रेस पार्टी ने बिजली दरें न बढ़ाने को लेकर उठाई गई अपनी आपत्तियों को सिरे से खारिज करने के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (जेईआरसी) की कड़ी आलोचना की है।

बिजली दरों में वृद्धि पर अपनी तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, चंडीगढ़ कांग्रेस के प्रवक्ता राजीव शर्मा ने आरोप लगाया कि चंडीगढ़ के लोगों पर अतिरिक्त बोझ डालने का यह निर्णय भाजपा के दबाव में लिया गया है, जो शहर में अपनी हालिया चुनावी हार को भूल नहीं पा रही है। उन्होंने कहा कि बिजली महंगी करने का यह दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय उन सभी लोगों पर और अतिरिक्त बोझ डालेगा, जो पहले से ही देश में चल रही अभूतपूर्व महंगाई से जूझ रहे हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता ने आगे कहा कि जेईआरसी को केवल बिजली विभाग द्वारा तैयार खातों पर भरोसा कर बिजली दरें नहीं बढ़ानी चाहिए थीं क्योंकि इन खातों का किसी स्वतंत्र जांच एजेंसी द्वारा आडिट नहीं कराया गया था. इस हिसाब से इन खातों पर विश्वास नहीं किया जा सकता था. बिजली विभाग के बाबुओं तैयार इन्ही अनआडिटिड खातों को बिजली दरों में 19.44व्व की वृद्धि की मांग करने वाली उनकी याचिका के साथ संलग्न किया गया था। और तो और यह याचिका भी किसी बड़े दबाव में बड़ी जल्दबाजी में लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के केवल दो दिन बाद ही दायर कर दी गई थी।

संसदीय चुनाव के दौरान समाज के आर्थिक रुप कमजोर सभी वर्गों को प्रति माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने के वादे को दोहराते हुए पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि चंडीगढ़ कांग्रेस इस वादे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और लाखों शहरवासियों को यह राहत पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रशासन और भाजपा द्वारा यूटी के बिजली विभाग का निजीकरण कर इसे अपने मित्रों को सौंपने के सभी प्रयासों का भी विरोध करना जारी रखेगी। यह बताते हुए कि चंडीगढ़ का बिजली विभाग अब तक अपनी कार्यकुशलता और लाभकारी वित्तीय प्रबंधन के लिए सारे देश में जाना जाता रहा है, कांग्रेस प्रवक्ता ने भाजपा को चेतावनी दी कि उनके इशारे पर बिजली विभाग के कामकाज को पटरी से उतारने और इसके निजीकरण की कोशिशों को सही ठहराने का कोई भी प्रयास चंडीगढ़ के लोगों द्वारा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

हिमाचल में मनाया कारगिल विजय दिवस

शहादत देने वाले 52 वीर सपूतों को किया याद देवभूमि के वीरों ने दिखाया था 'पहाड़' जैसा शौर्य

मंडी के शहीद स्मारक पर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए पूर्व सीएम जयराम ठाकुर

इस युद्ध के दौरान परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा की दहाड़ से पाकिस्तानी सेना घबरा जाती थी। 1 जून 1999 को उनकी टुकड़ी को कारगिल युद्ध में भेजा गया। हंप और रॉकी नैब स्थानों पर विजय प्राप्त करने के बाद उसी समय विक्रम को कैप्टन बना दिया गया। इसके बाद श्रीनगर-लेह मार्ग की सबसे महत्वपूर्ण 5140 चोटी को पाकिस्तानी सेना से मुक्त कराने की जिम्मेदारी कैप्टन विक्रम बत्रा को दी गई।

परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बतरा

दुर्गम क्षेत्र होने के बावजूद विक्रम बत्रा ने अपने साथियों के साथ 20 जून 1999 को सुबह 3.30 बजे 5140 चोटी पर कब्जा कर लिया। जब विक्रम बत्रा ने इस चोटी से रेडियो के जरिए ये दिल मांगे मोर कहकर अपनी जीत की घोषणा की तो उनका नाम सेना में ही नहीं बल्कि पूरे भारत में मशहूर हो गया।

मुख्यमंत्री ने कारगिल विजय दिवस पर शूरवीरों को किया नमन

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने संदेश में कारगिल के शहीदों की शहादत को नमन किया। उन्होंने कारगिल शहीदों की वीरता और सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करते हुए उन शूरवीरों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कारगिल शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हम सभी को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित भारत के वीरों पर गर्व है। उन्होंने देश की सुरक्षा कर रहे सशस्त्र बलों के अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प के प्रति आभार व्यक्त किया। कारगिल में दुश्मनों के साथ लोहा लेते हुए हिमाचल के 52 रणबांकुरों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया और राष्ट्र उनके बलिदान को सदैव याद रखेगा।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

शिमला। हिमाचल के सभी जिलों में आज कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस दौरान देश की रक्षा करते करते प्राणों का बलिदान देने वाले वीर सपूतों को जगह-जगह श्रद्धांजलि दी गई। राज्य स्तरीय कार्यक्रम शिमला के गेयटी थियेटर में आयोजित किया गया। यहां पर स्वास्थ्य एवं सैनिक कल्याण विभाग मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। आपको बता दें कि 25 मई से 26 जुलाई 1999 के बीच पाकिस्तान के साथ हुए कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले देश के 527 वीर सपूतों में से 52 देवभूमि हिमाचल प्रदेश के थे। यही कारण है कि हिमाचल को देवभूमि के साथ-साथ वीरभूमि भी कहा जाता है। शिमला के गेयरी थियेटर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शहीदों के परिजनों को सम्मानित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल

कारगिल युद्ध में सेना के सर्वोच्च सम्मान 2 परमवीर चक्र समेत कई चक्र हिमाचल के वीरों के कंधों पर सुशोभित हैं। कैप्टन विक्रम बत्रा (मरणोपरांत) और राइफलमैन संजय कुमार को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। इस युद्ध में शहीद होने वालों में कांगड़ा जिले के 15, मंडी के 10, हमीरपुर के 8, बिलासपुर के 7, शिमला के 4, ऊना, सोलन और सिरमौर के 2-2 और चंबा और कुल्लू जिले के 1-1 जवान शामिल थे।

देवभूमि के इस सपूत को 15 दिन तक बंदी बनाकर अमानवीय यातनाएं दी गई : कारगिल युद्ध में पालमपुर के कैप्टन सौरभ कालिया को पाकिस्तानी सैनिकों ने 15 दिन तक बंदी बनाकर रखा था।

इस दौरान उन्हें कई अमानवीय यातनाएं दी गई और अपना पहला वेतन लेने से पहले ही वे शहीद हो गए। शहादत के समय उनकी उम्र मात्र 22 वर्ष थी। आज पूरे देश ने इनकी शहादत को याद किया।

सैनिक और उनके परिवार का सम्मान हम सबका दायित्व : जयराम ठाकुर

कहा: मात्र रस्मी नहीं सबको साथ लेकर आदरभाव से हों ऐसे कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश /राजन पुंछी

मंडी। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने ÷कारगिल विजय दिवस÷ के मौके पर मंडी में भाजयुमो की ओर से आयोजित शहीद सम्मान समारोह में भाग लिया। समारोह में उन्होंने पूर्व सैनिकों एवं शहीद जवानों के परिवारजनों को सम्मानित भी किया। इससे पूर्व उन्होंने इंदिरा मार्किट के शहीद स्मारक पहुंचकर कारगिल युद्ध के महानायक वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ स्थानीय विधायक अनिल शर्मा, विधायक बल्ह इंद्र सिंह गांधी और मेयर वीरेंद्र भट्ट भी उपस्थित रहे।

इस मौके उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की कर्तव्यनिष्ठा व त्याग की भावना पर हमें गर्व है। अतुलनीय शौर्य एवं साहसपूर्ण प्रदर्शन से भारत के स्वाभिमान की विजय गाथा लिखने वाले इन वीर सपूतों को आज स्मरण करते हुए हम गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। वो युद्ध के दिन जब भी याद आते हैं तो आंखे भर आती हैं। मैं तब पहली बार का विधायक बना था और हमें पार्टी की ओर से आदेश हुआ था कि जहां भी शहीद की पार्थिव देह आये तो वहां पहुंचो। मुझे याद है जहां भी शहीद की पार्थिव देह पहुंची तो हजारों लोग उम? थे। देशभक्ति का ऐसा माहौल और जुनून कभी नहीं देखा था। हिमाचल के 52 जवान हमारे इस युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए और मंडी जिला से भी हमारे 12 सैनिक अपना सर्वोच्च बलिदान देते हुए देश की खातिर शहीद हुए थे। हम तब सभी के घर पहुंचे थे और परिजनों से भी मिले थे। आज ये दिवस मनाने का फैसला पार्टी ने लिया ताकि उन वीर जवानों की शहादत को याद किया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछले कल सभी मंडलों में मशाल जुलूस निकाल वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी और आज प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। ब? खेद का विषय है कि सरकारी तौर पर भी ये कार्यक्रम आयोजित हुए लेकिन वहां स्थानीय जन प्रतिनिधियों को नहीं बुलाया गया। ये कार्यक्रम सिर्फ रस्मी नहीं होने चाहिए। मैंने अपने कार्यकाल में ये सुनिश्चित किया था कि ऐसे कार्यक्रम में सभी की भागीदारी हो और सभी दलों के नेताओं को निमंत्रण दिया जाए। दुर्भाग्यवश आज ऐसा नहीं हो रहा है।

छात्रों पर फीस का बोझ डालना गलत

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अब छात्रों को ही झटका देना शुरू कर दिया है। टैट यानी टीचर इलिजिबिलिटी टेस्ट की फ़ीस को सरकार ने सीधे दोगुना कर दिया है। अनारक्षित वर्ग के कैंडिडेट्स के लिए पहले जो फीस रु800 थी अब उसे रु1600 कर दिया गया है। ओबीसी, एससी और एस टी के अभ्यर्थियों को जो पहले रु500 देनी पड़ती थी अब उन्हें रु1000 फीस देनी पड़ेगी। इसी तरह डीएलएड के कॉमन इंट्रेंस टेस्ट फ़ीस अनारक्षित 600 रुपये से बड़ाकर रु. 1200 और OBC, SC/ST, PH के अभ्यर्थियों को जो पहले रु देते थे अब उन्हें रु800 देने पड़ेंगे। बेरोजगार छात्रों को राहत के बजाए ये बोझ कतई सही नहीं है।

न्यूज ब्रीफ

मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने के लिए आवेदन आमंत्रित

सोलन (अप्रस)। निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी नगर निगम एवं उपमण्डलाधिकारी (ना.) सोलन डॉ. पूनम बंसल ने बताया कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा हाल ही में उन शहरी निकायों की मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण (स्पेशल रिविजन) किया गया है जहां शीघ्र ही चुनाव होने वाले है। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित मतदाता नगर निगम व नगर पंचायत तथा उपमण्डलाधिकारी (ना.) कार्यालय में अपना नाम मतदाता सूची में जांच सकता है। राज्य चुनाव आयोग की वेबसाइट पर भी मतदाता सूची उपलब्ध है। डॉ. पूनम बसंल ने कहा कि मतदाता विधानसभा व लोकसभा चुनावों के वोटर कार्ड के आधार पर नगर निगम व नगर पंचायत के वोट नहीं दे सकते हैं। मतदान करने के लिए मतदाता का नाम सम्बन्धित शहरी निकाय की मतदाता सूची में होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि मतदाता का नाम सम्बन्धित वार्ड में दर्ज नहीं है अथवा किसी व्यक्ति के मतदाता सूची में दर्ज होने पर आपत्ति है या नाम सम्बन्धित शुद्धि करवानी है तो फॉर्म 04 पर सम्बन्धित उपमण्डलाधिकारी (ना.) के पास आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह फॉर्म राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। डॉ. पूनम बसंल ने बताया कि मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने, नाम स्थानांतरित करने, किसी के नाम पर आपत्ति या प्रविष्टि में शुद्धि के लिए नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि से 08 दिन पूर्व तक 50 रुपए का शुल्क देकर आवेदन किया जा सकता है।

शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित

सोलन (अप्रस)। उपमण्डलाधिकारी (ना.) सोलन डॉ. पूनम बसंल ने आज कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर यहां कारगिल शहीद स्मारक पर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. पूनम बसंल ने इस अवसर पर कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के वीर जवानों की बहादुरी, शौर्य और पराक्रम को याद करने का दिवस है। उन्होंने कहा कि यह दिवस असंख्य वीरों के सर्वोच्च बलिदान एवं साहस से प्राप्त कारगिल विजय की स्मृति दिलवाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना को पूरे विश्व में अपनी बहादुरी, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के लिए जाना जाता है। इस अवसर पर उपमण्डलाधिकारी (ना.) ने उपस्थित लोगों को देश के गौरवमय इतिहास की रक्षा के लिए शपथ भी दिलवाई। नगर निगम आयुक्त एक्का काप्टा, संयुक्त आयुक्त प्रियंका चन्द्रा, पुलिस उपाधीक्षक सोलन अनिल धौल्टा, उप निदेशक सैनिक कल्याण विभाग सेवानिवृत्त कर्नल सुरेश कुमार अग्निहोत्री, सेवानिवृत्त कर्नल राजीव ठाकुर, सेवानिवृत्त कैप्टन राकेश प्रभाकर, हवलदार मनोहर लाल सहित वरिष्ठ नागरिक एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा पूर्व सैनिक इस अवसर पर उपस्थित थे। इस उपलक्ष्य पर जिला के सभी उपमण्डलों एवं विकास खण्डों में भी शहीद सैनिकों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए और शपथ भी दिलाई गई।

उद्योग मंत्री ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला दसौरा माजरा के भवन का किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

सोलन। उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्द्धन चौहान ने कहा कि बच्चों को गुणात्मक व रोजगारन्मुखी शिक्षा उपलब्ध करवाना प्रदेश का उद्देश्य हैं। हर्षवर्द्धन चौहान ने आज दून विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भटोली कलां में राजकीय प्राथमिक पाठशाला दसौरा माजरा के भवन नवीनीकरण उद्घाटन करने के उपरांत उपस्थितजनों को सम्बोधित कर रहे थे। हर्षवर्द्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश के बच्चे संविधान की मूल भावना के अनुरूप एक स्वस्थ जीवन दृष्टि विकसित करें तथा मूलभूत साक्षरता तथा संख्या ज्ञान से लेकर कृत्रिम मेधा के प्रयोग तक हर कौशल में सर्वश्रेष्ठ बनें। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वर्तमान प्रदेश सरकार गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है।

प्रदेश में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में यह स्कूल स्थापित कर बच्चों को घर-द्वार पर ही आधुनिक शिक्षा सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिक तथा उच्च शिक्षा संस्थानों में क्लस्टर प्रणाली आरम्भ की गई है। इसके अंतर्गत स्मार्ट कक्षाएं बनाई जा रही है जिसमें ऑडियो-विजुअल टीचिंग ऐड, लर्निंग सॉफ्टवेयर, बैठने की उचित व्यवस्था, खेल मैदान, स्वच्छ शौचालयों जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

उन्होंने कहा कि पाठशाला भवन के नवीनीकरण पर सन फार्मा द्वारा सामुदायिक सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत लगभग 12 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। उन्होंने राजकीय प्राथमिक विद्यालय को आठवीं तक स्तरोन्नत करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने स्कूल के प्रांगण में पौधारोपण किया और सभी लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आग्रह भी किया। हर्षवर्द्धन चौहान ने दसौरा माजरा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 05 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार चौधरी ने इस अवसर पर भी उपस्थितजनों को सम्बोधित किया।

इस अवसर पर नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बावा, दून विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कुलतार सिंह, ग्राम पंचायत भटोली कलां के उप प्रधान बिल्लू खान, बीबीएनडीए की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोनाक्षी सिंह तोमर, उपमण्डलाधिकारी (ना.) नालागढ़ दिव्यांशु सिंगल, पुलिस उपाधीक्षक बद्दी खजाना राम, सन फार्मा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ए.एच. खान, प्लांट हैड अमित कुमार सहित अन्य गणमान्य एवं विद्यार्थी व अध्यापक उपस्थित थे।

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित

अर्थ प्रकाश /संजीव कौशल

बद्दी। मुख्य संसदीय सचिव (उद्योग, राजस्व एवं नगर नियोजन) राम कुमार चौधरी ने नालागढ़ स्थित शहीद स्मारक में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने उपस्थित लोगों को देश के गौरवमय इतिहास की रक्षा के लिए शपथ भी दिलवाई। इस अवसर पर नालागढ के विधायक हरदीप सिंह बाबा भी उपस्थित थे।

28 जुलाई को होगी वार्डर पद के लिए लिखित परीक्षा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

शिमला। कामगार एवं सुधारात्मक सेवाएं विभाग के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि पुरूष एवं महिला वार्डर के पदों की भर्ती के लिए 28 जुलाई, 2024 को तीन परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा का आयोजन करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला शिमला, सोलन, सिरमौर व किन्नौर के 421 अभ्यर्थियों के लिए राजकीय महाविद्यालय, संजौली (शिमला), जिला मंडी, कुल्लू, बिलासपुर व हमीरपुर के 1050 अभ्यर्थियों के लिए वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी, जिला मंडी और जिला कांग?ा, चंबा व ऊना के 1149 अभ्यर्थियों के लिए राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला जिला कांग?ा में परीक्षा का आयोजन करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अभ्यर्थियों को सूचित किया कि अभ्यर्थी निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में लिखित परीक्षा आरम्भ होने से दो घंटे पूर्व प्रातः 10 बजे पहुंचना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि सभी उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र कारागार की वेबसाइट admis.hp.nic.in/hpprisons से एवं अपने पंजीकृत ई-मेल के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करना सभी अभ्यर्थियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी। परीक्षा हॉल में पेन, कार्डबोर्ड, एडमिट कार्ड एवं पहचान पत्र के अतिरिक्त कोई भी सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके साथ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक वॉचि?, वायरलेस डिवाइसिज, ब्लूटुथ डिवाइसिज, इयरफोन, इलेक्ट्रॉनिक गेजेट्स तथा बैग इत्यादि ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केन्द्र में अपना वाहन साथ लाने की अनुमति नहीं होगी।

सुशील कुमार होंगे बंगाणा के नए बीडीओ, बोले-विकास कार्यों को देंगे गति

अर्थ प्रकाश /रोहित शर्मा

बंगाणा। जिला बिलासपुर सदर के बीडीओ सुशील कुमार अब बंगाणा के नए बीडीओ होंगे। आपको बता दें कि उन्होंने वर्ष 2013 से 2016 तक विकास खण्ड बंगाणा में एसईबीपीओ के पद पर अपनी सेवाएं दीं। तत्पश्चात उन्होंने वर्ष 2017 से 2018 तक विकास खण्ड ऊना में एसईबीपीओ के पद पर और वर्ष 2019 से 2022 तक विकास खण्ड हरोली में एसईबीपीओ तक अपनी सेवाएं दीं। उसके उपरांत सुशील कुमार पदोन्नत होकर सितंबर 2022 से 31दिसंबर 2022 तक कांगड़ा जिला के डाडासीबा में बीडीओ के पद पर आसीन रहे। तत्पश्चात मार्च 2023 से सितंबर 2023 तक जिला ऊना के अंब में बीडीओ के पद पर रहे। अंब में सेवाएं देने के बाद उन्होंने अक्तूबर और नवंबर माह में शिमला स्थित विभागीय मुख्यालय में सेवाएं दीं। उसके उपरांत दिसंबर 2023 से जुलाई 2024 तक वह जिला बिलासपुर सदर के बीडीओ रहे। अब वह जिला ऊना के बंगाणा में बतौर बीडीओ अपनी सेवाएं देंगे।

बताते चलें कि बंगाणा के नवनियुक्त बीडीओ सुशील कुमार बहुत ही काबिल अधिकारी हैं। उन्हें ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग में कार्य करने का लंबा अनुभव है। नवनियुक्त बीडीओ सुशील कुमार बहुत ही मिलनसार, मृदुभाषी और ईमानदार प्रशासनिक अधिकारी हैं। उनके पैतृक घर जिला ऊना के मैहतपुर के समीप जखेड़ा गांव में हैं।

सेना ने कई युद्ध जीते लेकिन नेताओं ने टेबल पर हार दिए, कारगिल युद्ध ऐसा जिसमें सेना और नेताओं दोनों ने जीत हासिल की: धूमल

कारगिल विजय दिवस पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा- हम जिंदा हैं और सुरक्षित हैं क्योंकि सरहद पर हमारे वीर सैनिक मौजूद हैं

अर्थ प्रकाश /शिल्पा शर्मा

हमीरपुर। भारतीय सेना के वीर सैनिकों ने कई युद्ध जीते हैं, लेकिन राजनीतिक नेताओं ने टेबल पर हार दिए। कारगिल युद्ध एक ऐसा युद्ध था जिसमें हमारी सेना ने भी जीत का स्वाद चखा और हमारे नेताओं ने भी युद्ध जीता। इसीलिए इस जीत को याद करने के लिए विजय दिवस मनाया जाता है। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने वीरवार को समीरपुर में भोरंज मंडल द्वारा आयोजित कारगिल विजय दिवस समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। पूर्व मुख्यमंत्री ने इस मौके पर शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, जिला महामंत्री राकेश ठाकुर, और मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर सहित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व अन्य लोग उपस्थित रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे वीर सैनिकों ने प्रथम विश्व युद्ध, द्वितीय विश्व युद्ध, और तृतीय विश्व युद्ध में भारतीय सेवा की प्रतिभा का लोहा मनवाया। 1948 में हम युद्ध जीते, लेकिन मामला संयुक्त राष्ट्र संघ में चला गया और जो फौज ने जीता था, वह हमारे नेताओं ने हार दिया। 1962 के युद्ध में नेता ने रोते हुए कहा कि हमारे देश के हाथ से नॉर्थ ईस्ट जा रहा है। 1965 का युद्ध जीतने के बाद हाजी पीर का दर्रा भी जीत लिया जो बहुत महत्वपूर्ण था, लेकिन ताशकंद के टेबल पर हार गए। 1971 में युद्ध जीतने के बाद शिमला की टेबल पर हार गए और 93000 सैनिक छोड़ दिए। इतने सारे युद्ध हमने जीते, लेकिन विजय दिवस कभी नहीं मनाया। लेकिन जब हमने कारगिल युद्ध जीता तब से हमने विजय दिवस मनाना शुरू किया क्योंकि यह युद्ध हमारी सेना ने भी जीता और हमारे नेताओं ने भी जीता। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई प्रधानमंत्री युद्ध भूमि में नहीं जाता, लेकिन कारगिल युद्ध के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी ने यह कर दिखाया। वह 5 जुलाई को कारगिल में वीर सैनिकों से मिले और उनके हौसले को बढ़ाया। उन्होंने युद्ध भूमि में जाकर न केवल अपने सैनिकों का मनोबल बढ़ाया, बल्कि यह भी साबित किया कि एक सच्चे नेता का कर्तव्य अपने सैनिकों के साथ खड़ा रहना है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि एक सैनिक, जिसने बारूदी सुरंग के विस्फोट में अपने दोनों हाथ और पैर खो दिए थे, ने बताया कि जब हमारी सेना ने टाइगर हिल पर फिर से कब्जा कर लिया तो उसका दर्द कम हो गया। ऐसे वीर सैनिकों के कारण हम जिंदा और सुरक्षित हैं। आज हम सब मिलकर उन सैनिकों का धन्यवाद व्यक्त करते हैं और उनको नमन करते हैं जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुतियां दी हैं।

प्रो धूमल ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि हमारे सैनिकों की बहादुरी और शौर्य के कारण ही हम सुरक्षित और स्वतंत्र हैं। उन्होंने सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को याद किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने एक साथ मिलकर शहीदों को नमन किया और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि भारतीय सेना ने हमेशा से ही अपने अद्वितीय साहस और समर्पण का परिचय दिया है। हमारे सैनिकों ने कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों का निर्वाह किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के साहस और समर्पण की कहानियां हमें प्रेरणा देती हैं और हमारे भीतर देशभक्ति की भावना को और मजबूत करती हैं।

उन्होंने आगे कहा कि कारगिल युद्ध में विजय केवल सैनिकों की ही नहीं बल्कि पूरे देश की विजय थी। इस विजय ने हमें यह सिखाया कि एकजुट होकर हम किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं। इस विजय दिवस पर हमें अपने सैनिकों की वीरता को नमन करते हुए उनके योगदान को हमेशा याद रखना चाहिए।

परवाणु में भारतीय मानक ब्यूरो ने जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

शिमला। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के 52 प्रतिभागियों ने आज भारतीय मानक ब्यूरो की परवाणु ब्रांच कार्यालय द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यशाला में भाग लिया। परवाणु ब्रांच कार्यालय के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र नायक ने प्रतिभागियों को भारतीय मानक ब्यूरो की कार्यप्रणाली से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि ब्यूरो देश में गुणवत्तापूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है और गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और बेहतर उत्पादों को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए कार्य करता है। भारतीय मानक ब्यूरो का प्रमाण-पत्र उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित उत्पाद की गारंटी देता है।

संयुक्त निदेशक शिव प्रकाश ने ब्यूरो के विशेष मापदंडों, उत्पादों के मूल्यांकन और अनिवार्य पंजीकरण योजना के बारे में विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बीआईएस स्टैंडर्ड मार्क के दुरूपयोग रोकने के लिए बीआईएस एक्ट-2016 के प्रावधानों को भी विस्तारपूर्वक बताया। निदेशक ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज राघव शर्मा, अतिरिक्त निदेशक पंचायती राज नीरज चांदना, उप-मुख्य कार्यकारी अधिकारी ग्रामीण विकास कल्याणी गुप्ता ने कार्यशाला में भाग लिया।

पंचायत प्रधान भटौली कलां ने जड़ा उपेक्षा व प्रताड़ना का आरोप

बद्दी (संजीव कौशल)। प्रदेश के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन के दौरे के दौरान महिला पंचायत प्रधान ने अपनी उपेक्षा व प्रताडना के आरोप जड़े हैं। ग्राम पंचायत भटौली की प्रधान सोनू देवी ने कहा कि आज उनकी पंचायत में उद्योग मंत्री जी का कार्यक्रम था जो कि एक कंपनी द्वारा प्रायोजित था। इस कार्यक्रम में उनको कंपनी ने बाकायदा आमंत्रित किया था और वो उस कार्यक्रम का अहम हिस्सा थी। उन्होने कहा कि वो मंच पर बैठी थी लेकिन न तो उनको बोलने का मौका दिया और न ही मंत्री जी के समक्ष कोई मुददा उठने दिया गया। उन्होने कहा कि स्थानीय विधायक के दबाव में उनका नाम तक मंच से किसी ने नहीं लिया जो कि एक घोर निंदनीय कृत्य है। सोनू देवी के पति व सामाजिक कार्यकर्ता कमल चंद ने कहा कि एक तरफ तो कांग्रेस सरकार महिला सशक्तिकरण का दावा करती है लेकिन दूसरी ओर सरेआम मंचों से चुनी हुई महिला प्रधानों व पंचायत प्रतिनिधियों को जलील किया जाता है जो कि लोकतंत्र की हत्या है।

खेलों में तकदीर है, भविष्य है और खिलाड़ी हमारी मिट्टी में हैं: विज

हमारे राज्य के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए देश व प्रदेश में हमारा नाम रोशन कर रहे हैं

पेरिस ओल्मपिक में देष के 115 खिलाड़ियों में से हरियाणा से 25 खिलाड़ी ले रहे हैं भाग

क्षेत्रफल के हिसाब से हमारी भूमि दो प्रतिशत है लेकिन देश की मेडल तालिका में हमने 50 प्रतिशत मेडल जीते

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा

अम्बाला, 27 जुलाई। हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री व अम्बाला छावनी के विधायक अनिल विज ने कहा कि खेलों में तकदीर है, भविष्य है और खिलाड़ी हमारी मिट्टी में हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि हमारे राज्य के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए देश व प्रदेश में हमारा नाम रोशन कर रहे हैं और पेरिस ओल्मपिक में देष के 115 खिलाड़ियों में से हरियाणा से 25 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

पूर्व गृहमंत्री अनिल विज आज अंबाला के वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम अम्बाला छावनी में आयोजित राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज सौभाग्य का दिन है क्योंकि आज पेरिस ओर्लपिक खेल का आगाज हुआ है और आज ही हरियाणा में राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का शुभारम्भ हुआ है तथा आज ही कारगिल विजय की 25वीं वर्षगांठ भी है।

उन्होंने कहा कि ओल्मपिक पैरिस में 115 खिलाड़ियों में हरियाणा से 25 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं और कारगिल युद्ध या सीमाओं पर देश की रक्षा करने वाले जो सैनिक हैं, उनमें हर दसवां सैनिक हरियाणा का है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जो खेल हुए थे, उसमें भी हरियाणा के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। क्षेत्रफल के हिसाब से हमारी भूमि दो प्रतिशत है लेकिन देष की मेडल तालिका में हमने 50 प्रतिशत मैडल जीते हैं। खिलाड़ी व सैनिक हरियाणा का गौरव बढ़ा रहे हैं। खिलाड़ियों व वीर सैनिकों के लिये प्रदेश सरकार निरंतरता में कार्य कर रही है। समय-समय पर योजनाओं को क्रियान्वित कर उनका लाभ दिया जा रहा है।

इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी प्रवीण कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए बताया कि आज राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में 22 जिलों की टीमें भाग ले रही हैं। अम्बाला जिला में तैराकी, फुटबाल व महिलाओं की फुटबाल प्रतियोगिताएं होंगी। यहां पर आयोजित प्रतियोगिताओं में 1500 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। खेल विभाग की ओर से मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन किया गया। मंच संचालन की भूमिका रामनिवास ने निभाई।

इस मौके पर जिम्नास्टिक, फुटबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजिन्द्र विज, मंडल प्रधान बिजेन्द्र चौहान, मंडल प्रधान किरण पाल चौहान, अरुणकांत, बी.एस. बिन्द्रा, रवि चौधरी, अजय बवेजा, शाम अरोड़ा, बलविन्द्र सिंह शाहपुर, नरेन्द्र राणा, दीपक भसीन, विपिन खन्ना, सुनील कुमार, अभिकांत वत्स, संजीव सोनी, आशीष अग्रवाल के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

अम्बाला के खिलाड़ियों को भी बेहतर सुविधाएं मिले, इस दिशा में मैंने की कोशिश

श्री विज ने कहा कि खेलों में तकदीर है, भविष्य है और खिलाड़ियों को बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करवाने की आवश्यकता है। मैने इस दिशा में काम किया है और कोशिश की है कि अम्बाला के खिलाड़ियों को भी बेहतर सुविधाएं मिलें। इसके तहत अंबाला में फीफा से अप्रूव्ड अंतर्राष्ट्रीय स्तर का फुटबाल स्टेडियम, ऑल वेदर स्वीमिंग पूल, जिम्नास्टिक हाल, बैडमिंटन हाल यहां पर बनाया गया है। इसके साथ-साथ खिलाड़ियों के रूकने के लिये यहीं पर होस्टल की व्यवस्था के साथ-साथ कंटीन की भी व्यवस्था की गई है। योग को भी खेल से जोडऩे का काम किया गया है।

खेल हमें मिलकर काम करना और अपने दायित्व को निभाना सिखाता है

उन्होंने कहा कि खेल हमें बहुत कुछ सिखाता है। टीम वर्क, मिलकर काम करना और अपने दायित्व को निभाना सिखाता है। तन और मन की अलाइनमेंट करने में खेल महत्वपूर्ण है, तन और मन को साधने का जरिया भी खेल है। जिसने तन और मन को साध लिया वह जीवन में हमेशा आगे बढ़ता है। उन्होंने इस मौके पर खिलाड़ियों को शपथ भी दिलवाई और तीन दिवसीय राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिये अपना आशीर्वाद भी दिया। इस मौके पर जिम्नास्टिक, फुटबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजिन्द्र विज ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि खेल विभाग व एसोसिएशन द्वारा जो कार्य किये जा रहे हैं, उसके अब बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। अम्बाला के सर्बजोत जोकि निशानेबाजी प्रतियोगिता में बेहतर खेल का प्रदर्शन करने पर ओल्मपिक में भाग ले रहा है। उन्होंने कहा कि अम्बाला के खिलाड़ी आज बेहतर प्रदर्शन करते हुए अम्बाला जिला का नाम रोशन कर रहे हैं।

कंप्यूटर आपरेटरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से रूकी रजिस्ट्रियां, इंतकाल, डोमिशाइल

अर्थ प्रकाश/मित्तल

उचाना मंडी, 25 जुलाई। मांगों को लेकर कंप्यूटर आपरेटरों के हड़ताल पर होने के चलते उपमंडल कार्यालय में ई-दिशा केंद्र में होने वाले कार्य प्रभावित हो रहे है। हर रोज होने वाली रजिस्ट्रियों के अलावा फर्द, इंतकाल, डोमिशाइल के कार्य नहीं हो रहे है।

15 जुलाई से कंप्यूटर आपरेटर हड़ताल पर है। यहां पर अपने कामों को लेकर लोग आते है लेकिन कंप्यूटर आपरेटरों के हड़ताल पर होने के चलते बिना काम करवाए बैरंग लौटना पड़ रहा है। पोर्टल पर कार्य दूसरे कर्मचारियों को नहीं आने के चलते यहां पर व्यवस्था बनाने की स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई कोशिश कामयाब नहीं हुई, क्योंकि जो काम यहां पर कार्यरत कर्मचारी कर रहे थे वो काम नए कर्मचारी पोर्टल पर नहीं कर पा रहे है। तहसीलदार निखिल सिंगला ने बताया एक सप्ताह में 120 के पास रजिस्ट्री होती है। कई दिनों से चल रही हड़ताल से रजिस्ट्री का काम प्रभावित है। 100 के करीब ऑनलाइन इंतकाल भी पेंडिंग हड़ताल के चलते है। जो कार्य ई-दिशा केंद्र से होने से वो काम प्रभावित हो रहे है।

न्यूज ब्रीफ

सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए ऑनलाइन 31 अगस्त तक

यमुनानगर (अप्रस/डा. आरके जैन)। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों और संस्थानों को वर्ष 2025 के सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार प्रदान करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। यह जानकारी जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं डी. सी. कैप्टन मनोज कुमार ने देते हुए बताया कि वर्ष 2025 के लिए सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए पात्र व्यक्ति एवं संस्थान 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। डी. सी. ने बताया कि भारत सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भारत में व्यक्तियों और संगठनों द्वारा दिए गए अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा को मान्यता देने तथा उन्हें स मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार नामक एक वार्षिक पुरस्कार की स्थापना की है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। इस पुरस्कार में चयनित संस्था को 51 लाख रुपए नगद और एक प्रमाण पत्र तथा व्यक्तिगत मामले में 5 लाख रुपये नगद और एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। पुरस्कार से जुड़ी अन्य जानकारी व आवेदन के लिए केंद्र सरकार की वेबसाइट अवार्डसडॉटजीओवीडॉटइन पर विजिट कर सकते हैं।

चेरिटेबल ग्रुप का भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित

यमुनानगर (अप्रस/डा. आरके जैन)। श्री महावीर दिग बर जैन मंदिर के तत्वधान में जैन चेरिटेबल ग्रुप के द्वारा व सभी सदस्यों के सहयोग से जगाधरी कुष्ठ आश्रम में भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेन्द्र सोही ने की तथा संचालन राजीव सूध ने किया। कार्यक्रम का शुभार भ णमोकार महामंत्र का उच्चारण कर किया गया। जितेन्द्र सोही ने जानकारी देते हुये बताया कि जैन चेरिटेबल ग्रुप द्वारा प्रभु की कृपा से अनेक प्रकार धार्मिक व समाजिक कार्य किये जा रहे है, इसी श्रंखला में ग्रुप द्वारा हर रविवार को असहाय व जरुरतमंद लोगों को भोजन वितरित करने का निर्णय लिया है।

एनएचएम कर्मचारी तीन दिवसीय हड़ताल पर

सीएमओ कार्यालय समक्ष धरना देकर सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा

कारगिल विजय दिवस हर साल 26 जुलाई को 1999 के कारगिल युद्ध (ऑपरेशन विजय) में पाकिस्तान पर भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक जीत को चिह्नित करने और कर्तव्य की राह पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले हमारे बहादुरों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। राष्ट्र अपने सैनिकों के दृढ़ संकल्प और अद्वितीय साहस का सम्मान करता है।

सुलतान सिंह प्रधान, महाबीर सिंह नेहरा सचिव चुने गए

अर्थ प्रकाश संवाददाता

जीरकपुर। जीरकपुर की ममता एनक्लेव वेलफेयर सोसायटी के सर्वसम्मति से हुए चुनावों में सुलतान सिंह को दोबारा से प्रधान चुना गया। महाबीर सिंह नेहरा को सचिव चुना गया जबकि सुरेश पाल सीनियर वाइस प्रेसिडेंट बनाया गया। माम चंद को वाइस प्रेसिडेंट जबकि एसआर ओबराय को आर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री बनाया गया है। इसके अलावा बलबीर सिंह यादव को फाइनेंशियल एडवाइजर, सीता राम वर्मा को ऑडीटर, राजेश कुमार गौतम को कैशियर, सुभाष चंद्र को असिस्टेंट सेक्रेट्री चुना गया। महाबीर सिंह नेहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि साधू राम मित्तल को पैट्रन इन चीफ जबकि डा. वीएस मल्हान को पैट्रन के पद पर नोमिनेट किया गया।

महिला आरक्षण बिल लागू करवाने के लिए चंडीगढ़ महिला कांग्रेस करेगी आंदोलन: नंदिता हुड्डा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। चंडीगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष नंदिता हुड्डा ने कहा है कि महिला आरक्षण बिल लागू करवाने के लिए कांग्रेस आंदोलन करेगी। नंदिता हुड्डा ने बताया कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा की अध्यक्षता में महिला आरक्षण बिल को तुरंत लागू करने की मांग को लेकर, महंगाई को कम करने और महिला सुरक्षा की मांग को लेकर 29 जुलाई को दिल्ली में सभी राज्यों से महिला कार्यकर्ता पहुंचकर अपनी आवाज संसद तक पहुंचने के लिए शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करेगी। न्याय का हक मिलने तक महिलाओं का यह संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। नंदिता हुड्डा ने बताया कि पिछले कुछ सालों से महिला अपराध निरंतर बढ़ रहा है। हाल ही में मध्य प्रदेश के रीवा में आप सबने देखा कैसे दबंगों ने दो बहनों को जमीन में जिंदा गाड़ने की कोशिश की। मणिपुर, हाथरस, कठुआ, अंकिता भंडारी कितने सारे ऐसे केस हैं जिसमें अपराध की हर सीमा को लांघा गया। बिलकिस बानो के अपराधियों का जेल से छूटने पर फूल मालाओं से स्वागत ने सबको चौंकाया। यह कैसा अमृत काल है जहां महिलाओं का निरंतर अपमान हो रहा है।

नंदिता हुड्डा ने कहा कि देश के लिए गौरव लाने वाली पहलवान बेटियों तक को सड़क पर घसीटने का काम इस सरकार के कार्यकाल में हुआ है और यह भी देखने में आया कि अपराधी अपने आप को संरक्षित महसूस करते हैं जैसे उनका कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता। सरकार से यह भी अपील की जाएगी की महिला अपराध में शामिल लोगों को सुरक्षा देना बंद करें। नंदिता हुड्डा ने कहा कि अपनी कुर्सी को बचाने वाले इस बजट में सरकार ने लगभग सभी वर्गों के हाथ में झुनझुना थमाने का काम किया है। नंदिता हुड्डा ने कहा कि आधी आबादी महिलाओं के लिए भी कुछ नहीं किया गया। महंगाई के चलते महिलाओं को घर चलाना मुश्किल हो रहा है। अतः हमारी अपील है बढ़ती महंगाई से सरकार राहत दे और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कांग्रेस के मेनिफेस्टो से एक और बिंदु की कॉपी सरकार को लेकर,महालक्ष्मी योजना जिसके तहत गरीब परिवार की बड़ी महिला के खाते में 8500 प्रति महीने भेजे जाने का प्रावधान सरकार तुरंत करना चाहिए।

नंदिता हुड्डा ने कहा कि 1996 में पहली बार महिला आरक्षण बिल को पटल पर रखा गया और कई बार इसे गिराया गया। 2010 में निरंतर प्रयासों से राज्यसभा में पास हुआ। सरकार चाहती तो उसी बिल को लोकसभा में पास करके तुरंत प्रभाव से लागू कर सकती थी। और अब 27 ,28 सालों के बाद जब यह बिल दोनों सदनों में पास हुआ है तो लागू कब होगा। इस बात का कोई पता नहीं तो हमारी मांग है कि इसे तुरंत प्रभाव से लागू करे ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में राज्य सरकारों में महिलाओं की भागीदारी 33 प्रतिशत निर्धारित हो सके। राजनीतिक भागीदारी ही एक ऐसा जरिया है जिससे महिलाओं को राष्ट्र की मुख्यधारा में जोड़ा जा सकता है। हमारा देश 1947 में आजाद हो गया था और पहली लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 4.4 प्रतिशत था और अब 2024 में यह है 14.3 प्रतिशत तक पहुंचा है। महिला सशक्तिकरण को लेकर आज तक अगर कोई काम किया गया है तो वह है पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के द्वारा महिलाओं को पंचायत में 33 प्रतिशत का रिजर्वेशन दिया जाना। आज कुछ राज्यों में 50 प्रतिशत तक महिलाओं का पंचायतों में प्रतिनिधित्व है। जहां भी महिलाओं को मौका मिला है उन्होंने बेहतर प्रदर्शन किया है । चाहे वह क्षेत्र कोई भी हो। नंदिता हुड्डा ने कहा कि भारतवर्ष की महिलाएं एक सजग नागरिक के रूप में राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए पूर्ण रूप से तैयार हैं। आत्मविश्वास से भरपूर सभी महिलाएं गरिमा पूर्ण जीवन यापन कर सकेंगी। जब उनकी भागीदारी वहां सुनिश्चित होगी जहां उनके लिए नियम और कानून बनाए जाते हैं तो उनको लागू करने में भी जब इनकी बराबर की जब हिस्सेदारी होगी। अपने हक और स्वाभिमान की लड़ाई न्याय मिलने तक हम सड़क से संसद तक जारी रखेंगे।

विभागीय अधिकारी राजस्व की वसूली में तेजी लाए: आयुक्त

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

गोण्डा। विभागीय अधिकारी कर-करेत्तर राजस्व की वसूली में तेजी लायें, जिला प्रशासन का सहयोग लेकर वसूली एवं प्रवर्तन कार्य करें, ताकि समय से वार्षिक लक्ष्य समय से पूरा किया जा सकें। उक्त निर्देश मण्डलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने विभागीय अधिकारियों को दिये है। सभागार में आयोजित कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक में उन्होने कहा कि वसूली के लिए क्षेत्र में जाने पर संबंधित एसडीएम तथा पुलिस को अवश्य सूचित करें ताकि मौके पर कानून व्यवस्था किसी प्रकार प्रभावित ना हों। विद्युत विभाग गांव-गांव कैंप लगाकर बिजली बिल की वसूली करायें तथा उपभोक्ता का बिल गलत होने पर उसे सही करें।

उन्होने निर्देश दिया कि किसी भी मामले में एक पक्षीय निर्णय ना लें तथा दोनों पक्षों को समान रूप से सुनवाई का मौका दें। स्टाम्प वादों के निस्तारण में कानूनसम्मत आदेश पालन करने का निर्देश देते हुए उन्होने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आर्डर की जॉच अवश्य की जाय।

आयुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी प्रवर्तन कार्य में तेजी लाकर लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करायें। शासन ने जो लक्ष्य दिया है उसके सापेक्ष प्रतिमाह वसूली करायें। इसमें कोई विभाग लापरवाही ना बरते अन्यथा दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। बड़े-बड़े बकायेदारों से आरसी की वसूली तहसील प्रशासन के सहयोग से कराई जाए। उन्होंने विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता को निर्देश दिए कि वह दाखिला दिवस पर अमीनो के साथ जाकर आरसी की वसूली करायें। उन्होंने स्टांप का सत्यापन क्रेता की उपस्थिति में करने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने न्यायालय में लंबित पड़े राजस्व वादों को लेकर भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पांच वर्ष से लंबित राजस्व वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। अधिकारी न्यायालय में बैठकर सभी पक्षों को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें।

बिना बाजुओं के क्रिकेटर ने आर्यन कॉलेज के स्टूडेंट्स संग शैक्षिक प्रतिभा से देश सेवा की ली शपथ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। कारगिल युद्ध की 25 वीं वर्षगांठ पर बिना बाजुओं के क्रिकेटर, जे एंड के पैरा क्रिकेट टीम के कैप्टन आमिर लोन ने आर्यन कॉलेज के स्टूडेंट्स संग ली देशप्रेम की शपथ, आमिर ने कहा सरहद पर दिनरात प्रहरियों के प्रति हमारा भी कुछ कर्तव्य ,देश की प्रगति व उन्नति में स्टूडेंट्स दें अपनी शैक्षिक योग्यता द्वारा पूरा पूरा योगदान। बता दें कि साल 1999 में जब हम सभी अपनी- अपनी जिंदगी में मस्त थे, तब हमारे देश के वीर सैनिक कठिन परिस्थितियों में दुश्मन से लड़ रहे थे। कारगिल के बर्फीले पहाड़ों पर, 16,000 फीट की ऊंचाई पर, उन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर देश की रक्षा की. कारगिल युद्ध सिर्फ एक युद्ध नहीं था, बल्कि यह बलिदान और साहस की गाथा थी। हमारे सैनिकों ने न केवल दुश्मन को पराजित किया, बल्कि उन्होंने देश के युवाओं में देशभक्ति की भावना को भी जगाया। इस पावन मौके पर आर्यन कॉलेजस के चेयरमैन डॉ अंशु कटारिया ने स्टूडेंट्स को अपनी शैक्षिक प्रतिभा से देश सेवा को प्रेरित किया

एमसी चंडीगढ़ ने रामदरबार में आवारा मवेशियों को पकड़ा व अवैध अतिक्रमण हटाया

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

चंडीगढ़। नगर निगम चंडीगढ़ ने सड़कों पर आवारा मवेशियों की बढ़ती चिंता को दूर करने के लिए आज एक संयुक्त अभियान चलाया, जो सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं और यातायात की भीड़ का कारण बनते हैं। इस अभियान का उद्देश्य चंडीगढ़ के वार्ड नंबर 19, रामदरबार में अवैध अतिक्रमण को हटाना भी था।

अभियान के दौरान, कुल 22 मवेशियों को जब्त किया गया और अवैध अस्थायी संरचनाओं से दो ट्रक सामग्री जब्त की गई।

इसमें आवारा मवेशियों को मानवीय ढंग से पकड़ना और उनका पुनर्वास करना। बचाए गए जानवरों को चिकित्सा देखभाल प्रदान करना। पशु कल्याण के बारे में जागरूकता पैदा करना। एमसी आयुक्त सुश्री अनिंदिता मित्रा, आईएएस, ने कहा कि एमसीसी सार्वजनिक सुरक्षा बनाए रखने और पशु कल्याण सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के अभियान चलाना जारी रखेगी।

शिरोमणि गायक सुरेंद्र शिंदा को समर्पित श्रद्धांजलि गीत के रिलीज समारोह 'किथे तुर गया यारा' में जुटे पंजाबी फिल्मों के दिग्गज

पंजाब की हेल्थ मिनिस्टर बलबीर कौर की रही विशेष उपस्थिति

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

चंडीगढ़। पंजाब कला भवन में शिरोमणि गायक सुरेंद्र शिंदा को समर्पित श्रधांजलि गीत के रिलीज समारोह किथे तुर गया यारा में जुटे पंजाबी फिल्मों के दिग्गजों में शामिल रहे। राज गायक पदम श्री हंसराज हंस द्वारा गाये हुए गीत के लांच मौके पर, गुरप्रीत सिंह घुग्गी , गुग्गु गिल पंजाब सरकार की मंत्री अनमोल गगन मान , करमजीत अनमोल, युवराज हंस , पूर्व सांसद मोहम्मद सदीक , बाबी बाजवा , गीतकार बाबू सिंह मान , हरप्रीत सेखों , प्रोड्यूसर तलविंदर सिंह नागरा , जसवंत सांडिल्य, मलकीत रौनी, राजा विर्क, सुनीता धीर, डॉली सिंह ,जगतार जग्गा , बिल सिंह ,सुखी बराड़ , हैप्पी रायकोटी सहित अन्य कई फिल्मी कलाकार मौजूद रहे।इस मौके पर सुरिंदर शिंदा के बेटे मनिंदर शिंदा व सिमरन शिंदा मौजूद रहे जट्ट जियोना मोड़, पुत्त जट्टां दे और ट्रक बलिये जैसे गानों के लिए लोकप्रिय शिरोमणि पंजाबी गायक सुरिंदर शिंदा की पहली बरसी पर उनको सभी दिग्गजों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर हंसराज हंस ने कहा कि किथे तुर गया यारा गीत के जरिये हम सबके दिलों में सदा बसे रहेंगे सुरेंद्र शिंदा। गीतकार हरप्रीत सेखों ने कहा कि पंजाबी गीतों को आवाज देने वाले लोकगायक सुरिंदर शिंदा की रूहानी आवाज सदा के लिए खामोश तो हो गई पर उनकी आवाज हमेशा अमर रहेगी। शुक्रवार को किथे तुर गया यारा गीत 26 जुलाई को विश्वभर में वाइटल रिकार्ड्स पर रिलीज हो गया । हरप्रीत सिंह सेखों द्वारा लिखे गए गीत किथे तुर गयां यारा को बाबू सिंह मान का आशीर्वाद , वीडियो डायरेक्शन बॉबी बाजवा , प्रोडक्शन तलविंदर सिंह नागरा , संगीत गुरमीत सिंह द्वारा दिया गया है।

पारिवारिक ड्रामा, 'मेहंदी वाला घर' मुझे असली दुल्हन की तरह महसूस हुआ: श्रुति आनंद

चंडीगढ़। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के पारिवारिक ड्रामा, 'मेहंदी वाला घर' ने अपनी मनमोहक कहानी से दर्शकों का दिल जीत लिया है, जिसमें उज्जैन निवासी अग्रवाल परिवार की जटिल विचारधाराओं पर प्रकाश डाला गया है। कई मुश्किलों का सामना करने के बावजूद, मौली (श्रुति आनंद) और राहुल (शहजाद शेख) के रिश्ते को आखिरकार पूरे अग्रवाल परिवार ने स्वीकार कर लिया है, राहुल की मां तन्वी को छोड़कर। जबकि मौली और राहुल शादी के बंधन में बंधते हैं, पूरा अग्रवाल परिवार साथ मिलकर उनकी शादी का जश्न मनाता है। इतने लंबे समय से एक असली परिवार से वंचित रहने वाली, मौली को आखिरकार मेहंदी वाला घर में वह प्यार और साथ मिल गया जिसकी उसे चाहत थी। और अपने 'विवाह के दिन' के लिए, मौली एक खूबसूरत लाल रंग का ब्राइडल लहंगा पहने नज़र आएगी, जिसे कभी जानकी मां ने अपनी शादी के दिन पहना था। मौली का किरदार निभाने वाली श्रुति आनंद ने दुल्हन की पोशाक को लेकर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ÷मौली के लिए, यह शादी बहुत ही खास मौका है क्योंकि यह राहुल के साथ उसके मिलन से कही बढ़कर है; इससे उसे वह परिवार मिल रहा है जिसकी उसे हमेशा से चाहत रही है।

श्वेता तिवारी नई 'इट' गर्ल बनी

मुम्बई। प्रसिद्ध कॉमेडियन ज़ाकिर खान अपने नए शो 'आपका अपना ज़ाकिर' के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर जल्द ही प्रसारित होने वाला, यह शो ह्यूमर और ज़िंदगी के दिल छूने वाले फलसफों का शानदार मिश्रण पेश करने का वादा करता है। अपनी प्रासंगिक कॉमेडी के लिए मशहूर, ज़ाकिर खान जीवन के उतार-चढ़ाव पर अपना अनोखा नज़रिया पेश करते हैं, जिससे रोज़मर्रा की ज़िंदगी भी मज़ेदार लगने लगती है। ज़ाकिर के साथ, शो में कई प्रतिभाशाली कलाकार भी दिखेंगे, जो इस सख्त लौंडा के साथ मिलकर आपको हंसी का भरपूर डोज़ देंगे। और उनके साथी कलाकारों में से एक कोई और नहीं बल्कि टेलीविज़न की अपनी बहू श्वेता तिवारी हैं। श्वेता इस शो में 'द इट गर्ल' का किरदार निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो हमेशा गेम से एक कदम आगे रहती है। आत्मविश्वास से भरी, दिलचस्प और प्रतिभाशाली, श्वेता बेबाकी से वैसा ही किरदार पेश करेंगी जैसी वह खुद हैं। इस नए किरदार के बारे में बात करते हुए श्वेता ने कहा, ÷मैं लंबे समय के बाद ऐसा शो करने के लिए उत्साहित हूं, जिसमें दर्शकों को मेरा एक नया रूप देखने को मौका मिलेगा। कॉमेडी फिलहाल एक शैली के रूप में विकसित हो रही है, और मुझे हमेशा बदलाव के केंद्र में रहकर अच्छा लगता है।

14.14 करोड़ से असम काटांगला स्टेशन होगा पुनर्विकसित

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

मालीगांव। पूर्वोत्तर और असम में रेल सुविधाओं को और अधिक बढ़ाने के क्रम में, रेलवे में बुनियादी संरचना वाली परियोजनाओं के लिए अंतरिम बजट 2024-25 में 10,369 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना (एबीएसएस) के तहत, पूर्वोत्तर में 60 स्टेशनों को विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ पुनर्विकसित किया जा रहा है। चयनित रेलवे स्टेशनों में, असम के टांगला रेलवे स्टेशन को 14.14 करोड़ रुपये की लागत से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नया स्वरूप मिलेगा। इस स्टेशन के नवीनीकरण से आसपास के क्षेत्रों के रेल उपयोगकर्ताओं को नवीन अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

टांगला रेलवे स्टेशन,पू. सी. रेलवेके रंगिया मंडल के अधीन रंगिया ङ्करंगापाड़ा सेक्शन के मध्य उदालगुडीजिला का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। उन्नतअग्रभाग के साथइस मौजूदा स्टेशन भवन काविस्तार किया जायेगा, जिसमें यात्रियों की सुविधा के लिए नवीनतम सुख-सुविधाओं के साथ रिटायरिंग रूम एवं प्रतीक्षालयकी व्यवस्था रहेगी। दिव्यांगजन अनुकूल रैंप एवं शौचालय की सुविधाके साथ अन्य आधुनिक सुविधाएं जैसेदो लिफ्ट और 5 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। नए शौचालय ब्लॉक पुरुष और महिला यात्रियों के लिए अलग-अलग बनाए जाएंगे। सर्कुलेटिंग क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के साथ उन्नत पार्किंग सुविधाकी भी योजना है। सभी प्लेटफार्मों पर यात्रियों की आसान आवाजाही के लिए मार्बल स्टोन, टाइल आदि से सतह का पुनर्निर्माण किया जायेगा और शेल्टरकी सुविधा रहेगी। प्रवेशनिकास पथ विकसित किया जाएगा, जो यात्रियों के लिए बेहतर पहुंच प्रदान करेगा।

उपरोक्त सभी कार्यों के लिए टेंडर का आवंटन हो चुका है। नए स्टेशन भवन के लिए नींव का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। अन्य यात्री सुविधाओं जैसे कोच गाइडेंस बोर्ड, ट्रेन सूचना डिस्प्ले सिस्टमकी स्थापना, प्लेटफार्मों का विस्तार, दिव्यांगजनों के लिए आसान पहुंच वाले वॉटर बूथ की व्यवस्था आदि का भीकार्यप्रगति पर है।

इस स्टेशन के उन्नयन से रोजगार, व्यवसाय जैसे अवसरों के नए मार्ग खुलेंगे और शहर एवं आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों के लिए यात्रा में आसानी होगी तथा पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा।

चंडीगढ़ बसपा की नई कार्यकारिणी गठित

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

चंडीगढ़। चंडीगढ़, हरियाणा और पंजाब के केंद्रीय प्रभारी रणधीर सिंह बेनीवाल एवं केंद्रीय प्रभारी चंडीगढ़, पंजाब विपुल कुमार के द्वारा चंडीगढ प्रदेश की नई कार्यकारिणी का आज गठन किया गया। नई गठित की गई कमेटी में अध्यक्ष बृजपाल, उपाध्यक्ष- सुनील कुमार,विश्वास कुमार, महासचिव- विक्रांत गौतम, शंकर राव, त्रिलोक चंद, गिरवर सिंह, सचिव- इंद्रवीर, राजकुमार, शिमला देवी, मनोज पारखी, दिनेश जाटव, वित सचिव- हरभजन दास, मीडिया प्रभारी-दिनेश दहिया, सह प्रभारी- राजा राजिंदर सिंह ननहेरिया, सुखदेव सिंह, लखविंदर के.के और ग्रामीण अध्यक्ष- सुरिंदर सिंह खुडा को नियुक्त किया गया है।

नगर परिषद की करोड़ों रुपए की जमीन पर बाहरी व्यक्ति का कब्जा होने का मामला गरमाया

- नगर परिषद अध्यक्ष ने बुलाई सदन की आपात बैठक
- जांच के लिए विजिलेंस, डीसी मोहाली और एसएसपी को भेजी लिखित शिकायत
- नियमानुसार की गई है गिरदावरी : जगतार चंद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

बनूड़, 26 जुलाई। बनूड़ नगर परिषद की 156 बीघे जमीन, जिसकी कीमत 300 करोड़ रुपए बताई जा रही है, की गिरदावरी किसी बाहरी व्यक्ति द्वारा अपने नाम करवाने का मामला गरमा गया है। इसे लेकर परिषद अध्यक्ष ने आज सदन की आपात बैठक बुलाई, जिसमें सभी पार्षदों ने सर्वसम्मति से एजेंडा पास कर विजिलेंस, डीसी मोहाली और एसएसपी पटियाला से लिखित शिकायत कर जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि यह गिरदावरी राजनीतिक दलों और राजस्व विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से बाहरी लोगों के नाम पर की गई है। मामले की जानकारी देते हुए नगर परिषद प्रधान जगतार सिंह कंबोज और पार्षदों ने बताया कि बनूड़ नगर परिषद की करोड़ों रुपए की 156 बीघा जमीन का माननीय न्यायालय ने 2016 में राजपुरा में केस जीता था और इस जमीन का कब्जा 2017 में पुलिस की मदद से लिया गया था। जिसके बाद नगर परिषद द्वारा 2020 से लगातार यह जमीन ठेके पर दी जा रही है। उन्होंने बताया कि इस साल 2024 में यह जमीन गुरविंदर सिंह पुत्र गुरमेल सिंह निवासी बनूड़ को 15 लाख पांच हजार रुपये में दो साल के लिए दी गई थी। जमीन का मालिकाना हक दर्ज कराने वाले जगतार चंद पुत्र अमर सिंह ने ठेके पर जमीन लेने वाले गुरविंदर सिंह को यह बताने से रोका कि इस जमीन पर उसका सात दशकों से कब्जा है, जिसको लेकर माननीय न्यायालय में मामला चल रहा है। इस संबंध में गुरविंदर सिंह ने नगर परिषद अध्यक्ष एवं कार्यपालक पदाधिकारी को इस मामले से अवगत कराया। मामला ध्यान में आने के बाद नगर परिषद ने इस संबंध में राजस्व विभाग का रिकॉर्ड निकाला, जिसमें पता चला कि जगतार चंद ने 2021 में करोड़ों रुपए की जमीन की गिरदावरी अपने नाम करवाई है। जबकि इस जमीन की ऑनलाइन फर्द में इस व्यक्ति का नाम काश्तकार के रूप में दर्ज था, लेकिन इस व्यक्ति ने नगर परिषद की यह जमीन कभी ली ही नहीं। परिषद अध्यक्ष जगतार सिंह कंबोज और पार्षदों ने कहा कि सत्ताधारी दल के नेताओं और राजस्व विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से इस जमीन की जमाबंदी में जगतार चंद का नाम दर्ज किया गया है। मामले की जांच के लिए विजिलेंस, डीसी मोहाली और एसएसपी पटियाला को लिखित शिकायत भेज दी गई है। इस मौके पर पार्षद लछमन सिंह चगेरा, अवतार सिंह, भाग सिंह दांगी, आशु, प्रीति वालिया, राकेश कुमार, बलकार सिंह, सतपाल कौर मौजूद रहे। इस मामले को लेकर जब नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी वरिंदर कुमार जैन से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि यह मामला हाल ही में उनके ध्यान में आया है। जिसको लेकर उन्होंने पूरा रिकार्ड जांच के लिए ले लिया है। उन्होंने उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत भेजकर मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

जगतार चंद ने सारा काम नियमों के तहत बताया

इस मामले को लेकर जब जगतार चंद से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि उन्होंने यह सारा काम नियमों के तहत किया है। 2016 में उन्होंने इस जमीन पर खेती करने वाले गुरजीत सिंह पुत्र वजीर सिंह और अमरीक सिंह पुत्र बारा सिंह से कब्जा कर लिया। इसके बाद से उन्होंने गिरदावरी कराई, जो 2021 में आई। जगतार चंद ने कहा कि नगर परिषद द्वारा पिछले कई वर्षों से इस जमीन को ठेके पर दिया जा रहा है। अब इस जमीन पर उनका कब्जा है और जमीन खाली है।

समझौता कराने गए व्यक्ति पर हमला करके किया घायल

पीड़ित का आरोप: पुलिस नहीं कर रही आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई

अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग

जीरकपुर, 26 जुलाई। दो व्यक्तियों में चल रहे पुराने झगड़े के मामले में उनका समझौता करवाने गए व्यक्ति के साथ एक पार्टी द्वारा मारपीट करके उसे गंभीर घायल कर दिया गया। इस मारपीट में वह व्यक्ति बेहोश हो गया। बेहोशी की हालत में उसे सड़क पर फेंक कर आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल व्यक्ति की पहचान मनीष के रूप में हुई है। जैसे ही घायल हुए मनीष को होश आया तो वह लोगों की मदद से चंडीगढ़ के सेक्टर 32 के सरकारी अस्पताल में पहुंच गया। सर पर ज्यादा चोट लगने के कारण मनीष के सर पर 45 से अधिक टांके भी लगे हैं। इसके बाद उसने इस सारे मामले की जानकारी अपने परिवार को दी अस्पताल द्वारा इस मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई। यह मारपीट स्थानीय वी आई पी रोड पर बीते रविवार को रात के 11.00 बजे के करीब हुई। मनीष के पारिवारिक सदस्यों द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि घटना वाली रात को 2.00 बजे वह इस मामले की शिकायत दर्ज करवाने के लिए थाना जीरकपुर में गए तो उनको पुलिस थाने का गेट तक नहीं खोला गया। इसके बाद उन्होंने अगले दिन जाकर थाने में अपनी शिकायत दर्ज करवाई।

टैक्सी सर्विस का काम करने वाले पीड़ित मनीष ने बताया की उसके किसी जानकार का स्थानीय विप रोड पर टैक्सी सर्विस का ही काम है और वह काफी समय पहले एक ही दफ्तर में पांच हिस्सेदारी मिलकर टैक्सी सर्विस का ही काम करते थे लेकिन किसी वजह से वह हिस्सेदार अलग होकर अपना अपना काम करने लगे और बाद में दोनों ही रुपों में आपस में छेटी-छेटी बातों को लेकर झगड़ा होने लगा। मनीष ने बताया की मुझे फोन आया था कि दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर बहस हो गई है इसके बाद मनीष रविवार की रात को करीब 11.00 बजे अपनी कर लेकर टैक्सी सर्विस का काम करने वाले अपने जानकार व्यक्ति के दफ्तर में आया जहां पर उसके दो अन्य हिस्सेदारी भी बैठे हुए थे जबकि एक हिस्सेदार कहीं गया हुआ था। मनीष ने बताया कि जब वह उनकी बात सुनकर दूसरे पक्ष के दफ्तर जो के वीआईपी रोड पर ही स्थित है वहां पहुंचा तो वहां पहले से ही मौजूद एक दर्जन के करीब लोगों ने उसे पर तेज धार हथियारों से हमला कर दिया इस मारपीट दौरान हम लोगों ने मनीष की जेब से 32,200 रुपए नकद, डेढ़ तोले सोने की चेन तथा एक मोबाइल भी छीन लिया और अपने साथ ले गए और उसे बेहोश करके सड़क पर फेंक दिया। जब कुछ समय बाद मनीष को होश आया तो वह लोगों की मदद से चंडीगढ़ के सेक्टर 32 के अस्पताल में पहुंचा। मनीष ने बताया कि उसके हाथ में भी प्लेट पड़ी है और उसकी टांग भी टूट गई है और उसके सर में 45 से अधिक टांके भी लगे हैं। मनीष के अनुसार जीरकपुर पुलिस उस पर समझौते का दबाव बना रही है, जिसके चलते पुलिस द्वारा चार-पांच दिन बीत जाने के बावजूद भी आरोपियों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की गई।

एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों द्वारा मारपीट करने की शिकायत मिली है। पुलिस द्वारा इस मामले की गहनता से जांच की जा रही है और घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

नायब सिंह, जांच अधिकारी

लायंस क्लब ने सरकारी स्कूलों में बांटी स्टेशनरी, फूड आइटम्स

अर्थ प्रकाश/चौहान

डेराबसी, 26 जुलाई। लायंस क्लब डेराबस्सी द्वारा 'माई एजुकेशन माई लाइफ' मुहिम के तहत सरकारी प्राइमरी स्कूल माहिवाला और सरकारी प्राइमरी स्कूल रामपुर सैनीयां में बच्चो को स्टेशनरी और खाने पीने का सामान बांटा। लायंस क्लब के सीनियर मेम्बर बरखा राम ने बताया कि मुहिम के तहत इस महीने 15 स्कूलों के बच्चों को पढ़ने लिखने का सामान दिया गया है। प्रधान नितिन जिंदल ने बताया कि एजुकेशन की सभी की लाइफ में बहुत इम्पोर्टेंस हैं। इस अवसर पर महीवाला स्कूल के इंचार्ज संदीप कौर, काजल साजन कुमार और रामपुर सैनियां स्कूल के इंचार्ज संजय कुमार, अनुराधा चौधरी, मनजीत कौर, नेहा, पिंकी, अवतार सिंह, करणप्रीत कौर आदि हाज़िर थे।

सुरिंदर छिंदा की लोक गायिकी ने पंजाबी भाषा के प्रचार और प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया: डॉ. बलजीत कौर

- सुरिंदर छिंदा की पहली बरसी पर दिवंगत गायक को समर्पित 'कित्थे तुर गयां यारा' गीत और वीडियो जारी
- कैबिनेट मंत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में भाग लिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 26 जुलाई। कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने आज यहां पंजाब कला भवन, चंडीगढ़ में आयोजित एक समारोह के दौरान दिवंगत गायक सुरिंदर छिंदा को समर्पित ÷कित्थे तुर गयां यारा÷ गीत और वीडियो जारी किया। यह गीत हरप्रीत सेखों द्वारा लिखा गया है और इस गीत को पद्म श्री गायक हंस राज हंस ने अपनी आवाज़ दी है।

समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि दिवंगत सुरिंदर छिंदा ने पंजाबी भाषा के प्रचार और प्रसार में योगदान दिया। उनके द्वारा गाए गए गीतों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि प्राप्त हुई।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि दिवंगत सुरिंदर छिंदा ने अपने गीतों के माध्यम से पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और इतिहास से आज की पीढ़ी को रूबरू कराया। मंत्री ने कहा कि हरप्रीत सेखों द्वारा दिवंगत सुरिंदर छिंदा को समर्पित गीत लिखना एक बड़ा प्रयास है।

बाबू सिंह मान ने कहा कि सुरिंदर छिंदा भले ही शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी आवाज हमेशा गूंजती रहेगी।

सुरिंदर छिंदा की पहली बरसी पर दिवंगत गायक को समर्पित %कित्थे तुर गयां यारा% गीत लिखने वाले हरप्रीत सिंह सेखों ने कहा कि उनकी सुरिंदर छिंदा के साथ बहुत करीबी संबंध थे और एक साल उनके जाने के बाद ऐसा लगता है जैसे वह हमारे साथ ही हों। वाइटल रिकॉर्ड्स द्वारा यह गीत जारी किया जा रहा है। गीत का वीडियो बॉबी बाजवा ने बनाया है।

इस मौके पर पूर्व सांसद साधू सिंह, पूर्व सांसद मोहम्मद सदीक, आत्मा नगर के विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के निदेशक श्री भुपिंदर सिंह, प्रसिद्ध गीतकार बाबू सिंह मान मराड़ा वाला, शमशेर सिंह संधू, करतार सिंह, निर्माता तलजिंदर सिंह नागरा और बॉबी बाजवा मौजूद थे। यह समारोह सुरिंदर छिंदा की शाश्वत विरासत और पंजाबी संगीत एवं संस्कृति में उनके योगदान को समर्पित था।

क्षेत्र में असामाजिक तत्वों को सिर नहीं उठाने दिया जाएगा: एस एच ओ

मूनक 26 जुलाई (अप्रस)। अपनी अनूठी कार्यशैली, लोक सेवा कार्यों में अहम योगदान और अपनी कर्तव्य के प्रति वफादारी के कारण लोगों के बीच लोकप्रिय सुखदीप सिंह ने आज मूनक थाने के एस एच ओ का पदभार ग्रहण किया । मिली जानकारी के अनुसार सरदार सुखजीत सिह पहले काफी समय पहले दिडबा में तैनात थे. उन्हें माननीय एसएसपी संगरूर सरताज सिंह चाहल द्वारा मूनक में तैनात किया गया है. लोगों का कहना है. जबकि सुखजीत सिंह एक अच्छे समाज सुधारक हैं, उन्होंने एक अच्छे अधिकारी के रूप में लोगों के बीच अपनी अच्छी छवि बनाई है।इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए सुखजीत सिह ने कहा कि थाना मूनक के तहत ग्राम पंचायतों और अन्य समाजसेवी संस्थाओं सहित अन्य लोगों को पूर्ण सतकार

दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे समाज में गलत कार्य करने वाले लोगों के बारे में बिना डरे पुलिस को बता सकते हैं।उन्होंने कहा कि पुलिस और लोगों के बीच संबंध बहुत अच्छे होने चाहिए, तभी हम एक अच्छा समाज बना सकते हैं।उन्होंने कहा किसी भी असामाजिक तत्वों को गलत काम करने के लिए सिर उठाने नहीं दिया जाएगा। इस समय प्रेस क्लब के सदस्यों द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था वह अन्य दिए गए विचारों पर सहमत होते हुए उन्होंने तुरंत कार्यवाही करने की बात कही।

पंजाब विस स्पीकर ने पूर्व विधायक अमरजीत सिंह संदोआ के साथ गहरा दुख व्यक्त किया

चंडीगढ़, 26 जुलाई (अप्रस)। पंजाब विधान सभा के स्पीकर स. कुलतार सिंह संधवां ने स.काबल सिंह के देहांत पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

यहाँ से जारी बयान में विधान सभा स्पीकर ने कहा कि 90 वर्षीय स. काबल सिंह, पिता स. अमरजीत सिंह संदोआ पूर्व विधायक (हलका रूपनगर) निष्पक्ष सोच वाले और प्रगतिशील विचारों के प्रेक्षक थे।

ज़िक्रयोग्य है कि अचानक तबीयत ख़राब होने बाद में उनको रूपनगर के परमार अस्पताल में दाख़िल करवाया गया था, जहाँ उन्होंने आख़िरी साँस ली।

स्पीकर ने परमात्मा से प्रार्थना की कि वह बिछड़ी रूह को अपने चरणों में निवास दें एंव परिवार को ईश्वरीय आदेश मानने की शक्ति प्रदान करे।

मांगों को लेकर सफाई कर्मचारी यूनियन ने बुलाई तत्काल मीटिंग

कहा-अपनी मांगों को लेकर जल्द खोलेंगे अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा

अर्थ प्रकाश/राजेश गर्ग

जीरकपुर, 26 जुलाई। शुक्रवार को नगर कौंसिल जीरकपुर में नगर कौंसिल एम्पलाइज सफाई कर्मचारी यूनियन एटक तथा अन्य साथी जत्थेबंदियों के पदाधिकारीयों ने एक तत्काल मीटिंग बुलाई। जिसमें नगर कौंसिल के कर्मचारियों की वर्षों से चली आ रही मांगों संबंधी चर्चा की गई। इस मौके बात करते हुए नगर कौंसिल एम्पलाइज सफाई कर्मचारी यूनियन एटक के अध्यक्ष प्रदीप सूद ने कहा के हमारे साथी कर्मचारी वर्षों से अपनी मांगों को लेकर परेशानियों का सामना कर रहे हैं लेकिन हमारे लिए नगर कौंसिल के अधिकारी तथा सरकार द्वारा कुछ भी नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि हम हड़ताल, धरने, मुजाहरे, रोड शो आदि कर कर के परेशान हो चुके हैं लेकिन अधिकारियों के कान तले जूं तक नहीं रेंगती। इसलिए हमने दोबारा से अपनी आवाज अधिकारियों तथा

सरकार के कानों तक पहुंचने के लिए संघर्ष करने का प्रोग्राम बनाया है और यह संघर्ष लंबे समय तक चलेगा, जब तक हमारी मांगे जो के बिल्कुल जायज है को मांन नहीं लिया जाता। प्रदीप सूद ने कहा कि जीरकपुर नगर कौंसिल में पहले जितने भी कार्यकारी अधिकारी आए हैं, वह अपने कर्मचारियों के लिए कुछ ना कुछ तो करते थे लेकिन मौजूदा कार्यकारी अधिकारी को यहां पर आए हुए 3-4 महीने हो चुके हैं। इन्होंने तथा उनके अन्य अफसरों ने सफाई कर्मचारियों के लिए कुछ भी नहीं किया। उन्होंने कहा कि बरसाती ड्यूटी करने वाले सफाई कर्मचारियों को रेनकोट तक भी नहीं दिए गए। जिनको दिए भी गए हैं, उनको यह कहा गया है कि अगर बरसात हो रही है तो सुबह रेनकोट पहन कर जाओ और शाम को वापस दे दो। प्रदीप सूद ने कहा कि नगर कौंसिल जीरकपुर के अफसरों की नियत खराब है और यहां पर वह अपना तानाशाही रवैया अपना रहे हैं, जो के कर्मचारियों के लिए ठीक नहीं है तो आम लोगों के लिए कैसे ठीक हो सकता है।

प्रदीप सूद ने कहा कि हमारे कर्मचारियों को बूट, वर्दी, बरसाती, कर्मचारियों के बैठने के लिए शेड, सफाई कर्मचारियों के लिए साबुन, गुड, तेल आदि सभी मांगे वर्षों से कर रहे हैं। उन्होंने कहा के हमारी जितनी भी मांगे हैं वह सब जायज है। इतने कम वेतन में पिछले 24-25 वर्ष से हमारे सफाई कर्मी काम कर रहे हैं लेकिन नगर कौंसिल अधिकारियों का उनकी और कोई ध्यान नहीं जा रहा। अधिकारियों को जगाने के लिए और उनके कानों तक आवाज पहुंचने के लिए हम अपना संघर्ष तेज करेंगे।

1 लाख 10 हजार रुपए रिश्वत लेता एएसआई विजीलैंस ने किया गिरफ़्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 26 जुलाई। राज्य में भ्रष्टाचार विरुद्ध शुरु किए अभियान दौरान पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने आज थाना सदर, धुरी, ज़िला संगरूर में तैनात सहायक सब- इंस्पेक्टर (ए.एस.आई.) गुरप्रीत सिंह को 1,10,000 रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों काबू किया है। इस संबंधी जानकारी देते हुए राज्य विजीलैंस ब्यूरो के वक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को गुरदीप सिंह निवासी गाँव राजोमाजरा, ज़िला संगरूर द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ़्तार किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि उक्त शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो के पास पहुँच करके आरोप लगाया है कि उसके ससुराल परिवार के सदस्यों विरुद्ध थाना धुरी सदर में मामला दर्ज किया गया है और इस मामले में उसके ससुराल परिवार और साले को गिरफ़्तार किया गया है। उसने आगे बताया कि उक्त ए.एस.आई. ने उसके ससुराल परिवार

के अन्य सदस्यों को इस पुलिस केस में फसाने की धमकी देकर 1,50, 000 रुपए रिश्वत की माँग की परंतु सौदा 1,10, 000 रुपए में तय हुआ।

वक्ता ने आगे बताया कि इस शिकायत की शुरूआती जांच उपरांत विजीलैंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछा कर आरोपी ए.एस.आई.को दो सरकारी गवाहों की उपस्थिती में शिकायतकर्ता से 1,10, 000 रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों काबू कर लिया। उन्होंने बताया कि इस संबंधी विजीलैंस ब्यूरो के थाना पटियाला में भ्रष्टाचार निरोधक कानून के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है और इस मामले की आगे वाली कार्यवाही जारी है।

एक लाख रुपए रिश्वत लेता जूनियर इंजीनियर गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने जूनियर इंजीनियर, इंजीनियरिंग शाखा-कम-बिल्डिंग इंस्पेक्टर, नगर निगम पठानकोट और अतिरिक्त चार्ज एम.सी. बटाला जतिंदर कुमार को एक लाख रुपए रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए राज्य विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को रशपाल सिंह निवासी गांव भारोली कलां जिला गुरदासपुर द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि उक्त शिकायतकर्ता ने विजीलेंस ब्यूरो से संपर्क कर आरोप लगाया कि उसकी कृषि योग्य भूमि को उक्त जे.ई द्वारा जांच की जा रही अवैध कॉलोनी का हिस्सा

न बताने के बदले में उक्त आरोपी ने उससे एक लाख रुपए रिश्वत की मांग की। प्रवक्ता ने आगे बताया कि इस शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद विजीलेंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाकर उक्त आरोपी को दो सरकारी गवाहों की उपस्थिति में 100,000 रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया।

कॉलेज में नए शुरू हुए प्रोफेशनल कोर्स छात्रों के लिए बेहद फायदेमंद: कौशल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

डेराबस्सी, 26 जुलाई। सरकारी कॉलेज डेराबस्सी में शैक्षणिक सत्र 2024-25 से तीन नए कोर्स शुरू हो रहे हैं। उच्च शिक्षा विभाग, पंजाब के दिशानिर्देशों के तहत स्नातक स्तर पर दो व्यावसायिक पाठ्यक्रम, बीबीए (बिजनेस प्रोसेस रीइंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट) और बीए ऑनर्स (एस्थेटिक एंड ब्यूटी थेरेपी) और पोस्ट-ग्रेजुएट एम का एक कोर्स कॉम लेवल लॉन्च किया जा रहा है. यह कोर्स पंजाब के उच्च शिक्षा मंत्री प्रो. हरजोत सिंह बैंस के शुभ नेतृत्व और माननीय उच्च शिक्षा सचिव श्री कृष्ण कुमार यादव (आईएएस) के प्रशासनिक प्रयासों के तहत, पंजाब में उच्च शिक्षा को पेशेवर और विश्व स्तरीय बनाने के लिए मजबूत करने के प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशनल सोसायटी के तहत शुरू किये जा रहे ये कोर्स महत्वपूर्ण कोर्स हैं, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को काफी फायदा होगा। ये पाठ्यक्रम बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करने वाले हैं। खुद उद्यमी बनने के अलावा, बीबीए छात्र बिजनेस एनालिस्ट, प्रोसेस कंसल्टेंट्स, ऑपरेशंस मैनेजर, प्रोजेक्ट मैनेजर, क्वालिटी एश्योरेंस

मैनेजर आदि के रूप में करियर बनाते हैं। बी ए (एस्थेटिक एंड ब्यूटी थेरेपी) कोर्स के छात्र ब्यूटी थेरेपिस्ट, मेकअप आर्टिस्ट, ब्यूटी एजुकेटर ट्रेनर, सैलून ओनर और वेलनेस कोच के रूप में अपना करियर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि एमकॉम डिग्री वाले छात्र अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने के साथ-साथ वित्तीय विश्लेषक, लेखाकार, लेखा परीक्षक, कर सलाहकार, वित्तीय प्रबंधक, निवेश बैंकर, वित्तीय योजनाकार आदि पेशे भी अपना सकते हैं। प्राचार्य डॉ. सुजाता कौशल ने विशेष रूप से बताया कि महाविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

विधायक रंधावा ने घग्गर व बुड्ढे नाला कमेटी की बैठक में प्रदूषण का गंभीर मुद्दा उठाया

- और उद्योगों से बेहतर जल शोधन उपकरण लगाने की अपील की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

डेराबस्सी, 26 जुलाई। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा मंगलवार को पंजाब विधानसभा की घग्गर और बुड्ढे नाला कमेटी की बैठक में शामिल हुए, जहां ड्रेनेज, पल्यूशन कंट्रोल बोर्ड और उद्योग विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। यह बैठक उद्योगों द्वारा नदियों और नहरों में छोड़े जा रहे प्रदूषित पानी के मुद्दे पर चर्चा के लिए आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान रंधावा ने औद्योगिक कचरे के पर्यावरण और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों पर चिंता

व्यक्त की। उन्होंने इस मुद्दे को हल करने के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया और प्रदूषित पानी के निर्वहन को रोकने के लिए कारखानों में आधुनिक जल उपचार उपकरण स्थापित करने का प्रस्ताव दिया। रंधावा ने डेराबस्सी क्षेत्र के उद्योगों से अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेने और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देने की भी अपील की। उन्होंने उद्योगों से आधुनिक जल उपचार तकनीक में निवेश करने और समुदाय की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए पर्यावरण मानदंडों का सख्ती से पालन करने की अपील की ताकि इस परियोजना को पूरे पंजाब में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में अपनाया जा सके। इस दौरान रंधावा ने कमेटी से घग्गर के किनारों को मजबूत करने के काम में तेजी लाने की अपील की। रंधावा ने कहा कि कमेटी के डेराबस्सी इलाके में कई जगहों के दौरे के दौरान ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याएं कमेटी के सामने रखी हैं। जिनकी बात ध्यान से सुनी गई है। कमेटी इस संबंध में अपनी रिपोर्ट सिफ़ारिश के साथ पंजाब के मुख्यमंत्री और विधानसभा स्पीकर को सौंपेगी. विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि आप सरकार के अस्तित्व में आते ही उन्होंने घग्गर का मुद्दा विधानसभा में उठाया था और ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी मुद्दे की गंभीरता को समझ विधानसभा में इसे लेकर विधायकों की भागीदारी वाली एक कमेटी का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि घग्गर के किनारे रहने वाले लोग लगातार इसका खामियाजा भुगतने को मजबूर हैं और बरसात के मौसम में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है और रासायनिक पानी प्रदूषित वातावरण पैदा कर इंसानों और जानवरों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। विधायक रंधावा ने कहा कि मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत मान घग्गर आसपास रहने वाले लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने कहा कि लोग पिछली सरकारों की गलत नीतियों का खामियाजा भुगत रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने राज्य के लोगों को स्वच्छ प्रशासन और स्वच्छ वातावरण प्रदान करने का वादा पूरा किया है सुझावों को लागू करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने और उद्योगों को अपने कार्यों के लिए जवाबदेह बनाने के संकल्प के साथ बैठक संपन्न हुई।

कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर ऊना वासियों का अमर बलिदानियों को नमन

जिला स्तरीय कार्यक्रम में शहीद स्मारक पर अमर सपूतों को अर्पित की गई श्रद्धांजलि

अर्थ प्रकाश /रोहित शर्मा

ऊना। कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ पर जिला स्तरीय कार्यक्रम एमसी ऊना के शहीद स्मारक में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त जतिन लाल और कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित वीर चक्र से अलंकृत (रि.)नायक देव प्रकाश तथा शौर्य चक्र से सम्मानित ऑनरेरी कैप्टन चरण दास ने शहीद स्मारक में शहीदों को पुष्प चक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर, जिला कांग्रेस के प्रधान रणजीत राणा, जिला कांग्रेस के ओबीसी सेल के प्रधान प्रमोद कुमार, एमसी ऊना की अध्यक्ष पुष्पा देवी, एसडीएम विश्वमोहन देव चौहान, जिला सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक कर्नल एसके कालिया, जिला सैनिक कल्याण विभाग के पूर्व उपनिदेशक मेजर खुवीर सिंह, एक्स सर्विसमैन लीग के अध्यक्ष कैप्टन शक्ति चंद के अलावा वीर नारियों और पूर्व सैनिकों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शहीद स्मारक में शहीदों को पुष्पांजलि भेंट कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

शहीदों के योगदान को स्मरण रखें: जतिन लाल

इस अवसर पर उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि कारगिल युद्ध जैसी वीरता की मिसाल दुनिया में कहीं नहीं मिलेगी। इसमें हमारे वीर सैनिकों ने भीषण ठंड और विपरीत परिस्थितियों का मुकाबला कर विजय हासिल की थी। इन वीर सैनिकों का यह बलिदान देश कभी नहीं भुला पाएगा। देश के प्रति सैनिकों की सेवा सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि हिमाचली युवा हमेशा देश सेवा में तत्परता से आगे रहे हैं। उन्होंने ऊना जिले के युवाओं से अपील की कि वे देश सेवा में अपना योगदान देने के संकल्प के साथ आगे बढ़ें। शहीदों के योगदान को स्मरण रखें। उनसे प्रेरणा लेकर अपनी फिटनेस पर ध्यान दें और नेश से दूर रहें। समारोह में जिला सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक कर्नल एसके कालिया ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में हमारे वीर जवानों ने कठिन परिस्थितियों में युद्ध लड़कर पाकिस्तान के सैनिकों को खदेड़ा और कारगिल युद्ध में विजय हासिल की।

उपायुक्त कार्यालय परिसर में पूर्व सैनिकों के लिए खुलेगा विशेष हैल्प डेस्क

कार्यक्रम के उपरांत उपायुक्त जतिन लाल ने अपने कार्यालय में पूर्व सैनिकों की चाय पान पर मेजबानी की। इस अवसर पर उन्होंने वीर चक्र से अलंकृत (रि.) नायक देव प्रकाश तथा तथा शौर्य चक्र से सम्मानित ऑनरेरी कैप्टन चरण दास को जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया। इस दौरान एक्स सर्विसमैन लीग के अध्यक्ष कैप्टन शक्ति चंद ने उन्हें पूर्व सैनिकों की विविध मांगों से अवगत कराया। उपायुक्त ने उनकी सभी मांगों को गौर से सुना तथा तत्काल उनको पूरा करने को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि पूर्व सैनिकों की सुविधा व सहायता के लिए उपायुक्त कार्यालय परिसर में विशेष हैल्प डेस्क स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस के माध्यम से ईसीएचएस अस्पताल रामपुर में डेंटल चेयर भेंट की जाएगी। इसके अलावा ईसीएचएस के समीप रामपुर सड़क पर जल्द ही रेन शेल्टर का निर्माण भी किया जाएगा।

25 मई से 26 जुलाई, 1999 तक चला था कारगिल युद्ध

कारगिल का युद्ध 25 मई, 1999 से 26 जुलाई, 1999 तक चला था। इस युद्ध में पाकिस्तान को भारी क्षति के साथ मुंह की खानी पड़ी थी। 25 जुलाई, 1999 तक भारतीय सेनाओं ने पूर्णतया अपनी सरहदों तथा मोर्चों पर कब्जा कर लिया था तथा 26 जुलाई 1999 को युद्ध विराम होने से हर साल 26 जुलाई को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस युद्ध में हिमाचल के 52 रणबांकुरों ने, जिनमें ऊना जिले के 2 वीर सैनिक भी शामिल थे, ने अपनी शहादत दी थी। इस युद्ध में 4 सर्वोच्च सम्मान, 4 परमवीर चक्र मिले थे जिसमें 2 परमवीर चक्र प्रदेश के शहीद कैप्टन विक्रम बतरा (मरणोपरांत) तथा सेवारत सिपाही संजय कुमार(अब सूबेदार मेजर) को मिला था। इन वीर सैनिकों पर देश तथा प्रदेश वासियों को नाज है।

वीर जवानों के त्याग व बलिदान का ऋण कभी नही चुकाया जा सकता : आबिद हुसैन सादिक

शहीद स्मारक बिलासपुर में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने पूर्व सैनिकों और वीर नारियों की उपस्थिति में देश की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले बलिदानी सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि कारगिल के वीर शहीदों सहित उन सभी बलिदानियों के प्रत्येक देशवासी ऋणी हैं। भारत की सेना ने अपने शौर्य और पराक्रम से हमेशा देश का गौरव बढ़ाया है, जिस पर हम सभी को गर्व है। इन वीर जवानों के त्याग एवं बलिदान के कारण ही राष्ट्र की सीमाएं सुरक्षित हैं। उन्होंने शहीद स्मारक स्थित भारत माता को प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरान्त शहीद स्मारक पर वीर जवानों को ज्योति प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी तथा रिथ अर्पित कर पुष्पांजलि अर्पित की । समारोह में पुलिस अधीक्षक विवेक चहल विशेष अतिथि ब्रिगेडियर जगदीश वर्मा , ई सी एच एस कार्यलय प्रभारी लेफ्टिनेंट कर्नल एस सी कटोच, हिमाचल प्रदेश सैनिक कल्याण समिति प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन बालक राम कैंटीन कार्यालय प्रभारी स्क्वाड्रन लीडर मोनिका वशिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी परिषद की प्रदेश अध्यक्ष प्रेमी देवी शास्त्री सहित सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एनसीसी आर्मी विंग के 40 कैडेट्स उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय और सीएसडी कैंटीन का किया दौरा

ऊना। उपायुक्त जतिन लाल ने शुक्रवार को जिला सैनिक कल्याण विभाग के कार्यालय और सीएसडी कैंटीन का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान, उन्होंने कार्यालय क्षेत्र और सैनिक विश्राम गृह का निरीक्षण किया और पूर्व सैनिकों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का ब्योरा लिया। उनका यह दौरा पूर्व सैनिकों की सुविधाओं को सुधारने और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को समर्पित था। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों की सुविधा और कल्याण को प्रतिबद्ध है। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में पूर्व सैनिकों के लिए सम्मेलनों और बैठकों के आयोजन को लेकर एक उपयुक्त स्थल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मौजूदा कार शेड एवं सामुदायिक क्षेत्र के विस्तार के भी निर्देश दिए।

अमर वीर सपूतों को किया नमन, वीर नारियों को किया सम्मानित

सभी के लिए शाश्वत प्रेरणा है वीर सैनिकों का जीवन और त्याग: अपूर्व देवगन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

मंडी। शहीदों के सम्मान में मंडी में हुए कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ पर मंडी जिला वासियों ने भारतीय सेना के वीर सैनिकों और अमर शहीदों को भावपूर्ण नमन किया। मंडी के शहीद स्मारक में जिला प्रशासन, सैनिक कल्याण विभाग के सौजन्य से जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन, पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा, जिला सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक कर्नल गोपाल गुलेरिया, ले0 जनरल राकेश कपूर, कर्नल (सेवानिवृत) केके मल्होत्रा, कर्नल प्रताप सिंह, कर्नल हरीश वैध, कर्नल एसके मण्डयाल, लीग के पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष कैप्टन कशमीर सिंह के अलावा वीर नारियों, पूर्व सैनिकों, एनसीसी कैडेटों व स्थानीय नागरिकों ने शहीद स्मारक में शहीदों को पुष्प चड़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के प्रति एकता और अखण्डता की शपथ ली। इस मौके पर उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कारगिल युद्ध की वीर नारियों को सम्मानित किया तथा उनके प्रति कृतज्ञता जताई।

डॉ. कोहली को मिलेगी आईएसजीपीबी फैलोशिप–2023

-7 अगस्त को दिल्ली में होने वाली अवार्ड सेरेमनी में मिलेगी फैलोशिप

अर्थ प्रकाश संवाददाता

सोलन। पैराग्वे में हरित क्रांति के जनक व सोलन के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. मनमोहन कोहली को इंडियन सोसायटी ऑफ जैनेटिक्स एंड प्लांट ब्रिडिंग (आईएसजीपीबी) की ऑनरेरी फैलोशिप देगा। फसल सुधार के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें यह फैलोशिप प्रदान की जाएगी। 7 अगस्त 2024 को दिल्ली में आयोजित होने वाले आईएसजीपीबी ऑनरेरी कार्यक्रम में डॉ. मनमोहन कोहली को यह सम्मान मिलेगी। डॉ. कोहली वर्तमान में पैराग्वे देश में रहते हैं। सितंबर 2023 में उन्हें पैराग्वे गणराज्य का सर्वोच्च नागरिक सम्मान देश में हरित क्रांति लाने के लिए मिल चुका है। सोलन जैसे छोटे शहर से लेकर अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कृषि वैज्ञानिक की यात्रा सभी के लिए प्रेरणादायक है।



सरकारी स्कूल से हुई दसवीं तक की पढ़ाई : 79 वर्षीय वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ.मनमोहन कोहली ने बताया कि उन्होंने अपनी मैट्रिक तक की पढ़ाई ब्वॉयज सीनियर सेकंडरी स्कूल सोलन से वर्ष 1960 में पूरी की। इसके बाद राज्यस्थान के उदयपुर कॉलेज से बीएससी (एग्रीक्लचर), भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) दिल्ली से मास्टर डिग्री व पीएचडी की डिग्री हासिल की। डॉ.कोहली ने अपने व्यापक कार्य और समर्पण के माध्यम से खुद को पैराग्वे में एक महत्वपूर्ण कृषि वैज्ञानिक के रूप में स्थापित किया। डॉ कोहली ने पिछले तीन दशकों में 20 से अधिक विशिष्ट राष्ट्रीय गेंहू किस्मों के निर्माण व उन्नति में अहम भूमिका निभाई। पिछले 6 दशकों से वह कृषि क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

सोलन में टैंक रोड़ पर है डॉ.कोहली का घर : डॉ. कोहली का परिवार पाकिस्तान से आकर सोलन में बसा था। उनका जन्म अविभाजित भारत के समय पाकिस्तान में हुआ था। भारत-पाक विभाजन के बाद उनका परिवार हिमाचल आया और सोलन में बस गया। सोलन के पैलेस रोड़ पर उनका मकान हैं और साल में एक बार सोलन जरूर आते हैं। सोलन में ही उनके परिवार के सदस्य रहते हैं। आईएसजीपीबी फैलोशिप मिलने पर सोलन में उनके भतीजे संजय कोहली समेत अन्य परिजनों ने खुशी जताई। सोलन से उन्हें बेहद प्यार है और वह सेरी, मत्यूल व खनोग में सैर करने जाते हैं। डॉ. कोहली की पत्नी मारिया टैरेसा, बेटा अमित लंदन में इंजीनियर है और बेटी आरती अमेरिका में मनोचिकित्सक हैं।

जेल वार्डरों के 91 पदों की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा कल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

ऊना। कारागार एवं सुधारात्मक सेवाएं विभाग में वार्डरों के 91 पदों की भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा पास करने वाले उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा 28 जुलाई को होगी। जिला ऊना, कांगड़ा व चम्बा के अभ्यर्थियों के लिए लिखित परीक्षा राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में दोपहर 12 बजे आयोजित होगी। इस परीक्षा केंद्र पर कुल 1149 अभ्यर्थी लिखित परीखा में बैठेंगे।

इस बारे जानकारी देते हुए जेल अधीक्षक एवं एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान ने बताया कि विभाग के महानिदेशक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक अभ्यर्थी अपने परीक्षा प्रवेश पत्र कारगार एवं सुधारात्मक सेवाएं विभाग की वेबसाइट http://admis.hp.nic.in/hpprisons/ से या अपने पंजीकृत ई-मेल से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आरम्भ होने से दो घंटे पहले पहुंचना सुनिश्चित करें।

परीक्षा हॉल में पेन, कार्डबोर्ड, एडमिट कार्ड एवं पहचान पत्र के अतिरिक्त कोई भी सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मोबाइल, केलकुलेटर, इलैक्ट्रॉनिक घड़ी या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ बैग को परीक्षा हॉल में ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष नम्बर 0177-2628852 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

न्यूज ब्रीफ

बरठी में 46 रक्तवीरों ने दान किया रक्त

बरठी (देशराज) । झंडूता विकासखंड की ग्राम पंचायत बरठी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 46 रक्तदाताओं ने भाग लिया । यह जानकारी महासचिव जगदीश चंद सेवा निवृत विकास अधिकारी दरिद्र नारायण कल्याण समिति इकाई घुमारवीं द्वारा दी गई । रक्त दान शिविर का आयोजन एम्स हॉस्पिटल बिलासपुर की टीम द्वारा किया गया । जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हिमांशी नर्सिंग ऑफिसर ज्योति कुमारी व मालविका काउंसलर मनीष कुमार एमटीएस अंशुल सैनिटेशन अटेंडेंट अवनीश एवं अजय कुमार ने शिविर में पूर्ण सहयोग के साथ शिविर में सेवाएं दी । रक्तदान शिविर में राजेश कुमार ने 25 वीं बार हेमराज ने 16वीं बार तथा 10 रक्तदाताओं ने पांचवीं बार रक्तदान किया जिसमें राजेंद्र सिंह ,पवन कुमार, अनीता देवी , अरविंदर सिंह, रोशन लाल , कुलदीप शर्मा, अंकुर सोनी , विनीत शर्मा , विशाल कुमार , सौरभ शर्मा , प्रवेश कुमार , अरुण कुमार , अतुल गौतम , दिनेश कुमार , राजेश कुमार , यशपाल , विक्रम जीत,सनी कुमार , देशराज , टेक सिंह , कमलजीत सिंह , विकास रांगरा , हेमराज , यशपाल सिंह , सुखविंदर सिंह ,अनिल कुमार ,शशि पाल , पवन कुमार शर्मा, सुरेश कुमार , अजय कुमार , जगदीश सिंह , विकास धीमान , अमित कुमार , दीपक ,सुनील कुमार , देशराज , विशाल कपिल , रोहित , रजत महाजन , कपिल देव , देवराज आदि ने शिविर में रक्तदान कर शोभा बढ़ाई । समिति अध्यक्ष शहजाद सिंह चौहान क्षेत्रीय सहसंयोजक अमरनाथ सोहिल ,प्रकाश सोहिल, नंदलाल धीमान रब्ब लाल,डॉ जगदीश ठाकुर , सत्यदेव सोहन सिंह उपस्थित रहे। समिति ने सभी रक्त दाताओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया फोटो - बरठी में रक्तदान करते रक्तवीर।

सरकारी महाविद्यालय खोलने की मांग ने पकड़ा जोर

त्रिमूर्ति मंदिर बरठी में चार पंचायत के प्रबुद्ध नागरिकों की एक बैठक आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

बरठीं बिलासपुर। जिला बिलासपुर के बरठीं में सरकारी महाविद्यालय खोलने की मांग जोर पकड़ने लगी है। त्रिमूर्ति मंदिर बरठी में चार पंचायत के प्रबुद्ध नागरिकों की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय खोलने पर विचार विमर्श किया गया निर्णय लिया गया की बरठीं सहित आसपास की 15 पंचायत की आम राय बनाने के लिए शनिवार 27 जुलाई को बरठीं मे ही महापंचायत का आयोजन किया गया है। बैठक में जिला परिषद सदस्य शालू रनौत, जागरूक ब्राह्मण मंच के जिला प्रधान व बीसीसी के पूर्व महासचिव नरेश सहोड़ बरठीं पंचायत के पूर्व प्रधान डॉ राम प्रकाश, पूर्व पंचायत समिति सदस्य किशोरी लाल, सतीश गौतम कुलवंत ढटवालिया मूलराज राजेश कुमार पंडित करमचंद दिनेश कौशल संजीव गौतम विवेक कुमार दिनेश शर्मा राकेश शर्मा महेंद्र सिंह श्यामलाल सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बरठीं क्षेत्र में जिला परिषद बाड़ की नौ पंचायतें जिसमें बरठीं, बड़गांव, सुन्हाणी, बलोह, घुमारवीं विधान सभा की पांच पंचायतें जिनमें कोटलू ब्राहम्णा, छत, पपलाह, करलोटी, कपाहड़ा सम्मिलित हैं। इसके अलावा रैली जजरी घोड़ी धबीरी की कुल आबादी लगभग 50 हजार से ज्यादा है और सभी का केंद्र बिंदु व्यापारिक स्वास्थ्य व शैक्षणिक संबंधी बरठी है इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लंबे समय से इस क्षेत्र के लोग सभी नेताओं व सरकारों से किसी बड़े कार्यालय व संस्थान खोलने की लगातार मांग किए जा रहे है। लेकिन कोई भी सरकारी नुमाइंदा इस क्षेत्र की ओर ध्यान नहीं दे रहा है दोनों पार्टियों ने क्षेत्र की जनता को मात्र वोट बैंक के लिए रखा है लेकिन अब लोग वर्तमान सरकार से उम्मीदें लगाए बैठे है कि जहाँ वर्तमान सरकार ने बलसीना कॉलेज को बंद किया है वहीं अब जनसंख्या व लोगों की मांग को देखते हुए बरठीं क्षेत्र में कॉलेज को खोला जाए। त्रिमूर्ति मंदिर बरठीं में आयोजित बैठक में लोगों ने पार्टी बाजी से ऊपर उठकर एक जड़ता के साथ बताया कि बरठीं से 7 किलोमीटर के अंदर 10 राजकीय बरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं हैं जबकि पांच निजी पाठशालाएं कार्यरत हैं जिनमें हजारों बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं ऐसे में आबादी को देखते हुए बरठीं क्षेत्र में कॉलेज का खुलना अति अनिवार्य है लेकिन उसके लिए स्थानीय सरकार के नुमाइंदे पिछड़ा क्षेत्र कोटधार के एक छोर में कॉलेज को खोलने की कोशिश कर रहे हैं जो तर्कसंगत नहीं है उन्होंने बताया की आबादी के हिसाब से खोला गया कॉलेज मात्र प्राइमरी स्कूल बनकर रह जाएगा। उन्होंने सरकार से मांग की है कि बरठी क्षेत्र की जनता की भावनाओं की कदर करते हुए बरठी में महाविद्यालय खोला जाए। उन्होंने बताया महापंचायत करने के पश्चात एक डेपुटेशन मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू से मिलकर इस समस्या का हल करवाएगा।

कारगिल दिवस पर मैराथन का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

सोलन। कारगिल विजय दिवस के मौके पर टू जेक लाई सोलन कीओर से मैराथन का आयोजन किया गया। इसमें पहली एचपी गर्ल्स एनसीसी बटालियन सोलन की कैडेट्स ने भाग लिया। इस मैराथन के माध्यम से देशभक्ति और साहस का अनूठा प्रदर्शन हुआ।

मैराथन का शुभारंभ मेजर यश विवेक ने फ्लैग दिखाकर किया। कैडेट्स ने ठोडो ग्राउंड से आर्मी एरिया तक दौड़ लगाई, जो उनके साहस और धैर्य का प्रतीक थी। यह दौड़ न केवल उनकी शारीरिक क्षमता को दर्शाती है, बल्कि उनके अनुशासन और देश प्रेम को भी प्रकट करती है। मैराथन समाप्त होने के बाद कैडेट्स को रिफ्रेशमेंट प्रदान दी। इसके बाद, एक पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया, जिसमें कैडेट्स ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह समारोह उन बहादुर जवानों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक तरीका था, जिन्होंने देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। इसके पश्चात, उन्हें 'सैम बहादुर' फिल्म दिखाई गई, जो भारतीय सेना के महान जनरल सैम मानेकशॉ के जीवन पर आधारित है। यह फिल्म कैडेट्स के लिए प्रेरणादायक थी और उन्हें देश सेवा के प्रति समर्पित होने की प्रेरणा दी।

आईआईटी मंडी ने की घनत्व कार्यात्मक सिद्धांत की 60वीं वर्षगांठ पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

मंडी। भौतिकी और पदार्थ विज्ञान के क्षेत्र में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी ने आईआईटी रोपड़ और आईआईटी गुवाहाटी के सहयोग से घनत्व कार्यात्मक सिद्धांत डीएफटी की 60वीं वर्षगांठ पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सिद्धांत और संगणना में प्रगतिकी मेजबानी की। स्कूल ऑफ फिजिकल साइंसेज द्वाराआयोजित इस सम्मेलन ने क्वांटम मैकेनिकल मॉडलिंग में एक महत्वपूर्ण उपकरण डीएफटी को चिह्नित किया। घनत्व कार्यात्मक सिद्धांत ,सैद्धांतिक और कम्प्यूटेशनल रसायन विज्ञान और भौतिकी की उन्नति में एक आधारशिला रहा है, जो परमाणुओं, अणुओं और संघनित पदार्थ की इलेक्ट्रॉनिक संरचना में अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। इस सम्मेलन ने उल्लेखनीय यात्रा, इस क्षेत्र में नवीनतम प्रगति और अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला। सम्मेलन की संयोजक प्रो. आरती कश्यप ने कहा कि यह सम्मेलन अपने दो-भागीय ढांचे के कारण अद्वितीय था। पहले भाग में घनत्व कार्यात्मक सिद्धांत की यात्रा और इसकी वर्तमान स्थिति की मौलिक, बुनियादी अवधारणाओं को शामिल किया गया। इसमें यह भी बताया गया कि मशीन लर्निंग किस तरह से मैटेरियल फिजिक्स के क्षेत्र को आकार दे रही है। दूसरे भाग में, विभिन्न संस्थानों के संकाय सदस्यों द्वारा विभिन्न समूहों के शोध कार्य प्रस्तुत किए गए। सम्मेलन में लगभग 100 छात्रों ने पोस्टर के माध्यम से अपने काम को प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम में पूरे भारत से विभिन्न वक्ताओं और छात्रों ने भाग लिया। विभिन्न संस्थानों के छात्रों और संकाय के बीच मुक्त प्रवाह वाली चर्चाओं और बातचीत ने संभावित सहयोग को बढ़ावा दिया। कुल मिलाकर, यह सम्मेलन डीएफटी वैज्ञानिक समुदाय के बीच सीखने और विचारों के आदान-प्रदान के संदर्भ में एक बड़ी सफलता थी। इस कार्यक्रम में कई दिलचस्प सत्रों की श्रृंखला आयोजित की गई, जिनमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई, जिनमें पदार्थ विज्ञान के लिए मशीन लर्निंग, क्वांटम पदार्थों में टोपोलॉजी, विदेशी क्वांटम प्रभाव, स्पिन-ऑर्बिट से संबंधित घटनाएं, सामग्रियों में चुंबकत्व शामिल हैं। सम्मेलन का मुख्य आकर्षण विशेष व्याख्यान और प्रारंभिक स्कूल,कार्यशाला सत्र थे, जहां छात्रों को जटिल विधियों की मूलभूत अवधारणाओं से परिचित कराया गया। इन सत्रों में दिखाया गया कि विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए सामग्रियों के गुणों को समझने के लिए इन विधियों का उपयोग कैसे किया जा रहा है, जिससे प्रतिभागियों को DFT की पेचीदगियों को समझने का एक अनूठा अवसर मिला।

विषय विकारों का त्याग कर, मिथ्या पदार्थो के पीछे न भागने तथा निरंतर भक्ति से मिलते हैं भगवान : पंडित गोपाल स्वरुप

अर्थ प्रकाश /देशराज

बरठीं । विकास खंड घुमारवीं की ग्राम पंचायत कोटलु ब्राहमना के बरोट गांव मे श्री मद भागवत कथा का रसपान करवाते हुए पंडित गोपाल स्वरूप शास्त्री ने कहा कि मनुष्य को भागवत कथा का श्रवण एकाग्र चित होकर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीमित इछाएं रख कर मन को प्रसन रखें। दुनिया के मिथ्या पदार्थों के पीछे भागने के बजाय हरि शरणम के पीछे भागने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा, जमीन, जवानी और कुर्सी का मद कभी नहीं करना चाहिए। क्युकि यह शरीर नस्वर है। उन्होंने कहा कि विषयों का त्याग कर राम का जाप करना चाहिए क्युकि इस जीवन के बाद हरि नाम का स्मरण ही साथ जायेगा। उन्होंने अजामिल की कथा का बर्णन करते हुए कहा कि अजामिल चोर और पापी था लेकिन संतो के कहने से उसने अपने पुत्र का नाम नारायण रखा और अजामिल पुत्र का नाम नारायण नारायण जपते जपते परम धाम को प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि जिस कुल में पत्नी से पति और पति से पत्नी प्रसन्न रहते हैं, उसी कुल में सब सौभाग्य व ऐश्वर्य निवास करते हैं। जिस घर में कलह होता है, वहां दुर्भाग्य और दरिद्रता निवास करती है। पंडित ने कहा कि जिस घर में स्त्रियों सहित पुरुषों का आदर सम्मान होता है वहां दिव्य गुणों व दिव्य पुरुषों का निवास होता है। जिन घर में पुरुषों का सम्मान नहीं होता, वहां सभी क्रियाएं निष्फल हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि जिस घर में पुरुष दुखी रहते हैं, वह कुल नष्ट भ्रष्ट हो जाता है। जबकि जिन घरों में पुरुष आनंद व प्रसन्नता से रहते है, वह कुल निरतंर बढ़ता रहता है। इसलिए ऐश्वर्य की कामना करने वाली महिलाओं को चाहिए कि वे पुरुषों का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि वैदिक धर्म में स्त्री को पैर की जूती नहीं, बल्कि सिर की पगड़ी माना जाता है। नारी के इस गौरव व महत्व को मनु महाराज ने भी स्वीकार किया है लेकिन पुरुषों का सम्मान भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जितना पुन्य हरिद्वार, काशी वृंदावन जाकर मिलता है उतना पुन्य दो अक्षर के हरि नाम से मिल जाता है। कथा के आयोजक रामबख्श शर्मा, विद्यासागर शर्मा, सतीश व अनिल ने बताया कि 29 जुलाई को हवन यज्ञ व् भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

भाजपा का शासन बना भ्रष्टाचार की कुतुबमीनार : कुमारी सैलजा

आयुष्मान भारत योजना के तहत 88,760 मृतकों के नाम पर 2.14 लाख फर्जी दावे

गरीबों की मदद के नाम पर भ्रष्टाचार के महल खड़े करने वाली भाजपा सरकार मौन क्यों ?

अंबाला से शुरू होगी कांग्रेस संदेश यात्रा

कांग्रेस संदेश यात्रा एक बार फिर से शुरू हो रही है। 27 जुलाई को यह यात्रा अंबाला के अग्रसेन चौक से शुरू होगी। कुमारी सैलजा के नेतृत्व में 10 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अग्रसेन चौक के बाद डा.गुलाटी अस्पताल, एलआईसी बिल्डिंग, बस स्टेंड, खादी आश्रम, शुकुल कुंड चौक, गैंडामल धर्मशाला, अंबिका देवी मंदिर, पुराना सिविल अस्पताल चौक के समीप कार्यक्रम होंगे जबकि जगाधरी गेट पर जाकर इस पहले दिन की यात्रा का समापन होगा।

कांग्रेस संदेश यात्रा जन-जन तक पहुंचाएंगी राहुल गांधी का संदेश

कुमारी सैलजा ने बताया कि कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस संदेश यात्रा एक बार फिर से शुरू हो रही है। लोकसभा चुनाव से पहले यहां यात्रा हुई थी जिसके अभूतपूर्व परिणाम लोकसभा चुनाव में देखने को मिले, 27 जुलाई को यह यात्रा अंबाला से फिर से आरंभ होगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता चौधरी बीरेंद्र सिंह एवं कांग्रेस राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला के साथ मिलकर, हम लोग इस यात्रा के माध्यम से बीजेपी की झूठी नीतियों से लोगों को जागरूक कर, कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने के प्रण को पूर्ण करेंगे। यह यात्रा लोकसभा चुनाव की तरह ही हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत को सुनिश्चित करेगी, यह सिर्फ एक यात्रा नहीं है बल्कि एक जन आंदोलन है, जो हरियाणा में सत्य और न्याय की आवाज को बुलंद करेगा। हमारा लक्ष्य है कि हर व्यक्ति के दिल में बदलाव की अलख जगाई जाए और उन्हें इस बदलाव के लिए तैयार किया जाए।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा से लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा का शासन भ्रष्टाचार की कुतुबमीनार बन गया है, जहां हर मंजिल पर एक नया घोटाला होता है। गरीबों की मदद के नाम पर भ्रष्टाचार के महल खड़े करने वाली भाजपा सरकार के पीएम जय योजना में भ्रष्टाचार की एक और कहानी सामने आई है। संसद की लोकलेखा समिति की रिपोर्ट में उजागर हुआ है कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 88,760 मृतकों के नाम पर 2.14 लाख फर्जी दावे किए गए। आयुष्मान भारत योजना का उद्देश्य तो गरीबों और जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना था लेकिन भ्रष्टाचारियों ने आयुष्मान योजना को तिजोरी भरो योजना बना दिया है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि एक मरीज को एक समय में कई अस्पतालों में भर्ती होने से रोकने की कोई व्यवस्था नहीं थी, ऐसे में कोई भी मरीज एक समय में कई अस्पतालों में जाकर योजना का लाभ ले लेता था, ऐसे मामले कई राज्यों में उजागर हुए। कुछ ऐसे भी मरीज थे जिसकी मौत हो चुकी थी और वे इस योजना के कार्ड धारक थे, इलाज से जुड़े दावों का मृत्यु के बाद भुगतान किया, एक ही आधार कार्ड पर कई गई मरीजों का पंजीकरण हुआ।

प्रकृति के संतुलन के लिए प्रत्येक नागरिक करें पौधारोपण : अजय कुमार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

रोहतक। उपायुक्त अजय कुमार ने कहा है कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। उपायुक्त आज नेशनल सेंटर आफ एक्सीलेंस रोहतक द्वारा चीयर फॉर भारत अभियान के तहत राजीव गांधी खेल परिसर में पौधारोपण करने के बाद उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। अजय कुमार ने कहा कि पेड़-पौधे हमें न केवल छाया प्रदान करते हैं, बल्कि फल-फूलों की प्राप्ति भी हमें पेड़-पौधों से ही होती है। उन्होंने कहा आज के कार्यक्रम में युवा एथलीटों की भागीदारी देखकर उन्हें खुशी हो रही है। खेल भावना के साथ-साथ पर्यावरण की जिम्मेदारी भी अपने ऊपर लेकर खिलाडियों ने उदाहरण प्रस्तुत किया है। कार्यक्रम में नेशनल सेंटर आफ एक्सीलेंस के उपनिदेशक सचिन ने कहा कि आज का कार्यक्रम वास्तव में प्रेरणादायक है। हमारे चैंपियन बॉक्सर्स की सक्रिय भागीदारी ने हमारे पर्यावरण में लक्ष्य को साकार करने में मदद की है। खेलों में एकजुटता और समर्पण की भावना को उजागर किया है।

लघु उद्योग भारती बल्लभगढ़ इकाई, भारत विकास परिषद् ने चलाया पौधारोपण अभियान

अर्थ प्रकाश /दयाराम वशिष्ठ

फरीदाबाद। एक पेड़ मां के नाम, फरीदाबाद में अभियान जारी है। इसके तहत सेक्टर-59 गाँव जाजरू इंडस्ट्रियल एरिया शहीद सिंह पार्क में लघु उद्योग भारती बल्लभगढ़ इकाई , जिला लघु उद्योग भारती फरीदाबाद और भारत विकास परिषद् के सहयोग से एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राकेश त्यागी सह प्रान्त कार्यवाह , हरियाणा , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ,मनोज रूंगटा हरियाणा प्रान्त महासचिव और योगेश कुमार बंसल डायरेक्टर -जीएमटी इंडस्ट्रीज लिमिटिड उपस्थित रहे। इस अवसर पर अरुण बजाज राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य , लघु उद्योग भारती एवं हरियाणा सह प्रभारी, लघु उद्योग भारती बल्लभगड़ इकाई के प्रेसिडेंट अशोक चौधरी ,महासचिव श्रीकांत दमानी, गुलशन सिंघल लूब उपाध्यक्ष बल्लभगड़ ,कोषाध्यक्ष मनोज बंसल,जिला लघु उद्योग भारती फरीदाबाद से महासचिव अमृतपाल सिंह कोचर ,गाँव जाजरू से मुख्य रूप से हरीराम डागर सहित सभी का पहुँचने पर लघु उद्योग भारती बल्लभगड़ इकाई ने स्वागत किया। कार्यक्रम में पहुंचे राकेश त्यागी सह प्रान्त कार्यवाह , हरियाणा ,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, और योगेश कुमार बंसल डायरेक्टर -जीएमटी इंडस्ट्रीज लिमिटिड का शॉल ओढ़ाकर व प्लांटर देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राकेश त्यागी सह प्रान्त कार्यवाह ,हरियाणा ,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने सम्बोधन में कहा कि विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा सृष्टि, प्रकृति और पर्यावरण व जीवों को जीने के लिए जिस हवा,पानी,खाद्य पदार्थों की जरूरत होती है,वो सिर्फ पेड़ पौधों की देन है। उन्होंने कहा की वृक्षों के बिना सृष्टि और किसी जीव की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा की विशेष अवसरों पर पौधारोपण अभियान समय समय पर चलाना चाहिए और पौधों की देखभाल भी करनी चाहिए। उन्होंने कहा की जिस तरह से यहां आज सभी बिरादरी के लोग बिना जाति के अभियान पौधारोपण के लिए पहुंचे है वैसे ही जब देश की बात हो तो हम सबको अपनी जाति को छोड़कर देश की बात करनी चाहियें। उन्होंने आज के इस एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम के लिए लघु उद्योग भारती बल्लभगड़ इकाई , जिला लघु उद्योग भारती फरीदाबाद और भारत विकास परिषद् बधाई दी।

योगेश कुमार बंसल डायरेक्टर - जीएमटी इंडस्ट्रीज लिमिटिड ने कहा की प्राकृतिक ने हमें जीवन निर्वहन के लिए अनेक सुंदर उपहार दिए हैं उनमें से प्रकृति द्वारा दिया गया पेड़-पौधा अनमोल उपहार है. इसलिए इसका संरक्षण करना हम सभी का दायित्व बनता है।

लघु उद्योग भारती बल्लभगड़ इकाई के प्रेसिडेंट अशोक चौधरी ने कहा की आज के इस पर्यावरण सुधार के अभियान के अंतर्गत आज पीपल ,नीम के सबसे ज्यादा पेड़ लगाए गए है। इसके आलावा कुछ पेड़ फलों के भी लगायें गए है। आज जो पेड़ लगाए गए है उनकी देखभाल तो हम करेंगे ही इसके साथ ही लघु उद्योग भारती इस पार्ककी देखभाल के लिए माली रखने की व्यवस्था भी जल्द की जाएगी। और आने वाले दिनों में ऐसे अभियान चलते रहेंगे।

अरुण बजाज राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य ,लघु उद्योग भारती एवं हरियाणा सह प्रभारी ने कहा की सराहनीय प्रयासों के लिए बधाई दी और कहा कि इस तरह के अभियानों से न केवल पर्यावरण में सुधार होता है बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी मजबूत होती है। इस समय मानसून चल रहा है ऐसे में सभी फरीदाबाद अपने परिवार के साथ एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे ,फरीदाबाद स्वच्छ होगा और पर्यावरण में सुधार के साथ ही शहर खूबसूरत बनेगा।

पाइट में पहुंचे बिग बॉस फेम अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर नीरज गोयत, छात्र-छात्राओं को किया प्रेरित

अर्थ प्रकाश /मनदीप कुमार

समालखा। जिंदगी में अगर सफल होना है, कोई मुकाम हासिल करना है तो खुद को पूरी तरह से झोंक दो। देसी अंदाज में उन्होंने कहा कि ड्राइवर बन जाओ और मेहनत का पंजा लक्ष्य रूपी एक्सीलेटर पर दबा दो। आपको कोई रोक नहीं सकता उपरोक्त कथन छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए बिग बॉस फेम एवं अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर नीरज गोयत ने कही। नीरज यहां पाइट कॉलेज में बीबीए के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित क्षितिज समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। नीरज गोयत से एक छात्र ने पूछा कि आपका आइडल कौन है और उसका आपके जीवन पर क्या असर है, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि वह माइक टायसन को बचपन से ही पसंद करते हैं। बॉक्सिंग करते थे तो रात को सपने भी माइक टायसन के ही आते थे। आप अपने आइडल के लिए पूरी तरह से पागल हो जाओ। उसके जैसा बनने के लिए दिन-रात एक कर दो। भगवान भी आपको अपने आइडल से मिलवाने के लिए मजबूर हो जाएंगे। उनके साथ यही हुआ भी है।

शेरपुर नायक गुरप्रीत सिंह का पार्थिव शरीर पंहुचा पैतृक गांव

राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार

अर्थ प्रकाश /सचिन मलिक

मुलाना। अम्बाला जिले के निवासी गांव शेरपुर नायक गुरप्रीत सिंह का राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। गांव शेरपुर में भारतीय सेना की 146 एलटी एएडी एसपी रेजिमेंट के जवानों ने हथियार उल्टे करके, मातमी धुन बजाकर व हवा में गोलियां दागकर शहीद को सलामी दी। इस दौरान एसडीएम अश्वनी मलिक, डीएसपी सुरेश कुमार, कैप्टन ए के सारण जिला सैनिक बोर्ड अम्बाला व कैप्टन मोहित कुमार व अन्य ने पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र भेंट कर श्रद्धांजली दी।

बराड़ा के एसडीएम अश्वनी मलिक ने सेना के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार बताया कि शहीद गुरप्रीत सिंह लेह लद्दाख में 04 लद्दाख स्काउट्स यूनिट में डयूटी पर तैनात थे। ड्यूटी के दौरान गश्त करते हुए पैर फिसलने से बर्फीले पानी मे गिरने से उसकी मृत्यु हो गई थी। उन्होंने बताया कि गत 04 जुलाई को शहीद गुरप्रीत सिंह घर पर छुट्टी काटने के बाद डयूटी पर गए थे। यहां बता दें कि नायक शहीद गुरप्रीत सिंह के पिता दलीप सिंह भी सेना से रिटायर हैं और उनसे ही प्रेरित होकर गुरप्रीत सिंह ने सेना में भर्ती हुए थे। परिजनों के अनुसार गुरप्रीत सिंह वर्ष 2014 में पंजाब रेजिमेंट में बतौर सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे और गुरप्रीत सिंह अभी हाल में 4 लद्दाख स्काउट में पोस्टिड था। स्वर्गीय नायक गुरप्रीत सिंह अपने पीछे अपने पिता दलीप सिंह, माता दवेंद्र कौर, पत्नी हरलीन कौर, बड़ा लड़का चार साल का सहजवीर व छोटा लकड़ा एक साल का तेजवीर सिंह के साथ-साथ एक बहन मनप्रीत कौर को छोड गया है जिनकी शादी हो चुकी है। अंतिम संस्कार में गांववासियों के साथ-साथ विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

मोटे अनाज की जागरुकता पर त्रिदिवसीय कार्यशाला का समापन

बराड़ा (जयबीर राणा थंबड)। महर्षि मारकंडेस्वर डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के विभाग द्वारा आयोजित मिलेटस की जागरूकता पर त्रिदिवसीय कार्यशाला का आज समापन हुआ। इस कार्यक्रम में मिलेटस के महत्व, इसके फायदे और उपयोग पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला की तीसरे दिन की मुख्य अतिथि डॉ पूनम खन्ना, एसोसिएट प्रोफेसर, पोषण विभाग सामुदायिक चिकित्सा एवं स्कूल आफ़ पब्लिक हेल्थ पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़ , भारत और सेलिब्रिटी शेफ गुंजन, वाइस प्रेसिडेंट, स्लो फूड, चेफ अलायंस इंडिया ने अपने विचार साँझा किए और मिलेटस के महत्व पर प्रकाश डाला। शेफ गुंजन ने कहा, 'मिलेटस हमारे देश की पारम्परिक फ़सल है और इसके कई स्वास्थ लाभ है। हमे इसके महत्व को समझना चाहिए और इसका उपयोग अपने दैनिक जीवन मे करना चाहिए।' कार्यशाला के दौरान, प्रतिभागियों ने मिलेटस से बने विभिन्न व्यंजनों को तैयार करने का अवसर और मिलेटस के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला के समापन पर कार्यक्रम के सह-समनवयक डॉ शिव कुमार तथा डॉ हिमाली लखेरा ने प्रतिभागियों के धैर्य की सराहना की और सबका आभार किया। कार्यशाला के समापन पर, होटल मैनेजमेंट विभाग के प्रमुख डॉ रेखा कौशिक जी ने विभाग के सभी सहयोगियों तथा प्रतिभागी का धन्यवाद आभार व्यक्त किया और कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य मोटे अनाज की जागरूकता बढ़ाना और इसके महत्व को समझाना है ।

मंडल कार्यशाला में राजेश नागर ने दिए जीत के मंत्र

फरीदाबाद (अप्रस)। प्रवासी मंडल कार्यशाला बल्लभगढ़ का आयोजन सेक्टर दो कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के कार्यालय पर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि बल्लभगढ़ प्रवास के प्रभारी राजेश नागर विधायक तिगांव पहुंचे। उन्होंने शक्ति केंद्र प्रमुखों को भाजपा की जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में ही केवल कार्यकर्ताओं का सम्मान होता है। यही एक पार्टी है जिसमें एक सामान्य कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष और देश का प्रधानमंत्री भी बन सकता है। भारतीय जनता पार्टी में विचार ही सिद्धांत हैं। हमारे लिए पूर्व में नेतृत्व प्रदान करके गए व्यक्तियों के विचार मार्गदर्शन करते हैं। भारतीय जनता पार्टी में सभी लोग एक परिवार के रूप में काम करते हैं। उन्होंने सभी से कहा कि अब विधानसभा चुनाव में समय नहीं रह गया है। सब मिलकर उसी तरह तीसरी बार हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने की दिशा में कार्य करें जैसे देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया है। नागर ने मंडल अध्यक्षों से आगामी चुनाव को लेकर की जा रही तैयारी की जानकारी ली। सेक्टर दो पहुंचने पर विधायक राजेश नागर का कैबिनेट मंत्री के बड़े भाई टिपरचंद शर्मा ने गुलदस्ता और शॉल भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर बल्लभगढ़ विधानसभा के तीन मंडल अध्यक्ष कैलाश वशिष्ठ, अनुराग गर्ग और गजेंद्र वैष्णव मौजूद रहे। इस अवसर पर बल्लभगढ़ विधानसभा के मंडल प्रवासी रवि सोनी अरुण द्विवेदी और संदीप शर्मा भी मौजूद रहे।

100 फीसदी तक छात्रवृत्तियां उपलब्ध, कक्षा 7 से 9 में शीर्ष 100 छात्रों और कक्षा 11-12 में शीर्ष 50 छात्रों के लिए नकद पुरस्कार

अर्थ प्रकाश /सुकरमपाल

रोहतक। अपनी प्रमुख छात्रवृत्ति परीक्षा एवे के गौरवशाली 15 वर्षों को पूरा करते हुए, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने गर्व से बहुप्रतीक्षित आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एथे) 2024 के लांच की घोषणा की है। एथे लोकप्रिय और सबसे अधिक मांग वाली परीक्षा है, जो मातवीं-बारहवीं कक्षा के छात्रों को महत्वपूर्ण नकद पुरस्कारों के साथ 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति अर्जित करने का मौका देती है, जिससे उन्हें चिकित्सा या इंजीनियरिंग में एक सफल करियर के अपने सपनों को हासिल करने में मदद मिलती है।

योग्य स्टूडेंट्स को वित्तीय सहायता प्रदान करने, उनकी क्षमता और उनकी क्षमताओं के बीच अंतर को पाटने में मदद करने की अपनी विरासत को जारी रखना। इस वर्ष, इसे विशेष और रोमांचक बनाने के लिए इसमें पांच उत्कृष्ट छात्रों के लिए फ्लोरिडा, यूएसए में कैनेडी स्पेस सेंटर की पांच दिवसीय पूर्ण खर्च भुगतान यात्रा शामिल की गई है। फ्लोरिडा में स्थित जॉन एफ कैनेडी स्पेस सेंटर, संयुक्त राज्य अमेरिका में नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के दस फील्ड सेंटरों में से एक है। सीईनो और एमडी दीपक मेहरोत्रा ने कहा आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एथे) ने अनगिनत छात्रों की आकांक्षाओं और क्षमताओं के बीच अंतर को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एथे के इन 15 वर्षों का जश्न मनाते हुए, हमने अपने पाठ्यक्रमों को पूरे देश में योग्य छात्रों के लिए सुलभ बनाने का काम किया है, चाहे उनका स्थान कोई भी हो। एथे छात्रों को, चाहे वे कहीं भी हों, अपनी गति से नीट और आईआईटी-जेईई परीक्षाओं की तैयारी करने में सक्षम बनाता है। हम ऐथे 2024 में मजबूत भागीदारी की आशा करते हैं और छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन करने के लिए समर्पित हैं। इस बार एथे अपने 15वें सफल वर्ष का जश्न मना रहा है, और इसके पास श्रेष्ठ उपलब्धियों का एक शानदार रिकॉर्ड है। इन वर्षों में, एथे के कई छात्रों ने नीट यूजी और जेईई एडवांस्ड जैसी प्रतिष्ठात्मक परीक्षाओं में शीर्ष स्थान हासिल किए हैं।

10 हरियाणा बटालियन ने किया वीर नारियों को सम्मानित

अर्थ प्रकाश/अर्पित वधवा

कुरुक्षेत्र। विजय दिवस पर 10 हरियाणा बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ए एस काहलों ने वीर नारियों की सम्मानित किया। कौलापुर की रहने वाली पार्वती देवी कारगिल में शहीद हुए सैनिक संजीव कुमार की माता है और तलहेड़ी की सिमरनजीत कौर कारगिल में शहीद हुए सैनिक जसविंदर सिंह की धर्मपत्नी है। मिनी सेक्रेट्रिएट कुरुक्षेत्र में हुए कार्यक्रम में वीर नारियों को सम्मानित करते हुए कर्नल काहलों ने कहा कि कारगिल युद्ध बहुत ही विपरीत परिस्थितियों में लड़ा गया था, परंतु फिर भी भारत के रणबाँकुरों ने देश के दुश्मनों को वहाँ से मार भगाया था। उन्होंने कहा कि जितना सहयोग सैनिकों का युद्ध लड़ने में होता है उतना ही संघर्ष उनके परिवारों को भी करना पड़ता है।

इसलिए परिवारों को याद रखना भी आवश्यक है। उन्होंने इस अवसर पर वीर नारियों के योगदान की सराहना की। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एन सी सी के कैडेट भी उपस्थित रहे। उन्होंने शहीदों को सलामी दी। इस अवसर पर 10 हरियाणा बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल नीतीश कुमार भी उपस्थित रहे।

नये राशन डिपो के लिये आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ, 8 अगस्त तक करें आवेदनः उपायुक्त

सोनीपत (अप्रस)। उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने बताया कि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हरियाणा द्वारा नये राशन डिपो के लाइसेंस जारी किये जाने हैं जिसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इच्छुक व्यक्ति अंत्योदय सरल पोर्टल के माध्यम से नये राशन डिपो के लिये 8 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकता है।

उन्होंने बताया कि नये राशन डिपो का लाइसेंस लेने के लिए संबंधित वार्ड या गांव का कोई भी आवेदक जिसकी आयु 21 वर्ष से 45 वर्ष तक है तथा आवेदक की शैक्षणिक योग्यता कम से कम 12 वीं पास होने के साथ-साथ कम्प्यूटर का ज्ञान होना अनिवार्य है, आवेदन कर सकता है। उन्होंने बताया कि उचित मूल्य की सरकारी दुकान का लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया, सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के तहत तय की गयी समयावधि जो कि 30 दिन है, के तहत ही पूर्ण की जायेगी जिसके लिये खाद्य एवं आपूर्ति नियन्त्रक को निर्देश पूर्व में जारी किये हुए हैं। उन्होंने बताया कि आवेदनकर्ता नये राशन डिपो के लिये आवेदन अंत्योदय सरल पोर्टल पर दिखाये गये रिक्त स्थान के लिये आवेदन 8 अगस्त, 2024 सायं 05:00 बजे तक भर सकता है।

इंडियन टेलीकॉम सर्विस के अधिकारियों ने किया श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का भ्रमण

अर्थ प्रकाश /दयाराम वशिष्ठ

पलवल। इंडियन टेलीकॉम सर्विस के अधिकारियों ने शुक्रवार को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। उन्होंने कौशल विकास के लिए उच्च शिक्षा के मॉडल का अध्ययन किया। आईटीएस अधिकारियों ने इनोवेटिव स्किल स्कूल और विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का भी अवलोकन किया। हरियाणा इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के तत्वावधान में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के तक्षशिला भवन में इंडियन टेलीकॉम सर्विस के अधिकारियों का स्वागत किया गया। अधिकारियों के दल के साथ कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा और अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर आर एस राठौ? ने भी विविध आयामों पर मंत्रणा की। आईटीएस के अधिकारियों को संबोधित करते हुए शिक्षा शास्त्र के अधिष्ठाता प्रोफेसर ऋषिपाल ने कहा कि देश के विकास में कौशल की सबसे बड़ी भूमिका है। उन्होंने टेलीकॉम अधिकारियों को स्किलिंग, री स्किलिंग और अप स्किलिंग की अवधारणा से अवगत करवाया। प्रोफेसर ऋषिपाल ने तकनीक में आ रहे बदलावों और इंटेलिजेंस के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

डिप्टी डायरेक्टर डॉ. वैशाली माहेश्वरी ने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के मॉडल पर प्रभावी प्रस्तुति दी। उन्होंने कौशल शिक्षा की दोहरी प्रणाली और ऑन द जॉब ट्रेनिंग के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. वैशाली माहेश्वरी ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय स्किल एजुकेशन का एक यूनिक मॉडल है।

इस अवसर पर सहायक उप निदेशक विनोद, हिपा की फैकल्टी ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर सुनैना, भारद्वाज, गरिमा गोयल, वर्तिका कुशवाहा, विष्णु प्रिया, विशाल शाह, नेहा भारती और कोसे सुभा साई सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

वेदांता ग्रुप 100 आंगनबाड़ी केन्द्रों को करेगा नंद घरों में अपग्रेड

अर्थ प्रकाश संवाददाता

सोनीपत। उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने बताया कि जिला के लिए बहुत ही खुशी की बात है कि वेदांता ग्रुप की परोपकारी शाखा अनिल अग्रवाल फाउंडेशन ने शुक्रवार को जिला प्रशासन के साथ जिला के 100 आंगनवाड़ी केन्द्रों को नंद घरों में अपग्रेड करने के लिए ओएमयू हस्ताक्षर किया।

इस दौरान फाउंडेशन से ध्रुव मुखर्जी ने उपायुक्त से मिलकर यह ओएमयू हस्ताक्षर किया है, जिसपर उपायुक्त ने वेंदाता ग्रुप का धन्यवाद किया। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी और पीओ आईसीडीएस प्रवीण कुमारी भी मौजूद रही। उपायुक्त ने बताया कि नंद घर वेदांता और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के बीच एक सहयोगी परियोजना है। इस परियोजना का उद्देश्य पूरे भारत में महिलाओं के लिए ऑनलाइन शिक्षा, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, पोषण संबंधी आवश्यकताएं और आर्थिक रूप से कौशल प्रशिक्षण प्रदान करके आंगनवाड़ी केंद्रों में महिलाओं के जीवन को बदलना है। उन्होंने बताया कि नंद घर परियोजना एकीकृत बाल विकास योजना (आईसीडीएस) के तहत कार्यरत आंगनवाड़ियों का आधुनिकीकरण करती है, इसमें बुनियादी ढांचे में सुधार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गांव हसनपुर में स्थित नंद घर हरियाणा का एकमात्र नंद घर है।

व्रत के पालन करने से देव पद मिलता है व व्रत न रहने से नरक की प्राप्ति होती है: आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज

प्रातः कालीन श्री जी के अभिषेक एवं शांतिधारा के उपरान्त श्री 1008 आदिनाथ भगवान की स्तुति एवं महिमा के द्वारा भक्तामर हीलिंग प्राणी प्रशिक्षण में सैकड़ों की संख्या में लोग भाग ले रहे है और अपनी सोच को नकारात्मक से सकारात्मक करके अपने जीवन का वा घर परिवार, दुकान, ऑफिस आदि क्षेत्रों में विकास कर रहे है। इसके पश्चात धर्मसभा को संबोधित करते हुए परम पूज्य आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज ने कहा कि व्रतों के पालन करने से देव पद मिलता है और अव्रतों रहने से नरक की प्राप्ति होती है।

किसी ने कहा इस पंचम काल में मोझ नहीं है तो साधना करने का क्या फायदा है। अभी सीजन नहीं चल रहा है मार्केट ठंडा है तो इसलिए दुकान नहीं लेना चाहिए जब सीजन चले तब दुकान लेना चाहिए, प्यारे बंधुओं जब सीजन चलेगा तब दुकान भी नहीं मिलेगी और माल भी नहीं मिलेगा। सीजन चले या न चले फिर भी दुकान तो खोलना पड़ती है इसी प्रकार मोक्ष जाने के लिए अभी पंचम काल है पंचम काल में मोक्ष तो होता नहीं है अभी क्या फायदा है इसीलिए बढ़िया खाओं पीओ और मस्त रहो। किसी प्रकार से पूजा पाठ करने की आवश्यकता नहीं है जब चौथे काल में जन्म होगा तब कर लेंगे।

मार्केट में दुकान खोलकर बौना पड़ता है कोई सीजन का इंतजार करेगा और फिर दुकान की चिंता करेगा तो फिर उसको दुकान मिलने वाली नहीं है कोई दूसरा ले लेगा ऐसे ही इस पंचम काल में कदाचित जो कुछ साधना करते रहते है अभी उनको मोक्ष मिले या न मिले लेकिन भविष्य में मोक्ष मार्ग पर चलने वाला मोक्षमार्गी बनकर मोक्ष प्राप्त कर लेगा। तो अभी क्या फायदा है फायदा यह है कि अभी अव्रती रहेंगे तो कहा जाओंगे नरक में जाओंगे और व्रतों का पालन करोंगे तो कहा जाओंगे स्वर्ग में जाओंगे तोनकर जाना अच्छा है क्या स्वर्ग जाना स्वर्ग जाना अच्छा है।

हम सब अच्छे स्थान पर रहना चाहते है अच्छे स्थान पर रहकर परिणाम भी अच्छे रहते है नरकों भगवान का ध्यान होगा क्या, आत्मा का ध्यान होगा क्या वहां तो मारों काटो जैसे परिणाम रहेंगे। और अब काम गरबड़ हो जाएंगे। और जिन्होंने व्रतों का पालन किया, भगवान की भक्ति आराधना की है वह आराधना के फल से अभी मोक्ष नहीं जाएंगे यह बात सही है लेकिन वे इस आराधना के फल से जब भी क्योंकि इस पंचमकाल में अभी मोक्ष नहीं वे इस आराधना के फल से आने वाले समय में माक्ष जाएंगे। क्यों के फल से आने वाले समय में मोक्ष जाएंगे। क्योंकि जो भगवान की आराधना करते, पूजा, पाठ करना व्रतों का पालन करता,सम्यग्दृष्टि है वह स्वर्ग जाता है। इसलिए अपने जीवन में व्रत आचरण नियम संयम अवश्य करना चाहिए। रास्ते में चल रहे है और थकान होने से हम धूप में खड़े होते है या छाया में? छाया में। ऐसे ही यह पंचमकाल है अब हमें स्वर्ग या नरक कहा जाना है यह हमें ही तय करना है व्रतों को संयम का धारण कर हम स्वर्ग जाएंगे और परम्परा से मोक्ष जाएंगे इसके अभाव में नरक कहा जाना है यह हमें ही तय करना है। व्रतों को संयम का धारन कर हम स्वर्ग जाएंगे और परम्परा से मोक्ष जाएंगे इसके अभाव में नकर्र। यह जानकारी संघस्थ बाल ब्र. गुंजा दीदी ने दी।

महत्वाकांक्षा का पहाड़ हमें एक ऐसी दुनिया बनाने की ओर धकेलता हुआ: मुनिश्री विनय कुमार जी

चंडीगढ़। जब आपका मन काम में नहीं लगता तो आप क्या करते हैं! दूसरों से बात करने की कोशिश करते हैं। कहीं बाहर निकलते हैं, किसी से मिलने की कोशिश करते हैं। किसी तरह व्यस्त रहना चाहते हैं। मुश्किल तब शुरू होती है, जब इनमें से कोई विकल्प न बचे। आपके लिए बात करना बेहद जरूरी हो जाए तो क्या करेंगे. जिंदगी जब ऐसी जगह लाकर खड़ा कर दे, जहां बात करने के लिए कुछ न हो तो जो कुछ हम चुनेंगे, वह हमारी कल्पना से भी विचित्र, लेकिन सत्य होगा। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर-24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार में कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा ऐसा सत्य जिसे सुनकर हमारे रोंगटे खड़े हो सकते हैं। डरकर, उदास होकर हमारी आंखें नम हो सकती हैं. जिंदगी की ओर इस तरह से मुड़ रही सड़क में अकेलेपन के रुखे, बेजार अकेलेपन के मोड़ आने आरंभ हो गए हैं. हमारी निजी चाहतें, दूसरों के प्रति प्रेम में कमी, महत्वाकांक्षा का पहाड़ हमें एक ऐसी दुनिया बनाने की ओर धकेल रहा है, जहां हमारा मनुष्यता से संपर्क हर दिन कम हो रहा है। हमारे पास दूसरों के लिए समय ही नहीं है। यहां ध्यान दीजिएगा कि 'दूसरे' की परिभाषा में आपका परिवार, भाई-बहन, रिश्तेदार और मित्र, पड़ोसी शामिल हैं. जो असल में कभी 'आपमें' ही गिने जाते थे. वह हमसे बिछुड़ गए, क्योंकि हमने अपनी गति कुछ ज्यादा तेज कर दी. इससे हम अक्सर उस मोड़ से आगे निकल जाते हैं, जहां हमको ठहरकर रुकना था। स्नेह, प्रेम, आत्मीयता के स्नेहन (लुब्रिकेशन) के लिए। संभव है, आप सेरेफ कैन की बात को बहुत संजीदगी से न लें। आपको उन्हें दी गई सजा भी सही लगने की संभावना है. इसलिए मेरा अनुरोध है कि अपने आसपास, समाज में आ रहे परिवर्तन पर गहरी नजर रखिए। हम जिस तेजी से 'बुजुर्गों को डंप' करने की ओर बढ़ रहे हैं. उन्हें अनाथालय, आश्रम भेजने की तैयारी कर रहे हैं। हमारे यहां भी सेरेफ कैन जैसे मामले सामने आने में बहुत समय नहीं बचा है अक्सर यह होता है कि हम पर्यावरण की बात में जंगल, नदी, पेड़ों की बात तो करते हैं, लेकिन हमारी नजर से छोटे नन्हे पौधे, छोटी नदी, तालाब छूट जाते हैं। ठीक यही बात जिंदगी पर भी लागू होती है। हमारे और हमारे अपनों के आसपास छोटी-छोटी भूमिकाओं वाले लोग भी होते हैं। ठीक वैसे ही जैसे एक फिल्म में हीरो के साथ छोटे-छोटे साइड हीरो होते हैं. वह ठीक उस वक्त नायक के साथ होते हैं जब उसे जरूरत होती है। हमारे आस-पास भी कितने ही ऐसे लोग होते हैं, जो अपनी छोटी-छोटी भूमिकाएं समय-समय पर निभाते रहते हैं। एक बार स्कूल के दिनों में पारिवारिक शुभचिंतक ने सलाह दी कि केवल स्कूली पाठ्यक्रम पर ध्यान दो, बाकी पढ़ाई-लिखाई का जीवन में कोई अर्थ नहीं है। इसकी वजह एकदम साफ थी, स्कूल में मेरे नंबर अच्छे नहीं आ रहे थे। उस समय ऐसी सलाह मेरे लिए बहुत सामान्य बात थी। लेकिन एक शिक्षिका मिलीं, जिन्होंने समझाया, जिस तरफ तुम जा रहे हो, असल में उसी में कुछ नया है। आज इतने बरस बाद सोचता हूं कि अगर उन्होंने यह विश्वास न दिया होता तो क्या होता।

दूसरे की गलती पर स्वयं को दंड देना क्रोध कहलाता है: डॉ. श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। नेपाल केसरी मानव मिलन के संस्थापक राष्ट्र संत डॉ. श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज ने कहा कि दूसरे की गलती पर स्वयं को दंड देना क्रोध कहलाता है। जिसकी शुरुआत मूर्खता से होती है और पश्चाताप पर समाप्ति होती है। हमें किसी भी स्थिति में खुद पर काबू रखना चाहिए और क्रोध नहीं करना चाहिए। क्योंकि क्रोध किसी भी समस्या का हल नहीं है। डॉ श्री मणिभद्र जी महाराज सोनीपत के सेक्टर 15 स्थित जैन स्थानक मे चातुर्मास के दौरान भक्तजनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा जिस तरह से एक छोटा सा अग्नि का कण पूरे जंगल को समाप्त कर देता है, इस तरह से थोड़ा सा क्रोध हमारे पूरे जीवन की आराधना को मिटा देता है। क्रोध का परिणाम कभी भी सकारात्मक या अच्छा नहीं आता। उन्होंने कहा कि यह शोध का विषय है की 9 घंटे मेहनत करने में जितनी उर्जा की समाप्ती होती है उतनी ही 15 मिनट के क्रोध में भी उतनी ही उर्जा समाप्त होती है। उन्होंने कहा कि जैसी हमारी दृष्टि होगी वैसी ही हमें सृष्टि दिखाई देगी। हममे हर परकार की स्थिति को स्वीकार करने की ईछा होनी चाहिए। दूसरे को देखकर हमें अपनी कमियो या नकरात्मकता को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। इस सृष्टि में सभी के पास कोई ना कोई काबिलियत और प्रतिभा अवश्य होती है। हमें उसे ही पहचाना है और आगे बढ़ना है।

उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक व्यक्ति परेशान है और स्वयं की इस समस्याओं में घिरा हुआ है। परंतु क्रोध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। इस अवसर पर महासाध्वी डॉ श्री सृजना जी महाराज ने कहा कि क्रोध के समय हमारा व्यक्तित्व और हमारी भाषा बिगड़ जाती है। क्रोध से हमारे परिवार में कलह का कारण क्रोध है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कौवा हंस बनना चाहता है, और हंस तोता बनना चाहता है, परंतु तोता मोर बनना चाहता है और मोर कौवा बनना चाहता है। इस तरह से हम अपनी काबिलियत को छोड़कर दूसरे की काबिलियत को अपनाना चाहते हैं परंतु परम पिता परमेश्वर ने सभी में एक खास काबिलियत दी है। हमें इसी काबिलियत पर रहकर अपने आप को निखारना और आगे बढ़ना है। हम केवल अपनी स्थिति पर ही खुश रह सकते हैं दूसरे की काबिलियत पर हमें कभी शांति और प्रसन्नता नहीं मिल सकती। कार्यक्रम में मंडी के महामंत्री त्रिलोकचंद जैन, शहर के मंत्री सुशील जैन, महावीर जैन, मामन जैन, विकास जैन, जगरोशन जैन, कुसुम जैन, अंजू जैन, राजेंद्र वर्मा सहित सैकड़ो भक्तजन मौजूद थे।

इंसान बनकर जिएं और इंसानियत का प्रसार करते चले जाएं

सदगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

सच्चे मायनों में धर्म वहाँ अपनाया गया है, जहाँ धर्म की परिभाषा को जानकर इस परमात्मा, निराकार, अकालपुरख के साथ इस रमे हुए राम को जानकर इसके साथ नाता जोड़कर जीवन जिया जा रहा है। फिर वह चाहे पंजाब में हो, हरियाणा में हो, कहीं भी हो। हमें हर जगह ऐसी खुशी, ऐसा आनन्द देखने को मिलता है। जहाँ भी आप सत्य को सुदृढ़ करने के लिए एकत्रित हुए हैं कि हमने अंधकार फैलाने का कार्य नहीं करना बल्कि रोशनी फैलाने का कार्य करना है। हमने संसार में इन्सानियत को पेश करना है, इन्सानियत को मजबूत करना है। हमने दानवता को बढ़ावा नहीं देना। हमने संसार में फूल बिखेरने हैं, कांटों में इजाफा नहीं करना है। सत्य को मजबूत करने के लिए ही यहाँ आप सभी एकत्रित हुए हं और यही प्रार्थनाएं भी कर रहे हैं कि दातार ऐसी कृपा करे कि हम सही मायनों में कार्य कर पायें। हम खुद इन्सान बनकर ही जियें और इसी इन्सानियत का हम स्थान-स्थान पर प्रसार करते चले जाएं क्योंकि अगर इन्सानियत स्थापित होगी तो वास्तव में इस संसार को हम बढ़ता फूलता देख सकते हैं। आज तरक्कियों के कारण हम एक आधुनिक रुप इस युग को दे रहे हैं। बड़ी-बड़ी बिल्डिंगे तो बन रही हैं ऊँची से ऊँची बन रही हैं, आराम के सामान बढ़ रहे हैं। बिल्डिंग की ऊँचाईयाँ तो बढ़ रही हैं, बाकी चीजें भी बढ़ रही हैं लेकिन अगर हमारी सोच, हमारी प्रवृत्ति नीची हो तो उसको हम तरक्की और सच्ची आधुनिकता का नाम नहीं दे सकते। वास्तविक आधुनिकता तो तभी होगी जब हम सचमुच एक सही इन्सान बनकर जियेंगे। दूसरों के भले के लिए हम प्रार्थनाएं करें, दसूरों को सुन्दर देन दें। अगर हम सोचें कि हम कहीं कुछ गिरा देंगे तो हम बड़े हो जायेंगे तो गिराने वाले बड़े नहीं हआ करते हैं। एक निर्मित को ध्वंस करके अगर हम कहे कि यह आधुनिकता है तो फिर यह हिटलर जैसी आधुनिकता होगी।

पंचांग

शनिवार, 27 जुलाई, 2024, सूर्योदयः 05:40 ए एम, सूर्यास्तः 07:15 पी एम, चन्द्रोदयः 11:18 पी एम, चन्द्रास्तः 11:47 ए एम, शक सम्वतः 1946 क्रोधी, विक्रम सम्वतः 2081 पिङ्गल, गुजराती सम्वतः 2080 राक्षस, अमान्त महीनाः आषाढ़, पूर्णिमान्त महीनाः श्रावण, वारः शनिवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः सप्तमी - 09:19 पी एम तक, नक्षत्रः रेवती - 01:00 पी एम तक, योगः धृति - 10:44 पी एम तक, करणः विष्टि - 10:22 ए एम तक, द्वितीय करणः बव - 09:19 पी एम तक, सूर्य राशिः कर्क, चन्द्र राशिः मीन - 01:00 पी एम तक, राहुकालः 09:04 ए एम से 10:46 ए एम, गुलिक कालः 05:40 ए एम से 07:22 ए एम, यमगण्डः 02:09 पी एम से 03:51 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 12:00 पी एम से 12:55 पी एम, दुर्मुहूर्तः 05:40 ए एम से 06:34 ए एम, दुर्मुहूर्तः 06:34 ए एम से 07:29 ए एम, अमृत कालः 10:45 ए एम से 12:15 पी एम, अमृत कालः 04:57 ए एम, जुलाई 28 से 06:28 ए एम, जुलाई 28

भविष्य फल

मेषः नौकरी वालों को अधिकारियों से सहयोग मिलेगा। आज बहुत सारा काम करना पड़ सकता है, लेकिन कामकाज से घबराएं नहीं।

वृषः आज के दिन आप काफी सामर्थ्य दिखाएंगे और अपने कामों को पूरे जोश के साथ हल करेंगे। दोस्तों के साथ तालमेल बढ़िया होगा और उनके साथ पुरानी यादें ताजा करेंगे।

मिथुनः पढ़ाई-लिखाई में मन नहीं लगेगा। आर्थिक रूप से आप समृद्ध रहेंगे और नवीन सौदे भी प्रगति करेंगे।

कर्कः दोहरे विचारों को लेकर काम में मन नहीं लगेगा। खास मामलों में फैसले करना कठिन होगा। विवाद में पड़ने से बचें।

सिंहः आज के दिन मन में खुशी का भाव होगा। अपने दोस्तों के साथ मौज मस्ती करेंगे। काम को लेकर स्थिति अच्छी होंगी।

कन्याः आज किसी खास मित्र के जीवन में आ जाने से आपके जीवन की खुशियां दोगुनी हो जाएंगी। आसपास या साथ के किसी इंसान को गलतफहमी भी हो सकती है।

तुलाः रुका हुआ पैसा वापस आ सकता है। कोई नई जिम्मेदारी भी मिल सकती है। सीनियर्स से सपोर्ट मिलेगा।

वृश्चिकः आज किसी बात को लेकर हीन भावना मन में आ सकती है, जो आपको थोड़ा परेशान करेगी और इससे बनते हुए काम बिगड़ सकते हैं, इसलिए ज्यादा विचार ना करें और खुद को अकेला ना छोड़े।

धनुः अपने प्रेमी व प्रेमिका के साथ प्यार भरे लम्हे बिताएंगे। आज शेयर मार्केट में निवेश ना करें। रिश्तेदारों के साथ विवाद हो सकता है।

मकरः आज के दिन आपको निचले वर्ग के लोगों से मदद और फायदा मिल सकता है। बिजनेस में नई योजनाएं सामने आ सकती हैं।

कुंभः आज का दिन आपके मन में नई ताजगी लेकर आएगा। अपनी संतान से जुड़ी कोई अच्छी खबर आपके मन में हर्ष की भावना भर देगी।

मीनः जीवनसाथी के साथ थोड़ी अनबन होने से आपकी मानसिक चिंता बढ़ सकती है। आपका अच्छा व्यवहार आपको दूसरों को प्रभावित करने में सहायता करेगा।

एजीएम विरेन्द्र कादियान व भाजपा नेता पुनीत राई ने की अभियान की शुरूआत

पर्यावरण सरंक्षण का एक वृक्ष मां के नाम अभियान में पौधारोपण कर दिया संदेश

एजीएम विरेन्द्र कादियान व भाजपा नेता पुनीत राई पौधारोपण करते हुए साथ में अन्य अधिकारीगण

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

राई। राई औद्योगिक क्षेत्र में एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत शुक्रवार को भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई ने क्षेत्र में पौधारोपण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें एचएसआईआईडीसी के एजीएम विरेन्द्र कादियान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इसके अलावा एक्सईन रोबिन भाटला, एसडीओ ओमप्रकाश, जेई नवीन चौहान आदि ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर अभियान की शुरूआत की। एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत 101 पौधे लगाए और उनकी देखरेख की जिम्मेदारी उठाई गई। एचएसआईआईडीसी के एजीएम विरेन्द्र कादियान ने कहा कि अगर इस धरती पर मानव को रहना है, तो इसके साथ प्रकृति की संतुलित संरचना को बनाये रखने के लिए पेड़-पौधों का भी होना जरूरी है। बढ़ती आबादी एवं घटते पेड़ से ऑक्सीजन की घट रही मात्रा एवं प्रदूषण के बढ़ रहे खतरे से कई खतरनाक बीमारियां फैल रही है। इससे बचाव के लिए हमें पौधारोपण करना जरूरी है। निगम पार्षद पुनीत राई ने कहा कि पेड़-पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण जरूरी है। बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई से पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। लोग अपने स्वार्थ के लिए पेड़ों को काट रहे है।

पर्यावरण हरा-भरा रहेगा, तभी जीवन भी सुरक्षित रहेगा। हम सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरत और हरा-भरा बनाए रखने के लिए कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। साथ ही पुनीत राई ने अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस मौके पर निगम पार्षद सुरेंद्र मदान, पवन दुग्गल, राकेश कौशिक, प्रवेश शर्मा, राकेश त्यागी, सौरभ त्यागी, नरेश पांचाल, लवकुश यादव, ठेकेदार पंकज, मोहित, विपुल आदि मौजूद थे।

मेयर निखिल मदान ने वार्ड 14 की विभिन्न कालोनियों का किया दौरा

उत्तम नगर में 1 करोड़ 36 लाख से पक्की होंगी डेढ़ दर्जन गलियां

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। मेयर निखिल मदान ने अपने जनसम्पर्क अभियान को तेजी देते हुए शुक्रवार को वार्ड 14 का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने वार्ड वासियों को 1 करोड़ 36 लाख रूपये के विकास कार्यों की सौगात दी। मेयर निखिल मदान ने उत्तम नगर में डेढ़ दर्जन गलियों को इंटरलॉकिंग टाइल्स से पक्का करने के कार्य का नारियल तोड़कर शुभारम्भ किया इस अवसर पर क्षेत्र के सभी बड़े बुजुर्ग और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मेयर निखिल मदान ने बताया की उत्तम नगर का काफी क्षेत्र हाल ही में नगर निगम द्वारा वैध घोषित किया गया है ,इसके साथ ही वैध घोषित हुई अन्य कालोनियों में भी विकास कार्य शुरू किये जा रहे है । इसके उपरांत मेयर निखिल मदान बाबा कालोनी में पहुंचे और लम्बे समय से चल रही जलभराव की समस्या का निरीक्षण किया। मेयर ने बताया कि कल से ही मौके पर नगर निगम द्वारा पंप सेट लगाकर बाबा कॉलोनी की सीवरेज लाइन को खाली किया जा रहा है , पानी को रेलवे लाइन के उस पार तक पाइप जोड़कर राजीव नगर की सीवर लाइन में डाला जा रहा है ,उन्हें उम्मीद है कि इस प्रक्रिया से क्षेत्रवासियों को जरूर राहत मिलेगी। इससे बाबा कॉलोनी और मोहन नगर के खाली प्लॉट में जमा हुआ पानी दूर होगा। इस दौरान उन्होंने कालोनियों में लोगों की जन समस्याएं भी सुनी।

निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के शेड्यूल में किया बदलाव: उपायुक्त

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 01 जुलाई 2024 को आधार तिथि मानकर जिला में चलाए जा रहे मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के शेड्यूल में बदलाव करने के निर्देश जारी किए हैं। भारत निर्वाचन द्वारा जारी निर्देशानुसार सभी बीएलओ अपने बीएलओ एप के माध्यम से 24 जुलाई की बजाय 01 अगस्त तक तक डोर-टू-डोर सर्वे करेंगे।

उन्होंने बताया 01 अगस्त तक चलने वाले बीएलओ सर्वे के पश्चात 02 अगस्त को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक जुलाई 2024 को आधार तिथि मानकर 02 अगस्त, 2024 से 16 अगस्त 2024 तक तक दावें तथा आपत्तियां प्राप्त की जाएगी। इसी अवधि में 03 व 04 अगस्त 2024 तथा 10 व 11 अगस्त 2024 को विशेष अभियान तिथियां निर्धारित की गई है। इन विशेष तिथियों में सभी बूथ लेवल अधिकारी(बीएलओ) अपने-अपने मतदान केंद्रों पर सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक उपस्थित रहकर फार्म प्राप्त करेंगे। उसके पश्चात 26 अगस्त तक दावों एवं आपत्तियों का निपटान करने उपरांत 27 अगस्त 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

ऑनलाइन कस्टमर केयर नम्बर सर्च करते समय रहें सवधान: जशनदीप सिंह रंधावा

गुगल पर फोन नम्बर सर्च करने की बजाए कम्पनी या संस्था की वेबसाईट पर सर्च करें ।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कुरुक्षेत्र। पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा एडवाइजरी हुए कहा कि आज की डिजिटल दुनिया में कम्पयुटर व मोबाईल के प्रयोग से कार्य करनें में तीव्रता आई है। तकनीक के युग में घर बैठकर कार्य करने की सुविधा व अन्य सुविधाएं मिली हैं परन्तु इस तकनीक फायदा उठाकर कुछ साईबर ठग साईबर क्राईम को अंजाम देते हैं। साईबर धोखाधडी से बचने के लिए खुद को जागरुक रखें क्योंकि साईबर ठगों बचने के लिए जागरुकता ही एक मात्र उपाय है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऑनलाइन एप (गुगल पे, फोन पे, पेटीएम) आदि इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतें क्योंकि पैसे का लेन-देन करते समय धोखाधडी हो सकती है। साईबर ठग आपको फोन करके कहते हैं कि उसने आपको गुगल-पे या फोन-पे पर पैसा ट्रांसफर कर दिया है। जब आप एप को ओपन करके देखते हैं तो उसमें पैसे एक्सैपट से सम्बन्धित लिंक होता है जिस पर आप क्लिक करके अपना पिन डालते हैं जिससे आपके खाते से पैसे कट जाते हैं। इस प्रकार के किसी भी लिंक पर क्लिक ना करें ना ही किसी व्यक्ति के द्वारा कहने पर किसी भी प्रकार की रिमोटली एप (एनी डेस्क, टीम व्युवर) इन्सटाल करें।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साईबर ठग अलग-अलग तरीके अपनाकर लोगों के साथ धोखाधडी करते हैं। जब भी आप किसी संस्था या कम्पनी का नम्बर सीधा गुगल पर जाकर सर्च करते हैं और वहां मौजूद मोबाईल नम्बर पर आप कॉल करते हैं जो किसी साईबर ठग का हो सकता है। जब आप उस नम्बर पर बात करते हैं तो और वह आपके साथ आपके फायदे की बात करेंगें और आपकी सहायता के लिए आपको भरोसा भी दिलवायेंगें। वो आपको बातों में उलझाकर आपसे ठगी करते हैं इसलिए सीधा गुगल पर सर्च करने की बजाए कम्पनी या संस्था की वेबसाईट पर जाकर ही फोन नम्बर प्राप्त कर बातचीत करें। इसके अलावा अगर कोई भी व्यक्ति आपको फोन के द्वारा आपके फायदे के लिए बात करता है तो इस प्रकार के व्यक्ति से सावधान होकर बात करें।

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत सोनीपत से 47 श्रद्धालु अयोध्या राम मंदिर दर्शन के लिए होंगे रवाना

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक मोहनलाल बड़ौली प्रातः 11 बजे हरी झण्डी दिखाकर बस अड्डे से श्रद्धालुओं की बस को करेंगे रवाना

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हरियाणा सरकार द्वारा वातानुकूलित वोल्वो बस का किया गया है प्रबंध

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत जिला के 47 श्रद्धालु अयोध्या स्थित राम मंदिर दर्शन के लिए 27 जुलाई शनिवार को सुबह 11 बजे रवाना होंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राई से विधायक मोहनलाल बड़ौली सोनीपत स्थित बस अड्डे से श्रद्धालुओं की बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्रद्धालुओं को निःशुल्क हरियाणा सरकार द्वारा अयोध्या राम मंदिर के दर्शन करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुविधा व गर्मी के मौसम को देखते हुए हरियाणा सरकार द्वारा वातानुकूलित वोल्वो बस का प्रबंध किया गया है। उन्होंने बताया की यात्रा में सिर्फ वही यात्री जाएंगे जिन्होंने सरल हरियाणा पोर्टल पर आवेदन किया है। अयोध्या जाने वाले सभी 47 तीर्थ यात्रियों को जिला प्रशासन द्वारा सूचित कर दिया गया है व उनके लिए रास्ते में ठहरने व खाना सहित सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आवेदन करने वाले व्यक्ति के परिवार की आय एक लाख 80 हजार से ज्यादा न हो। आवेदक की आयु 60 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। आवेदक हरियाणा का निवासी हो और उसके पास परिवार पहचान पत्र हो। इसके लिए उसे सरल हरियाणा पोर्टल पर आवेदन करना होता है।

पेरिस ओलंपिक में भारत से 115 खिलाड़ियों में से 25 हरियाणा के

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी खिलाड़ियों को दी बधाई

दो प्रतिशत जनसंख्या वाले प्रदेश से 22 प्रतिशत खिलाड़ी जाना गर्व की बात

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 26 जुलाई। विश्व में खेलों का महाकुंभ कहे जाने वाले ओलंपिक 2024 खेलों की शुरुआत शुक्रवार से पेरिस में हो चुकी है, जिसमें कुल 115 खिलाड़ी भारत देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन 115 खिलाड़ियों में से 25 खिलाड़ी केवल हरियाणा से हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश व देश के अन्य खिलाड़ियों को ओलंपिक में जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की कामना की है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी खिलाड़ी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करेंगे और भारत देश का मान सम्मान विश्व में बढ़ाएंगे।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि 2 प्रतिशत जनसंख्या वाले हरियाणा से 22 प्रतिशत खिलाड़ियों का चयन पूरे हरियाणा राज्य के लिए बहुत गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार और यहां के लोग इस बात को समझते हैं कि इस स्तर की प्रतियोगिता तक पहुंचने के लिए किस तरह की लगन, मेहनत और दृढ़ता की जरूरत होती है। हम ओलंपिक जैसे प्रतिष्ठित आयोजनों की तैयारी करते समय खिलाड़ियों के सामने आने वाली शारीरिक और मानसिक चुनौतियों से वाकिफ हैं। इसलिए हमारी सरकार निरंतर विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से खिलाड़ियों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 6 करोड़ रुपये, रजत पदक विजेता को 4 करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेता को 2.5 करोड़ रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाती है। इतना ही नहीं, राज्य सरकार सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को भी 15 लाख रुपये की राशि देती है।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने व्यापक समीक्षा बैठक का किया आयोजन

चंडीगढ़ (आर्स)। उपायुक्त और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डी.डी.एम.ए.) के अध्यक्ष ने 25 जुलाई को डीसी कार्यालय, सेक्टर 17, चंडीगढ़ में एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें महापौर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक, मुख्य अभियंता, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त और चंडीगढ़ पुलिस, नगर निगम, होमगार्ड, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, अग्निशमन और बचाव सेवाएं, वित्त विभाग और इंजीनियरिंग विभाग जैसे विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों सहित प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया। बैठक में यूटी चंडीगढ़ की आपदा प्रबंधन योजना के महत्वपूर्ण अपडेट पर ध्यान केंद्रित किया गया। मुख्य चर्चाओं में शामिल थे, आपदा प्रबंधन योजना में अपडेट संभावित आपदाओं को संबोधित करने में योजना को मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए समीक्षा और आवश्यक संशोधन। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल का गठन, राज्य की आपदा प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एक समर्पित बल बनाने की दिशा में कदम। आपदा मित्र स्वयंसेवकों की तैनाती, आपातकालीन स्थितियों के दौरान त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए मॉक ड्रिल और तत्काल प्रतिक्रिया गतिविधियों में प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की भागीदारी की योजना बनाना।

डीसी ने डिफॉल्टर आर्म्स लाइसेंसधारकों पर की कार्रवाई

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

चंडीगढ़, 26 जुलाई। चंडीगढ़ के उप आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने आर्म्स एक्ट, 1959 और उसके तहत बनाए गए नियमों के तहत चंडीगढ़ में जारी किए गए आर्म्स लाइसेंसों की समीक्षा की। डिप्टी कमिश्नर ऑफिस की आर्म्स ब्रांच से मिली जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ के अधिकार क्षेत्र में अब तक 6100 से अधिक आर्म्स लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं।

डिप्टी कमिश्नर ने हथियार लाइसेंस की अवधि समाप्त होने से पहले उसे रिन्यू करवाने में होने वाली देरी के संबंध में समीक्षा की। शस्त्र नियम, 2016 के नियम 24 के अनुसार शस्त्र लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए आवेदन लाइसेंस की समाप्ति से कम से कम 60 दिन पहले किया जाना चाहिए तथा शस्त्र अधिनियम, 1959 की धारा 21 (1) के अनुसार कोई भी लाइसेंसधारी लाइसेंस की समाप्ति अवधि के दौरान कोई भी शस्त्र नहीं रख सकता है तथा लाइसेंसधारी को ऐसे लाइसेंसधारी शस्त्र को तुरन्त नजदीकी पुलिस थाने या लाइसेंसधारी शस्त्र विक्रेता के पास जमा कराना अनिवार्य है।

उपायुक्त ने बताया कि शस्त्र लाइसेंसों की समीक्षा करने पर पाया गया है कि लगभग 2500 लाइसेंसधारियों ने शस्त्र लाइसेंस की समाप्ति के बाद भी शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं करवाया है। उपायुक्त के निर्देश पर शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण समय पर न करवाने पर शस्त्र लाइसेंस रद्द करने के नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नोटिस जारी कर दोषी शस्त्र लाइसेंसधारियों को निर्देश दिया जा रहा है कि वे नोटिस जारी होने के 15 दिनों के भीतर लाइसेंसी शस्त्रों को नजदीकी पुलिस स्टेशन या लाइसेंसी शस्त्र विक्रेता के पास जमा कराएं तथा यह भी बताएं कि शस्त्र अधिनियम और नियमों के उल्लंघन के लिए शस्त्र लाइसेंस को रद्द या निरस्त क्यों न किया जाए।

बताया गया कि 700 ऐसे नोटिस पहले ही जारी किए जा चुके हैं तथा शेष नोटिस अगले दो सप्ताह में जारी कर दिए जाएंगे। विनय प्रताप सिंह ने कहा कि शस्त्र अधिनियम और नियमों के किसी भी उल्लंघन के प्रति शून्य सहनशीलता बरती जाएगी तथा दोषी शस्त्र लाइसेंसधारियों के शस्त्र लाइसेंस को निलंबित, निरस्त या निरस्त किया जाएगा तथा ऐसे चूककर्ताओं के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा भी चलाया जाएगा। शस्त्र अधिनियम, 1959 के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार यदि कोई शस्त्र लाइसेंसधारी समाप्ति अवधि के दौरान शस्त्र लाइसेंस को नजदीकी पुलिस स्टेशन या लाइसेंसी शस्त्र विक्रेता के पास जमा कराने में विफल रहता है तो न्यायालय द्वारा जुर्माना लगाने के साथ-साथ दो वर्ष से अधिक और पांच वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है।

'सरकार में उभरती हुई प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग' पर कार्यशाला शुरू

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

चंडीगढ़, 26 जुलाई। वाधवानी फाउंडेशन समूह, एक प्रमुख गैर-लाभकारी संगठन, ने हाल ही में उभरती हुई प्रौद्योगिकियों पर एक व्यापक कार्यशाला आयोजित की, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल) और डीप लर्निंग (डीएल) पर ध्यान केंद्रित किया गया। श्री प्रकाश कुमार, सीईओ (डब्ल्यूजीडीटी), सेवानिवृत्त आईएएस के दूरदर्शी नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य इन क्षेत्रों में नवीनतम रुझानों और नवाचारों पर चर्चा करना था।

इस कार्यशाला में प्रशासक के सलाहकार राजीव वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। श्री वर्मा ने सार्वजनिक प्रशासन को बदलने और सरकारी सेवाओं की दक्षता और प्रभावशीलता में सुधार करने में उभरती हुई प्रौद्योगिकियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने तेजी से हो रही तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए निरंतर सीखने और अनुकूलन के महत्व पर प्रकाश डाला। चंडीगढ़ के सेक्टर 10 स्थित होटल माउंटव्यू में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन कल होगा। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को विभिन्न उद्योगों और समग्र रूप से समाज पर इन प्रौद्योगिकियों के संभावित अनुप्रयोगों और प्रभाव के बारे में शिक्षित और प्रेरित करना था।

प्रतिभागियों ने संवादात्मक सत्रों, व्यावहारिक अभ्यासों और नेटवर्किंग अवसरों में भाग लिया, जिससे उन्हें बहुमूल्य ज्ञान और विशेषज्ञता प्राप्त हुई। इस कार्यक्रम में व्यवसाय की सफलता और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने के महत्व पर जोर दिया गया।

यह पहल चंडीगढ़ प्रशासन की शासन को बेहतर बनाने और नागरिकों को बेहतर सेवाएँ देने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का लाभ उठाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

कार्यशाला के दौरान डीजीपी/यूटी चंडीगढ़, सुरेन्द्र सिंह यादव ,विनय प्रताप, डिप्टी कमिश्नर, अजय चगती (सचिव कार्मिक) सुश्री हरगुनजीत कौर (वित्त सचिव) , अभिजीत विजय चौधरी (सचिव शिक्षा), हरि कल्क्किट, सचिव, जनसंपर्क और चंडीगढ़ प्रशासन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे ।

आज निकलेगी श्री जगन्नाथ रथयात्रा

चंडीगढ़ (अप्रस)। गांव धनास के श्री विश्वकर्मा मंदिर से लेकर सनातन धर्म मंदिर मिल्क कालोनी धनास तक 27 जुलाई को शाम 5 बजे श्री जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। समस्त धनास मंदिर कमेटी इसकी आयोजक है, जिसने सभी लोगों से इस मौके पर शामिल होने का आग्रह किया है।

अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)